सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-360 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 11 जून 2024
04 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में पत्थरबाजी और आगजनी

**आक्रोश**

- **उग्र प्रदर्शनकारियों ने 200 से अधिक वाहनों को फूंका**



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में उग्र प्रदर्शनकारियों ने सोमवार शाम को जमकर पथराव किया और कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने 200 से अधिक दोपहिया, 50 चारपहिया वाहनों को भी जला दिया। पुलिस ने इस मामले में अब तक 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

बिगड़े हालात पर काबू पाने के लिए रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला समेत अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया है। इससे पहले दिन में उग्र प्रदर्शनकारियों (हजारों सतनामी समाज के लोग) ने यहां के कलेक्टर ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की। डीएम ऑफिस में आगजनी करने के बाद सतनामी समाज के प्रदर्शनकारियों ने जिला पंचायत भवन और तहसील ऑफिस को भी आग के हवाले कर दिया। जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस के साथ मारपीट भी की। इस मारपीट में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस हिंसक प्रदर्शन के पीछे कारण बताया जा रहा है कि 15 मई की देर रात सतनामी समाज के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब पांच किमी मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिन्ह जैतखाम को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# एनडीए सरकार में विभागों का बंटवारा

## मोदी कैबिनेट में शाह, राजनाथ, गडकरी के मंत्रालय रिपीट

**कार्यभार**

- **जयशंकर विदेश मंत्री, शिवराज को कृषि और मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग मिला**
- **जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मिला**




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार के मंत्रियों को विभागों (मंत्रालयों) का आवंटन कर दिया है।

अमित शाह को केंद्र सरकार में फिर से गृह एवं सहकारिता मंत्री बनाया गया है, वहीं राजनाथ सिंह को भी दोबारा से रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। नितिन गडकरी को भी उनके पुराने मंत्रालय में ही बरकरार रखते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री बनाया गया है। एस. जयशंकर को भी फिर से विदेश मंत्री और निर्मला सीतारमण को वित्त और कॉर्पोरेट मंत्री बनाया गया है। सरकार के ज्यादातर मंत्रियों के पुराने विभागों को ही बरकरार रखा गया है। सरकार के अन्य मंत्रियों की बात करें तो भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक, शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं. अश्विनी वैष्णव को रेलवे एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ ही ऊर्जा मंत्रालय की भी जिम्मेदारी दी गई है. एचडी. कुमारस्वामी को स्टील और भारी उद्योग, पीयूष गोयल को वाणिज्य और उद्योग, धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा, जीतन राम मांझी को सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, सर्बानंद सोनोवाल को पत्तन, परिवहन और जलमार्ग, वीरेंद्र कुमार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता, राममोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, प्रल्हाद जोशी को उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, जुएल ओराम को आदिवासी मामले, गिरिराज सिंह को कपड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

### राज्य मंत्रियों के कार्यभार की सूची

- **बीएल वर्मा-** राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (राज्यसभा), **जयंत चौधरी-** स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, **पकंज चौधरी-** राज्य मंत्री, वित्त मंत्रालय
- **जितिन प्रसाद-** राज्य मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, **एसपी सिंह बघेल-** राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, संचार मंत्रालय आगरा, **कीर्तिवर्धन सिंह-** राज्य मंत्री पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, **कमलेश पासवान-** राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, **अनुप्रिया पटेल-** राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

# एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए सही राह पर है यूपी: मुख्यमंत्री योगी

**बैठक**

- **25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है जीडीपी**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए सही राह पर है और इसकी रफ्तार दोगुना करनी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा, ''एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए प्रत्येक विभाग का लक्ष्य पहले से ही निर्धारित है और नियोजन विभाग द्वारा विभागीय मंत्री के साथ मासिक रूप से प्रगति की समीक्षा की जानी चाहिए।'

सोमवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए जारी प्रयासों और परिणामों की समीक्षा की। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्री मौजूद थे। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और परामर्शदात्री एजेंसी 'डेलॉइट इंडिया' ने राज्य के आर्थिक माहौल की वर्तमान स्थिति और संभावित भविष्य के परिणामों, उद्योग की अपेक्षाओं आदि के बारे में क्षेत्रवार विस्तृत जानकारी दी। सभी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी जीवन को आसान बनाने और अधिकतम रोजगार सृजन की दिशा में विशेष प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि देश और दुनिया की सर्वोत्तम प्रथाओं को देखा जाना चाहिए, उनका अध्ययन किया जाना चाहिए और आवश्यकतानुसार उनका क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों के योजनाबद्ध प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वर्ष 2021-22 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 16.45 लाख करोड़ था जो 2023-24 में बढ़कर 25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। उप्र राष्ट्रीय आय में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का इंजन बन रहा है।

### राजनाथ-शाह और गडकरी से की मुलाकात

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है। सीएम योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया।

## मुख्यमंत्री की अग्रिम सुरक्षा टीम पर हमला

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के काफिले पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। हालांकि, काफिले में मुख्यमंत्री शामिल नहीं थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अग्रिम सुरक्षा टीम पर घात लगाकर किए गए हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गया है। घटना सोमवार की सुबह की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को संकटग्रस्त जिरीबाम जिले का दौरा करने वाले थे। घटना के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो और असम राइफल्स ने एक संयुक्त टीम बनाई है और अपराधियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## किसानों के लिए मोदी 3.0 सरकार का पहला फैसला

# किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

**9.3 करोड़ किसानों को होगा फायदा**



**नई दिल्ली।** मोदी 3.0 सरकार का पहला फैसला देश के करोड़ों किसानों को ध्यान में रखकर लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद पीएम किसान सम्मान विधि की 17वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। इस दौरान पीएम ने कहा कि हम किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि क्षेत्र के लिए और काम करते रहेंगे. इससे पहले पीएम किसान योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों को फरवरी महीने की 28 तारीख को 16वीं किस्त के पैसे बैंक खातों में भेजे गए थे केंद्र सरकार देश के किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना चला रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत 24 फरवरी, 2019 को हुई थी। इस योजना के तहत, किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनवाए जाएंगे। नए घर में टॉयलेट, बिजली, पानी और एलपीजी कनेक्शन होंगे। पीएमएवाई के अंतर्गत पिछले 10 वर्षों में गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ मकान बनाए गए हैं. केंद्र सरकार पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ मकान निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए 2015-16 से पीएमएवाई का क्रियान्वयन कर रही है।

# सोनिया के साथ राहुल और प्रियंका आज रायबरेली में

**समारोह**

- **जनता को बड़ी जीत के लिए कहेंगे धन्यवाद**



**रायबरेली।** कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली की सीटों पर जीत दर्ज की है। अमेठी से केएल शर्मा ने स्मृति ईरानी को हराया है। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा से करीब चार लाख वोटों से जीते हैं। इन दोनों क्षेत्रों में मिली जीत के लिए आभार प्रकट करने के लिए 11 जून को पूरा गांधी परिवार रायबरेली में होगा।

11 जून को रायबरेली में कार्यकर्ता आभार समारोह गांधी परिवार शामिल होगा। पहले यह समारोह फुरसतगंज में होना था, लेकिन अब इसका आयोजन गांधी परिवार के घर भुएमऊ गेस्ट हाउस में होगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। गेस्ट हाउस में कांग्रेस की अहम बैठक होगी, जिसमें कार्यकर्ताओं का सबसे पहले आभार जताया जाएगा। रायबरेली में जिस तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत में अहम भूमिका निभाई है, उस पर सोमवार को अमेठी सांसद केएल शर्मा ने भी आभार जताया। कम समय में कार्यकर्ताओं ने एक बड़े मिशन को पूरा करने में पूरी ताकत लगा दी थी। भुएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार समारोह में राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी, रायबरेली से नवर्निवाचित सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा एवं सांसद अमेठी केएल शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## एक साल से शांति की राह देख रहा मणिपुर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को मणिपुर को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर एक वर्ष से शांति की राह देख रहा है। प्राथमिकता से उस पर विचार करना होगा। पिछले साल तीन मई को मैतई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में कुकी समुदाय ने आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया था। जिसके बाद भड़की जातीय हिंसा में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव सहमति बनाने की प्रक्रिया है। संसद में किसी भी सवाल के दोनों पहलू सामने आए, इसीलिए ऐसी व्यवस्था है। चुनाव प्रचार में एक-दूसरे को लताड़ना, तकनीक का दुरुपयोग, झूठ प्रसारित करना ठीक नहीं है। विरोधी की जगह प्रतिपक्ष कहना चाहिए। चुनाव के आवेश से मुक्त होकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर विचार करना होगा।

**ताजपोशी** राज्यपाल ने आठ मंत्रियों के साथ दिलाई शपथ

# सिक्किम के फिर से सीएम बने प्रेम तमांग

**चुनाव**

- **एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर दर्ज की थी जीत**
- **राजनीति में आने से पहले सरकारी शिक्षक थे तमांग**




**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तमांग के साथ आठ नव-निर्वाचित विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इस वर्ष अप्रैल के महीने में सिक्किम में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और 2 जून को नतीजे आए। एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है। इस बार विधानसभा चुनाव में तमांग ने जिन दो सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा, वहां उन्हें जीत हासिल हुई। सोरेंग-चाकुंग और रेनॉक सीटों पर जीत दर्ज कर तमांग ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ है। प्रेम सिंह तमांग का जन्म 5 फरवरी 1968 को पश्चिम सिक्किम के सिंगिलंग बस्ती में हुआ था। उनके पिता का नाम कालू सिंह तमांग और मां का नाम धन माया तमांग है। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद तमांग ने 1988 में दार्जिलिंग गवर्नमेंट कॉलेज से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राजनीति में आने से पहले तमांग सरकारी शिक्षक थे। हालांकि, शिक्षक की नौकरी के बदले उनकी सामाजिक कार्यों में अधिक रूचि रही। इसी वजह से वे बाद में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) की राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने शुरू कर दिया और पार्टी के सदस्य बन गए। इसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और एसडीएफ के स्थाई सदस्य बन गए।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रेम सिंह तमांग को दोबारा सिक्किम का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'सिक्किम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रेम सिंह तमांग के सफल कार्यकाल की कामना करता हूं और सिक्किम की प्रगति के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।'


CITY MONTESSORI SCHOOL
CMS CITY MONTESSORI SCHOOL
62 CMS students triumph in JEE Advanced 2024



1 Shreyansh AIR 1103
2 Shreya AIR 1124
3 Tanishq Sonkar AIR 1627
4 Aaditya Saxena AIR 2041
5 Gaurav Verma AIR 2371
6 Mohd. Anas Ali AIR 2497
7 Swapnil Singh AIR 2718
8 Anikesh Agarwal AIR 2932
9 Madhuram AIR 3101
10 Kinjal Singh AIR 3287
11 Shivesh Pandey AIR 3302
12 Adesh Vikram AIR 3540
13 Raman Vatsal AIR 3569
14 Pushkar Awasthi AIR 4018
15 Yasharth Sengar AIR 4115
16 Umang Verma AIR 4220
17 Pranam Goel AIR 4364
18 Amogh Anant AIR 4618
19 Shashank AIR 4811
20 Sukrit AIR 5379
21 Paarth Agrawal AIR 5412
22 Prakriti Singh AIR 5487
23 Vaibhava Verma AIR 5806
24 Krishna AIR 6253
25 Anant Tripathi AIR 6289
26 Akshita Singh AIR 6630
27 Anushree Verma AIR 7019
28 Tanmay Singh AIR 7029
29 Gaurav Gupta AIR 7319
30 Sarthak Kumar AIR 7336
31 Arnav Tripathi AIR 7371
32 Daksh Gogna AIR 7544
33 Aashi Srivastava AIR 8330

HIGHLIGHTS
UNDER All India Rank 2000 — 3
UNDER All India Rank 3000 — 8
UNDER All India Rank 4000 — 16
UNDER All India Rank 5000 — 19
UNDER All India Rank 9000 — 33
TOTAL CMS STUDENTS QUALIFIED — 62

Scan for details

29 CMS students have ranks between 9,000 and 25,798.
CMS imparts **free extra classes, guidance and counselling support** to students for various competitive exams.

www.cmseducation.org

# समाजवादी छात्र सभा ने ज्ञापन के माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की सीबीआई जांचकर कार्रवाई की मांग

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रवीन यादव के नेतृत्व में छात्र सभा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अतिरिक्त को सौंपकर नीट यूजी परीक्षा परिणाम की सीबीआई जांच की मांग की प्रवीन यादव ने कहा की लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट ड्ढयूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए आखिर क्या छिपाना चाहती थी? मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच घोर संदेह की स्थिति है। नीट यूजी के परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़िया सामने आई थी, इससे यह स्पष्ट हो गया है की राट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए



आवश्यक तैयारी नहीं की थी। जहां तमाम अभ्यर्थियों के एक समान अंक हैं तो वहीं एक ही परीक्षा केंद्र के कई अभ्यर्थियों के एक समान अंक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी नेट परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे।

अतः समाजवादी छात्र सभा इस ज्ञापन के माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की सीबीआई जांचकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ नीट परीक्षा पुनः आयोजित कराने की मांग करती है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रशांत लाला, सुधाकर लाला, जिला महासचिव संजय वर्मा, चांद बाबू, आफाक गाज़ी, मुनीश राज, अभिषेक चौरसिया, अमित यादव, रावेंद्र सिंह, लवप्रीत सिंह, अनुज कश्यप, सरताज अली, आकाश यादव, ललित वर्मा,शुभम यादव, अनुज गुप्ता, अक्षय कश्यप समेत तमाम छात्र व युवा मौजूद रहे।

## खेत के चारों ओर लगे कंटीले तार में फंसकर तेंदुए के शावक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** गोला वन रेंज अंतर्गत पुनर्भू ग्रंट में खेत के चारों ओर लगे कंटीले तार में फंसकर तेंदुए के शावक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावक को कंटीले तार से निकाला। शावक की उम्र 9 से 10 महीने की बताई जा रही है। डीएफओ ने बताया कि शावक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा जानकारी के मुताबिक पुनर्भू ग्रंट गांव के निकट किसान बाल गोविंद वर्मा का खेत है, जिसमें गन्ने की फसल है। उन्होंने खेत के चारों तरफ कंटीले तार लगा रखे हैं। तेंदुए का शावक कंटीले तार में बुरी तरह फंसकर घायल हो गया सोमवार सुबह जब ग्रामीण खेत पर गए तो उन्होंने शावक को तार में फंसा देखा वह बुरी तरह घायल हो चुका था ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावक को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# तेलियार गांव के एक ही परिवार के पांच सदस्य घाघरा नदी में डूब गए चार की मौत एक की हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र के तेलियार में एक ही परिवार के पांच सदस्य घाघरा नदी में डूब गए। इनमें 12 साल के बालक समेत चार की मौत हो गई। जबकि 12 वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक गांव बोकरिहा निवासी पच्चो देवी (50 वर्ष), टिया (17 वर्ष) पुत्री सुबोध, कान्हा (12 वर्ष) पुत्र निर्मल, नैनी पुत्री निर्मल, सत्यम (26 वर्ष) पुत्र मित्तल अपनी रिश्तेदारी में तेलियार आए थे यहां ये सभी सोमवार सुबह घाघरा नदी में नहाने गए थे बताते हैं कि नदी में नहाते समय मोबाइल से रील भी बनाई इसी दौरान गहरे पानी में कान्हा डूबने लगा तो उसे बचाने के चक्कर में सभी डूब गए चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग जुटे। उन्होंने कड़ी मशक्कत कर सभी को बाहर निकाला। आनन-फानन सभी को रमियाबेहढ सीएचसी लाया गया, जहां पच्चो देवी, टिया, कान्हा और सत्यम को मृत घोषित कर दिया गया नैनी को जिला अस्पताल भेजा गया है उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। उधर, रमियाबेहढ सीएचसी में मृतकों के परिजन व रिश्तेदार भी पहुंच गए शवों को देखकर चीख-पुकार मच गई चीत्कार से सीएचसी की दीवारें थर्रा उठीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजने की कार्रवाई शुरू की बताया जा रहा है कि ये सभी लोग नाव से घाघरा नदी के पार गए थे उस पार ही नहाए थे रील बनाने के बाद दोबारा नहाने के दौरान हादसा हो गया एक को बचाने के चक्कर में तीन और जानें चली गई दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक छा गया बड़ी संख्या में लोग रमियाबेहढ सीएचसी पहुंच गए।

## वांछित अभियुक्त वारिस गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 214/2024 धारा 2(ख)(17)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त वारिस पुत्र इस्माइल निवासी पठाननपुरवा थाना पढुआ जिला खीरी को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित ग्राम तेलियार के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त वारिस उपरोक्त से बरामद तमंचा/कारतूस के आधार पर थाना पढुआ पर मु0अ0सं0 226/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## 85 सोशल आडिट टीमों का गठन किया

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार जनपद के समस्त विकासखण्डों हेतु विकासखण्ड स्तर पर 15 ग्राम पंचायतों पर एक सोशल आडिट टीम एवं दो-दो रिजर्व सोशल आडिट टीम कुल 85 सोशल आडिट टीमों का गठन किया गया है। डॉ. दिनेश चन्द्र ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास खण्डवार निर्धारित तिथि को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान रामपुर मनिहारान में संबंधित विकासखण्डवार प्रशिक्षणार्थियों, सोशल आडिट टीमों के सदस्यों को 05 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षित व अप्रशिक्षित सोशल आडिट टीम के सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन 10 जून 2024 से 19 जुलाई 2024 तक की अवधि में 05 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिये जाने हेतु विकास खण्डवार तिथि निर्धारित की गयी है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा विश्व गुरू : अर्चित

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर मिठाई बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया तथा नरेन्द्र मोदी सरकार के सफलता की कामना की।

भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता महानगर संयोजक अर्चित अग्रवाल व सहसंयोजक एडवोकेट वंदना तथा शुभम अरोड़ा के नेतृत्व में न्यू आवास विकास स्थित एक प्रतिष्ठान पर एकत्र हुए तथा गगनभेदी नारो के बीच मिठाई बांटकर केन्द्र में एनडीए की सरकार बनने पर अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महानगर



संयोजक अर्चित अग्रवाल ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केन्द्र में एनडीए की सरकार बनने से साबित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी की सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास की नीतियों के प्रति जनता ने अपना जनादेश देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक रिकार्ड बनाने का काम किया है। उन्होंने आशा जतायी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की एनडीए सरकार जन सरोकार के मुद्दो पर नयी नीतियां बनाने का काम करेगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार होगा। सहसंयोजक एडवोकेट वंदना व शुभम अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के दूसरे कार्यकाल में देश की जनता के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर देश की जनता के उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास किया गया है। अब एनडीए सरकार की तीसरे कार्यकाल में यूसीसी व जनसंख्या नियंत्रण जैसे मुद्दो पर ठोस कदम उठाये जायेंगे, ताकि देश का सर्वागींण विकास कर एक बार पुनः भारत को सोने की चिड़ियां बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ब्रिटेन से 100 टन सोना लाने का कार्य एक ऐतिहासिक कदम है। इससे पूर्व सप्रंग सरकार के कार्यकाल में देश को अपना सोना विश्व बैंक में गिरवी रखने के लिए मजबूर होना पड़ा था। इस दौरान भारी संख्या में एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर दो कट्टे गेंहू के किये बरामद

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने 01 चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये गेहू के 02 कट्टे बरामद किए है। उल्लेखनीय है कि 10 जून को वादी आशीष आर्य पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरपाल थाना नकुड ने थाना सरसावा पर एक लिखित तहरीर देकर अज्ञात अभियुक्त द्वारा ज्ञानदीप वैदिक गुरूकुल स्कूल सौराना के रसोई से दो गेहू के कट्टे चोरी करने के सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत कराया था। सरसावा थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्त आशू उर्फ आश मौहम्मद पुत्र मोबीन निवासी मौ0 हजारा कस्बा व थाना सरसावा गिरफ्तार क लिया। जिसके कब्जे से चोरी किए गए 2 कट्टे गेंहू के बरामद किये गये। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजीव कुमार व कांस्टेबल लोकेश कुमार शामिल रहे।

# पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने जताया विरोध मंडल में 80 से ज़्यादा मुस्लिम समुदाय के लोगों की हर्ष जलूस निकालने के आरोप में गिरफ्तारियों की कड़ी निन्दा



*अहमद रज़ा*

**सहारनपुर।** समाजवादियों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गत 4 जून को जुलूस निकाल कर खुशी का इज़हार किया तो पुलिस ने मुकदमात दर्ज कर लिए पुर अमन जलूस के बाद दर्ज हुए मुक़दमे में बेगुनाहों पर न हो कार्यवाही इस बाबत पूर्व सांसद हाजी फज़लुर्रहमान, विधायक उमर अली खान, पूर्व विधायक माविया अली व अन्य नेताओं ने एसएसपी विपिन टाडा से मुलाक़ात की

और सहारनपुर में 4 जून को विजय जुलूस के सम्बंध में थाना कुतुबशेर में हुड़दंग मचाने के आरोप में दर्ज हुए मुक़दमे व इस सम्बंध में की जा रही गिरफ्तारियों को लेकर सहारनपुर के सभी वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी सहारनपुर विपिन टाडा से मुलाक़ात की इस अवसर पर सहारनपुर लोकसभा के पूर्व सांसद हाजी फज़लुर्रहमान, बेहट विधायक उमर अली खान, पूर्व विधायक माविया अली, हाथरस लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि, फिरोज़ आफताब, फरहाद गाड़ा, हैदर अली देवबंद विधानसभा प्रभारी, फैसल सलमानी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, नगर विधानसभा प्रभारी टिंकू अरोड़ा, अमित गुज्जर, ऋषभ त्यागी, प्रवीण बांदूखेड़ी प्रतिनिधि चौधरी रुद्रसेन, अरशी हसन प्रतिनिधि पूर्व सांसद आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद हाजी फज़लुर्रहमान ने कहा कि अज्ञात में कुछ ऐसे लोगों को साज़िश के अंतर्गत परेशान किया जा रहा है जो निर्दोष है। इसीलिए निर्दोषों पर कोई कार्यवाही न कि जाए।

# स्वच्छकारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में अधिकारी बरतें संवेदनशीलता : भगवत प्रसाद मकवाना

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सदस्य सेन्ट्रल मॉनिटरिंग कमेटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्रालय, भारत सरकार भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश सरकार द्वारा सफाई कार्य में लगे हुए स्वच्छकारों के लिए लाभकारी योजनाएं संचालित कर पुनर्वासित किया जा रहा है। उन्होने निर्देश दिए कि स्वच्छकारों की बस्तियों में प्राथमिकता से विकास कार्य कराकर उनकी स्थिति में सुधार लाया जाए।

भगवत प्रसाद मकवाना आज यहां सर्किट हाउस सभागार में मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 के जनपद में लागू होने व पालन करने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने स्वच्छकारों की बस्तियों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ स्वच्छकारों को दिलाने में संवेदनशीलता बरतें अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी। मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 के तहत जनपद के 2811 चयनित लाभार्थियों को एकमुश्त अनुदान राशि



प्रदान करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

भगवत ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार सीवर में कार्य करते हुए मृतक स्वच्छकारों के आश्रितों को 30 लाख मुआवजा दिये जाने का प्रावधान किया गया है। जनपद में इस प्रकार के मृतक आश्रितों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनपद में मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 के अनुसार जिलास्तरीय निगरानी समिति का गठन कराया गया है ताकि इनकी समस्याओं को स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित किया जा सके। जनपद के सम्बन्धित अधिकारी निगरानी समिति के माध्यम से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होने जनपद में होने वाले सर्वे में अधिकारियों, समिति के सदस्यों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को एक दूसरे का सहयोग कर अधिक से अधिक पात्रों को शामिल कर योजना से लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने जनपद में आउटसोर्सिंग, ठेका एवं अन्य माध्यमों से नगर निकायों में तैनात सफाई कार्मिकों के वेतन भुगतान, ईपीएफ, ईएसआई एवं साप्ताहिक अवकाश की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि किसी भी कार्मिक का शोषण न हो। उन्होने निर्देश दिए कि सभी स्वच्छकारों को पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर स्वच्छकारों के नियमानुसार भुगतान एवं प्रदत्त सुविधाओं में गड़बड़ी पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि स्वच्छकार एवं अन्य पदों पर कार्यरत आउटसोर्स एवं संविदा कार्मिकों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने सदस्य को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके दिये गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जनपद स्तरीय समिति के सदस्य भारत भूषण, राकेश कल्याण एवं श्रीमती रेनू देवी, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त राजेश यादव, डीपीआरओ आलोक शर्मा समेत विनोद घावरी, डेविड ढींगिया, हंसराज गौतम एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हत्या में वांछित अभियुक्त को आला कत्ल के साथ दबोचा

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने हत्या की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 फावडे का बैंटा बरामद किया है।

उल्लेखनीय है कि 06 जून को अनिता पुण्डीर पुत्री सुरेशपाल निवासी ग्राम मजरा भोजेवाला थाना बेहट ने एक लिखित तहरीर देकी अभियुक्त सुशील पुत्र शीषपाल, प्रशान्त पुत्र सुशील, रुपक पुत्र सुशील, गौरव पुत्र संजय, बाला पुत्र मदन, सन्नी पुत्र रमेश, लील्ला पुत्र संजय व शुभम पुत्र संजय निवासी ग्राम भोजेवाला थाना बेहट ने उसके पिता सुरेशपाल व भाई उधम सिंह उर्फ कृष्णा पर जान लेवा हमला कर मारपीट करने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें इलाज के दौरान वादिया के भाई कृष्णा उर्फ ऊधम सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण मुकदमा उपरोक्त मे धारा 149/302 भादवि की



वृद्धि की गयी।

थाना बेहट प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त के वान्छित अभियुक्त सुशील उर्फ भोटू पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम भोजेवाला थाना बेहट सहारनपुर को बेहट बस अड्डा के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल फावड़े का बैंटा भी बरामद किया गया।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त सुशील उर्फ भोडू ने बताया कि मेरे ताऊ का बेटा सुरेश अक्सर मेरे खेत की मेढ को काटता रहता हैं और मेढ़ के पास लगे पेडो को काटता रहता हैं। चार जून को जब सुरेश व कृष्णवीर को खेत की मेड पर लगे पेड़ काटने के लिये मना किया, तो वो गाली गलौच करने लगे। तभी उसने व अन्य साथियों ने क्रोध में आकर उनके साथ लाठी डण्डे से मारपीट करने लगे और उसे जान से मारने की नीयत से कृष्णवीर के सिर पर डण्डे से हमला कर दिया जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गये। हम उन्हे मरा समझकर वहाँ से भाग गये थे। मेरे हाथ में उस दिन एक लकडी का बैंटा था जिसे मैंने भागते समय खेत के पास ही छुपा दिया था जिसे मैंने आज पुलिस को बरामद करा दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हाइवे किनारे जंगल में फांसी के फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**रुदौली-अयोध्या।** लखनऊ अयोध्या नेशनल हाइवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जिले की सीमा पर अशरफपुर गंगरेला के जंगल में हाइवे से मात्र 20 मीटर की दूरी पर शौच के लिए गए सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव सागौन के पेड़ की शाखा से गमछा के सहारे लटकता हुआ देखा। यह घटना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई सूचना पटरंगा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे दरोगा वीरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ शव को कब्जे में लेकर आस पास के लोगों से पहचान कराई गई लेकिन पता नहीं चल सका फिर सोशल मीडिया पर फोटो डाली गई जिससे उसकी पहचान जग प्रसाद उम्र 50 वर्ष पुत्र मोहन लाल निवासी भवनिया पुर शिवली कोतवाली रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है।परिजनों के मुताबिक मृतक कल शाम को घर से अपनी लड़की के यहां अईमा टिकैत नगर जाने के लिए निकले थे और इनका मानसिक संतुलन सही नहीं था दिमाग के डॉक्टर के यहां से तीन साल से इलाज चल रहा था।पटरंगा थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय अयोध्या भेज दिया गया है।

# शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी ने किया पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी के तत्वावधान ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय मे पौधरोपण के साथ लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के चयनित पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रमआयोजित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कोतवाल रुदौली देवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को माल्यार्पण करते हुएसोसायटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव द्वारा प्रतिमा भेट करके किया गया है। पत्रकारो का सम्मान माल्यार्पण, सम्मान पत्र, लेखनी देकर सी ओ रुदौली, कोतवाल रुदौलीव सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यो द्वारा दिया गया तत्पश्चात पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम ने कहा की सोसाइटी द्वारा पत्रकार को सम्मानित कर उत्साह वर्धन का कार्य किया है उसकी वास्तव मे मुक्त कंठ से प्रशंसा करता हूँ और ईश्वर से कामना करता हूँ की सोसाइटी को इस तरह से कार्य करने की शक्ति दे। सोसायटी के चेयरमैन प्रबंधक रमेश कुमार यादव ने कहा सोसाइटी लगातार पौधरोपण कार्यक्रम, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को कर रही हैं। इस अवसर पर सोसाइटी के कार्यक्रम प्रभारी अमर बहादुर , कोषाधयक्ष उमा कान्त वर्मा सदस्य रामेश्वर, शुभम, उदयभान, अनेक पत्रकार व पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित रहे।

## वोट कम मिलना, वोट ज्यादा मिलना परिणाम प्रतिकूल होना अनुकूल होना डेमोक्रेसी की खूबसूरती-नरेंद्र कश्यप

**अयोध्या।** पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे अयोध्या, सर्किट हाउस में कर रहे विभागीय बैठक, प्रदेश में भाजपा की हार पर बोले नरेंद्र कश्यप कहा, हमारी सरकार और संगठन के लोगों ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है, प्रधानमंत्री गृहमंत्री रक्षा मंत्री मुख्यमंत्री हम जैसे तमाम कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्व का निर्वहन किया है, सबने भरसक प्रयास किया है, सरकार की उपलब्धियां पार्टी के नेतृत्व ने जन-जन तक पहुंचाने में पूरी भूमिका निभाई है लेकिन कहीं ना कहीं विपक्ष दुष्प्रचार को करने में कामयाब हो गया, हमें प्रदेश की जनता को अपने पार्टी के माध्यम से सरकार के माध्यम से आग्रह करेंगे कि वह विपक्षियों के जो षड्यंत्र था संविधान बदलने की बात करने का, आरक्षण समाप्त करने का उसको समझे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सच्चे प्रहरी हैं, जो हमेशा राष्ट्र सेवक के रूप में स्वीकार किया है, देश की सेवा के लिए उन्होंने अपना पूरा सर्वत्र लगाया है, बिना रुके बिना थके प्रधानमंत्री ने 10 साल बेहतरीन सरकार चलाया है, देश के लोग प्रधानमंत्री के कार्य को अवश्य समझेंगे, वोट ज्यादा मिलना कम मिलना, परिणाम अनुकूल प्रतिकूल होना यह डेमोक्रेसी की खूबसूरती है।

## कौड़ियों के भाव हो रही नजूल की भूमि की खरीद फरोख्त

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** शहर में नियम कानून को ताक पर रखकर नगर के सिविल लाइन क्षेत्र मे काफी समय से खाली पड़ी नजूल सरकार की भूमियों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। भूमाफिया नगर के सिविल लाइन स्थित नजूल की भूमियों पर पहले कब्जा करते हैं, और इसके बाद उनपर कंक्रीट के महल खडे कर रहे हैं। नजूल की भूमियों पर कब्जा कर भवन तैयार करने वाले बिल्डर भूमि का बैनाम व फ्री होल्ड कराने की बात करते हैं। जब कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह घोषणा की है कि नजूल की भूमियों को न तो फ्री होल्ड किया जा सकता है और न ही बिक्री की जा सकती। ऐसे मे नजूल की सम्पत्ति को कौडियों के भाव खरीद कर उन पर कंक्रीट के महल खड़े करने का काम जोर शोर से हो रहा है। यह खेल नजूल के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत से हो रहा है। जिला प्रशासन या तो नजूल की भूमियों पर हो रहे कब्जे को लेकर बेखबर है या फिर उनकी भी मौन स्वीकृति है। वर्तमान समय मे रात के अंधेरे मे नजूल की भूमियों पर अवैध कब्जा करने वाले भूमि खोदकर तालाब कर रहे हैं।

# नीट-यूजी 2024 के आयोजन व परिणाम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अक्षमता तथा भ्रष्टाचार सामने आया : अभाविप

**लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट-यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती थी : सत्यम दुबे**

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्याधाम।** भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2024) के आयोजन के दौरान गड़बड़ियों तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जाँच की मांग करती है। इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थी तथा अलग-अलग स्थानों पर सॉल्वर पकड़े गए, साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में भी गड़बड़ी मिली। विद्यार्थी परिषद, नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उचित माँगों के साथ है।मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं।

### अभाविप अयोध्या महानगर के महानगर मंत्री

सत्यम दुबे ने कहा कि नीट-यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जाँच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है।अभाविप के आयाम विकासार्थ विद्यार्थी के प्रांत सयोंजक शिवम मिश्रा ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों की आत्महत्या करने की मामले हुए हैं, यह अत्यंत दुखद है। इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए जिससे छात्रों में परीक्षा के आयोजन को लेकर भरोसे की स्थिति बने। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के महानगर के मंत्री सत्यम दुबे के नेतृत्व में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा गया । ज्ञापन देने में विभाग सह संयोजक अंशुमान सिंह स्कूली विद्यार्थी प्रांत संयोजक आशुतोष राणा महानगर सह मंत्री शशांक सिंह विद्यार्थी अंश जयसवाल किशन सिंह प्रियांशु तिवारी महेश पांडेय ऋषभ पांडेय अनादि पांडेय वैभव सिंह संतोष शुक्ला अवध विश्वविद्यालय विस्तारक सोनी मौर्य सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभाविप ने किया नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता




**नीट-यूजी परीक्षा की प्रक्रिया तथा परिणाम की हो शीघ्र सीबाआई जांच हो: अभाविप**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा नीट परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी एवं प्रकरण की सीबीआई जांच करवाने हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थी तथा अलग-अलग स्थानों पर सॉल्वर पकड़े गए, साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में भी गड़बड़ी मिली। अभाविप, नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उचित माँगों के साथ है।

मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं, आज अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा इस विषय को लेकर आंदोलन किया गया। कई जगहों पर ऐसी गड़बड़ी होने से यह भी स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों की आत्महत्या करने की मामले हुए हैं, यह अत्यंत दुखद है। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं तथा इसकी तैयारी हेतु कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे में इस प्रकार का प्रकरण की गड़बड़ी बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं की जाएगी। इस मामले की सीबीआई द्वारा जांच कराकर, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है। इस दौरान काशी प्रांत सह-मंत्री आंचल सिंह, इविवि इकाई उपाध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, कला संकाय अध्यक्ष आज़ाद वत्स, प्रकाश सिंह, पवन, हिमांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुक्त विवि में 166 केंद्रों पर 80 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों पर मंगलवार 11 जून 2024 से प्रारंभ हो रही हैं। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं । परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षाएं 16 जुलाई तक संचालित की जाएंगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर समय सारणी अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा पीजी डिप्लोम आदि की परीक्षाएं 11 जून से 15 जून तक तथा स्नातक, परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक 2 पालियों में प्रातः 10 से 1 तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी विषयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि गोरखपुर रीजन में सबसे अधिक 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रयागराज रीजन में 25, वाराणसी रीजन में 22, आजमगढ़ रीजन में 15, अयोध्या रीजन में 17, लखनऊ रीजन में 14, कानपुर रीजन एवं आगरा रीजन में 11, झांसी रीजन में 7, मेरठ रीजन में 5, गाजियाबाद रीजन में 4 तथा बरेली रीजन में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय जेल बंदियों की शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बार पूरे प्रदेश में 4 केंद्रीय कारागारों नैनी, प्रयागराज, गाजियाबाद, अयोध्या तथा बरेली केंद्रीय कारागार में जेल बंदियों को परीक्षा दिलाई जाएगी।

## भनवापुर के बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीमदभागवत कथा में ध्रुव के कथा का कराया रसपान



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में रविवार की रात कथा वाचक अखिलेश शास्त्री महराज ने बताया कि भगवान का कथा जीवन को बदल देता है अगर व्यक्ति तन्मयता से भगवान की कथा को सुनता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और उसके ऊपर सदैव भगवान की कृपा बनी रहती है। कथावाचक अखिलेश शास्त्री महाराज ने बताया 5 साल के बालक ध्रुव जिनकी मां ने थप्पड़ मार कर के कहा कि अगर मेरे गोद में बैठना चाहता है तो जा भगवान की तपस्या कर, भगवान से वरदान मांग एक ना एक दिन तू मेरी गोदी में जरूर बैठ जाएगा। रास्ते में नारद जी मिले उन्होंने ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र दिया और ध्रुव को भगवान की प्राप्ति हुई। इस दौरान केशरी चंद्र पांण्डेय, नंदलाल पाण्डेय, जयलाल, अमित, अभिषेक, शिवप्रसाद, शिव वर्मा, राजू आदि उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिंदू महासंघ, गोरखपुर एवं गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक द्वारा श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर, सुमेर सागर, गोरखपुर के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल जी ने विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष हिंदी में राजेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि महासंघ अनेक अवसरों पर रक्तदान करता रहता है। योगी आदित्यनाथ जी महाराज, माननीय मुख्यमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया जो अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। सभी रक्तदाताओं को इसके लिए धन्यवाद है। रक्तदान महादान होता है इसलिए रक्तदाता महादानी हैं। वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ई. महेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा ने रक्तदान शिविर में बताया कि दिनांक 5 जून से 11 जून 2024 तक महंत योगी आदित्यनाथ जी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ की ओर से हिंदू स्वाभिमान सप्ताह मनाया जा रहा है । इसी क्रम में आज रक्तादान शिविर का आयोजन किया गया है अध्यक्ष दयानंद शर्मा जीने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया एवं तीन माह के अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया । रक्तदान शिविर में महासंघ की ओर से प्रमुख रूप से डिंपल शर्मा ,मधु शर्मा ,नीरज कुमार, विजय कुमार पासवान सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया।

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने किया ट्यूबवेल का उद्घाटन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका उरई नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए पूर्व नगर पालिका चेयरमैन विजय चौधरी ने ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इसके चलते क्षेत्रवासी राहत महसूस कर रहे हैं कि अब गर्मी में उन्हें पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी। गर्मी के शुरूआत से विभिन्न वार्डों में पेयजल की आपूर्ति किए जाने की मांग वार्डवासियों की ओर से की जा रही थी। लोगों को बेहतर पेयजल आपूर्ति देने के लिए पूर्व नगर पालिका चेयरमैन विजय चौधरी ने सबसे पहले वार्ड संख्या 8 नया राम नगर अजनारी रोड कांग्रेस दफ्तर के पास में ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इसके चलते अब नया राम नगर सहित वार्ड संख्या 5के लोगों को भी पीने के पानी की किल्लत दूर हो जाएगी। इससे वार्ड संख्या 8 और 5 में पीने के पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि नगर कें सभी वार्डों में पेयजल की आपूर्ति के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। प्रयास किया जाएगा की नगर में हर घर को पीने के पानी की आपूर्ति की जा सके।

## फूलपुर के मुख्यालय पर बने महिला शौचालय में लगा रहता है ताला

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते ब्लाक मुख्यालय पर महिलाओं के लिए बने शौचालय में ताला बंद रहता है। जिसके चलते ब्लाक पर आने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। ब्लाक मुख्यालय पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिलाएं अपने कार्य या फिर अपनी ड्यूटी के लिए आती हैं। ब्लाक मुख्यालय पर कोई सामुदायिक शौचालय नहीं बना है। जबकि ब्लाक मुख्यालय पर कुल 89 ग्राम पंचायत के लोग अपने अपने काम से आते रहते हैं। लोगों को अक्सर शौचालय की आवश्यकता महसूस होती है। क्षेत्रीय जनता अधिकारियों को कोसती रहती है। वहीं ब्लाक मुख्यालय पर एक अदद महिला शौचालय बना हुआ है। जिसमे ताला लगा रहता है। जब ब्लाक मुख्यालय पर बने शौचालय की यह हाल है तो गांवों में बने शौचालयों की क्या हाल होगी। जबकि सरकार द्वारा अभियान चलाकर गांवों में शौचालय का निर्माण कराया गया। जिससे ब्लाक, कस्बा सहित गांवों को स्वच्छ रखा जा सके। लेकिन ब्लाक के अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। क्षेत्र के बत्तीस यादव.राज बहादुर महेंद्र प्रसाद नागेन्द्र यादव राहुल दीपक मोदनवाल अखिलेश प्रमोद शहीत लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते सरकारी योजनाएं बेमानी साबित हो रही हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-AY-OH-481-23-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.06.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OH-113-23-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.06.2024 समय 11:40 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1720/24


### दि फ़िफ्त पिलर की जीत में आदित्य-युवराज चमके

**प्रयागराज अवधनामा संवाददाता।** आदित्य वर्मा (50 रन एवं एक विकेट) और युवराज सरोज (5.1-1-23-4) के खेल से दि फ़िफ्त पिलर क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को चार विकेट से हराकर अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। सीएवी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल ने 28.1 ओवर में 161 रन (अनुराग शुक्ला 72, कुंवर धीरज 25, युवराज सरोज 4/23, अनिक सिंह 2/41, आदित्य वर्मा 1/28) बनाये। जवाब में दि फ़िफ्त पिलर क्लब ने 30 ओवर में 6 विकेट पर 162 रन (आदित्य वर्मा 50, अंश यादव 35, अनिल 20 नाबाद, सौरव तिवारी 2/20, सुहैब खान 2/32) बना लिए। युवराज सरोज को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

## राजा महमूदाबाद के बेटे को पुरसा देने पहुंचे मौलाना शहंशाह हुसैन नकवी



**महमूदाबाद अवधनामा संवाददाता।** महमूदाबाद हाउस केसरबाग मे पाकिस्तान से आए मौलाना शहंशाह हुसैन नक़वी ने पूर्व विधायक मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान के बेटे अली खान को उनके पिता का पुरसा देने पहुंचे इस मौके पर मौलाना ने कहा की राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान बहुत काबिल और बहुत अच्छी शख्सियत के मालिक थे। मौलाना ने कहा की केसरबाग हाउस आकर तमाम हस्तियों मेरी मुलाक़ात होई ख़ास कर महमूदाबाद सेअंजुमन हैदरी अंजुमन सज्जादिया अंजुमन अब्बासिया कमेटी ईद-ए- गदीं और कमेटी 28 सफर जुलूस के जिम्मेदारों ने मुझे शील्ड देकर यादगार तोहफा से नवाजा मौलाना ने कहा कि लखनऊ आकर मुझे बहुत प्यार मिला यहाँ की आवाम बहुत मिलन सार है ये सफर मेरे लिए यादगार सफर रहा।


**सूचना**

मैं श्रीमति प्रिया सचदेवा पत्नी अमित सचदेवा नि.192वी फंटियर कालोनी आदर्श नगर,जयपुर आपको सूचित करती हूं की मुझे बचपन से दो नामों से जाना जाता है वोह प्रिया व शिल्पी हैं शिक्षा दस्तावेजों में नाम प्रिया गम्भीर है जो शादी के बाद प्रिया सचदेवा हो गया इसी नाम से मेरा आधार कार्ड व पेन कार्ड है प्रिया सचदेवा पत्नी श्री अमित सचदेवा पुत्री श्री विजय कुमार गम्भीर व शिल्पी पुत्री श्री विजय कुमार गम्भीर मैं एक ही महिला हूं।

**सूचना**

मुझ दीपक गांधी का एक बैनामा दि. 21.02.1987 जिसका विक्रेता बिहारीलाल पुत्र सुखईराम व क्रेता राजनारायण चोबे पुत्र अम्बिका प्रसाद, जिसकी बही सं0 1, जिल्द 3034, पृष्ठ 73-78 दस्तावेज नं0 235, ए0डी0 बुक सं0 1, जिल्द 3041 दफ्तर सब रजिस्ट्रार सहारनपुर में दर्ज हे दि. 07.06.2024 को 10 बजे दोपहर कचहरी में वकील साहब को दिखाने आया था, वापिस कचहरी आने पर जब अपने बेग में देखा, तो उक्त बेनामा नहीं मिला, जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला यादि मिले तो संपर्क करें द्वारा ठा. पंकज सिंह एड. 141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9675983535।


## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शनि धाम मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रोताओं को कथा व्यास जी द्वारा श्रवण कराई गई। जिसे सुन श्रोता मंत्र मुग्ध होकर अपनी-अपने दीघार्यों में झूम उठे। शनि धाम गुढ़ा नियामतपुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन शनि जन्मोत्सव के अवसर पर किया जा रहा है। इस आयोजन में पांचवे दिन कथा व्यास पंडित रोहित रिछारिया बागेश्वर धाम के कृपापात्र शिष्य द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया जिसमें पूतना वध, अघासुर वध ,के अलावा गायों को चराना,राधा तथा गोपियों के साथ रास रचाना, कालिया नाग को नाथना आदि तमाम लीला का वर्णन किया गया, इसके बाद गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की प्रमुख कथा को विस्तार से वर्णन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा के बीच में संगीत के साथ भजनों का भी गायन किए जाने से श्रोता झूमने लगे। अंत में परीक्षित मुन्नी त्रिपाठी द्वारा गोवर्धन की पूजा की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। सभी भक्तों का शनि देव मंदिर के महांत ब्रजेश महाराज ने प्रसाद वितरण करवाया। इस मौके पर वृंदावन त्रिपाठी, मिथिलेश, आनंद, आरती, आशुतोष, कंचन, रूद्र, अनिल मिश्रा, चंदवान मिश्रा, दीपू त्रिपाठी, रामेंद्र त्रिपाठी, सोनू तिवारी, देवनारायण द्विवेदी सहित एक सैकडा भक्त मौजूद रहे।

## बिजनौर के लिए बस को डीएम ने हरी झंडी दिखायी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आपदाओं पर अंकुश और निपटने के लिए महिला और पुरुष होमगार्ड प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बिजनौर के लिए बस को जिला अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला होमगार्ड कमांडेंट ने बताया कि पूरे प्रदेश से महिला और पुरुष होमगार्ड के जवानों को प्रशिक्षित किए जाने के लिए 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण लेने के बाद महिला पुरुष जवान जो विशेष परिस्थितियों में विभाग के लिए या जैसा भी निर्देश होगा उस आधार पर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि 11 कमालगंज 13 कायमगंज 4 नवाबगंज 8 बढ़पुर 6 मोहम्दाबाद, 11 राजपुर 9 शमशाबाद,10 फर्रुखाबाद नगर कंपनी ए और बी, 7 नगर महिला फतेहगढ़, 3 कंपनी नगर सी फतेहगढ़ के जवानों की टालिया प्रशिक्षण के लिए गई है।


**सूचना**

मेरा पुत्र सचिन कुमार पुत्र मुकेश कुमार उपाध्याय वा उसकी पत्नि अंजलि हमारे कहने सुनने में नहीं है दोनों झगड़ालू सोच रखते उनके अत्याचार वा बद स्लूकी से विवश होकर मैं पुत्र और पुत्र वधु से सभी संबंध विच्छेद कर उनको अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से भी बे दखल कर रहा हूं दिनांक 23 माह 5 सन 2024 मुकेश कुमार उपाध्याय नि.ग्राम शेर पुर मजरा, चानचक, थाना बिहारीगढ सहारनपुर मैं नफीस पुत्र आरिफ निवासी ग्राम संभालका थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र वसीम पुत्र नफीस पुत्र वधु अमरूसमा पत्नि वसीम नदीम पुत्र नफीस वा नसरीन पत्नि नदीम नि.ग्राम संभालका जनकपुरी जिला सहारनपुर मेरे साथ लडते झगडते है और गाली गलौच करते है तथा मुझे समाज मे बेइज्जत होना पड़ता है उनके कु कृत्य से तंग आकर मैं सभी से कुल संबंध विच्छेद कर उनको अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मैं उनके किसी कार्य और लेन देन का ज़िम्मेदार नहीं हूं।

**न्यायालय सूचना**

न्यायालय मा.किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र.) सहारनपुर ! वाद संख्या. /D2023096 ! रईस अहमद वादी....बनाम .....अशोक कुमार आदि सम्पत्ति विवरण-एक किता आवासीय सम्पत्ति नगर निगम नम्बर 7/990 ता 1022 का भाग है, वाके मौ मुबारक शाह मालीगेट सहारनपुर। नोटिस बनाम -1.अशोक कुमार पुत्र स्व0 कालूराम निवासी कंचन वाली गली खलासी लाईन नजदीक रेलवे फाटक शहर सहारनपुर 2.सन्नी पुत्र प्रेमचन्द निवासी मकान नम्बर-7/990-1022 का भाग मौहल्ला मुबारकशाह माली गेट सहारनपुर-विपक्षी / किरायेदार उपर्युक्त वाद अभिहित आवेदक, रईस अहमद पुत्र श्री सईद अहमद निवासी मौहल्ला मुफती शहर सहारनपुर के द्वारा एक किता आवासीय सम्पत्ति नगर निगम नम्बर 7/990 ता 1022 का भाग है, वाके मौहल्ला मुबारकशाह मालीगेट सहारनपुर को रिक्त कराने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश, 2021 की धारा 21(2)(b)(C)(E)(F)(I)(M) के अधीन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के निमित्त इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त- एक किता आवासीय सम्पत्ति नगर निगम नम्बर 7/990 ता 1022 का भाग है. वाके मौहल्ला मुबारक शाह मालीगेट सहारनपुर के सम्बन्ध में वादी द्वारा प्रस्तुत आवेदन क्यों न स्वीकार कर लिया जाए। इस सम्बन्ध में आप स्वंय या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.06.2024 को 10 बजे दिन मेरे न्यायालय में कारण बताने के लिए उपस्थित हों आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के उक्त तिथि पर उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर समुचित आदेश पारित किया जायेगा.दि.27.05.24 किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट,सहारनपुर।


## साफ सफाई को लेकर निष्क्रिय हो रही ग्राम पंचायते, गांवो में लगे गंदगी के ढेर



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार भारत को स्वच्छ बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं लेकिन प्रयास खाली जा रहे हैं वो भी ब्लॉक स्तर पर बैठे अधिकारियों की लापरवाही के कारण। सफाई कर्मचारियों से वह अपनी कमीशन तय कर लेते हैं और ग्राम प्रधानो को भी सफाई कर्मचारी लालच देते हैं। इसलिए ना तो शहरी क्षेत्र साफ सुथरा बना हुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों में तो गंदगी का अंबार लगा है। विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत भावन के ग्रामीणों ने नाम न छापने के शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि यहां सफाई कर्मचारी ना के बराबर आते हैं। अगर आते हैं तो प्रधान के घर तक ही सीमित रहते हैं। जो सफाई कर्मचारी है वह प्राइवेट कर्मचारी लगाकर सफाई करवा रहे हैं। यही हाल ग्राम पंचायत हुसैनपुर हड़ाई के गांव नयागांव का है। जहां पर गंदगी से नालियां बज बजा रही हैं। सफाई कर्मचारी का अता-पता तक नहीं है। इस पर ना तो कोई अधिकारी संज्ञान ले रहा है ना ही ग्राम प्रधान। ग्राम पंचायत भुवनपुर में भी साफ सफाई का यही हाल है। मीडिया में खबर छपने की भनक लगते ही सफाई कर्मचारी से लेकर ग्राम प्रधान तक सक्रिय हो गए और उन्होंने सोमवार को सफाई करानी शुरू कर दी। अगर यही सफाई कर्मचारी सही तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तो गांव में कहीं पर भी गन्दगी दिखायी नहीं देगी और फिर ग्राम पंचायते साफ सुथरी बनी रहेगी।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 280/EE-1/नि0 दिनांक : 10/06/2024

**(अति अल्प-कालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 18/06/2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाये दिनांक 18/06/2024 तक अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक खोली जायेगी। 18/06/2024 को उपस्थित निवदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-1 के कार्यालय में खोली जायेगी।

जलकल विभाग जोन-1 के अन्तर्गत सुदामापुरी, सनी कुमार के घर के पास, दुर्गा पूजा स्थल, बिन्दू सिंह के घर के पास श्री दिलीप गुप्ता के घर के पास नाले के किनारे 1.5 एच0पी0 समरसेबिल मरम्मत कार्य हेतु धरोहर धनराशि रू0 2200/- निविदा मूल्य रू0 100/-

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सलामतपुर, वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 11-06-2024 से 16-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 18-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**विनोद सोनी**
**ग्राम प्रधान- सलामतपुर**
**वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

**महेश तिवारी**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- सलामतपुर**
**वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

# तीसरी आंख से होगी सुरक्षा व स्वच्छता की निगरानी,आठ करोड़ का प्रोजेक्ट, जुड़ने हैं 1324 सीसीटीवी



**कंट्रोल रूम में बैठेंगे नगर निगम कर्मी,सुरक्षा के नजरिए से काफी कारगर है प्रोजेक्ट**

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** योगी सरकार में शहर की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था अब हाईटेक होने जा रही है। तीसरी आंख के जरिए दोनों ही व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में बैठकर न सिर्फ संदिग्धों पर नजर रखी जा सकेगी बल्कि चौराहों व गली-मोहल्लों में नगर निगम की ओर से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके लिए घरों, प्रतिष्ठानों, होटलों और कार्यालयों के बाहर लगे सीसी कैमरे अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट जोड़े जा रहे हैं। भव्य मंदिर में रामलला के प्रतिष्ठित होते ही अयोध्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कह चुके हैं कि अयोध्या को ऐसे सजाया और संवारा जाए, जिससे यहां आने वाला हर एक शख्स बार-बार अयोध्या आना चाहे। इसी के तहत नगर निगम ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या में बड़ा कदम उठाया हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया गया। नगर निगम की टीम रोज लोगों से उनके कैमरे को मॉनिटरिंग रूम से जुड़वाने की अपील कर रही है।

## आठ करोड़ का प्रोजेक्ट, जुड़ने हैं 1324 सीसीटीवी

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत नगर में काम करने का जिम्मा एलाइड डिजिटल सर्विसेज लिमिटेड को दिया गया है। यह करीब आठ करोड रुपये का प्रोजेक्ट है। रोड के किनारे के कैमरों को जलकल स्थित आईटीएनएस कार्यालय के लगे सर्वर से जोड़े जाएंगे। प्रोजेक्ट के तहत कार्य कर रहे विनोद यादव ने बताया कि 1324 कैमरों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 950 सीसी कैमरों को जोड़ा जा चुका है।

## कंट्रोल रूम में बैठेंगे नगर निगम कर्मी

कंट्रोल रूम से न सिर्फ स्वच्छता पर ध्यान दिया जाएगा बल्कि अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा जाएगा। इसके लिए कंट्रोल रूम में नगर निगम के कर्मचारी बैठाए जाएंगे। जहां से कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था, पानी लीकेज, स्ट्रीट लाइट के बंद होने की जानकारी संबंधित अनुभाग को देंगे। जानकारी मिलते ही फॉल्ट ठीक करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंच जाएंगे।

## सुरक्षा के नजरिए से काफी कारगर है प्रोजेक्ट

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लग रहे कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से काफी कारगर साबित होंगे। इससे शहर में घटित होने वाली घटनाओं पर भी नजर रखी जा सकेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए पुलिस को भी घटनाओं का खुलासा करने में काफी मदद मिलेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से भी इस प्रोजेक्ट के काफी काम आने का दावा किया जा रहा है।

## लोगों को समझना है जरूरी

प्रोजेक्ट को पूरा करने की डेडलाइन 30 मई बताई जाती है। प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुए चार माह बीतने को है, लेकिन 1324 सीसी कैमरो को जोड़ना आसान नहीं है। नगर निगम से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि होटल, प्रतिष्ठान और कार्यालयों के कैमरे जोड़ने में दिक्कत नहीं आ रही है। लेकिन लोगों के घरों के सीसी कैमरों को जोड़ने में परेशानी आ रही है। आम लोग तमाम तरह की पूछताछ करने के बाद ही अपना कैमरा प्रोजेक्ट के तहत जोड़ने की अनुमति दे रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि लोगों को सुरक्षा के लिहाज से समझना जरूरी है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ला ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत बड़ी ही तेजी से कार्य चल रहा है। हमारी कोशिश है कि अगले एक महीने में कर पूरा हो जाएगा।

# समाज का सम्पूर्ण विकास की आधार शिला है शिक्षा : बलराम मौर्य

**धूम धाम से मनायी गयी सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य व चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की जयन्ती**

**अवधनामा संवाददाता**



**दिलासीगंज-अयोध्या।** सम्राट अशोक मौर्य सेवा संस्थान मया अयोध्या के सौजन्य से सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य व चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की जयन्ती धूम धाम से मनाई गई। जयंती समारोह की शुरुआत तथागत बुद्ध के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करने और चन्द्रगुप्त मौर्य व चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य शिवा जी, सावित्री बाई फुले, ज्योतिबा फुले, बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर सहित कई महापुरुषो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध बंदना, पंचशील, त्रिरत्न के साथ शुरुआत की गयी। तत्पश्चात मुख्य मुख्य अतिथि बलराम मौर्य, विशिष्ट अतिथि श्री राम मौर्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथी श्रीराम मौर्य ने कहा कि बहुत से महापुरुषों ने जो समाज को जगाने का कार्य किया। उनके बताये रास्ते पर चलकर देश को आगे ले जा सकते है। बौद्ध धर्म ही इंसानियत और मानवता का पाठ पढ़ाता है। दुनिया में बुद्ध के अलावा कोई पहचान किसी की नही है। जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष अयोध्या विकास मौर्य ने कहा कि जयंती मनाने का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम अपने महा पुरुषों के विचारों को अपने अंदर आत्मसात करने की जरूरत है। सामाजिक और राजनैतिक रूप से जागरूक होना होगा द्य हरिहर प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि सोते हुए को जगाया जा सकता है लेकिन जो सोने का बहाना करे उसको नही द्य सम्राट अशोक को ही केवल महान कहा गया। बाकी महान तो चाटुकारिता में इतिहासकारों ने बना दिया है द्य जानो तो मानो यही बौद्ध धर्म का संदेश है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी बलराम मौर्य ने कहा कि अपना दीपक स्वयं बनो, सैकड़ो वर्षो से जो समाज शासक था वह सत्ता में पीछे है। समाज को शिक्षित करने की जरूरत है द्य समाज का कोई बच्चा पैसे के अभाव में पढ़ने से वंचित नही रहेगा।

# नही थम रहा मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार, विना कार्य कराए लग रही फर्जी मजदूरों की हाजिरी

*मोहम्मद इदरीस*



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सरकार गरीबों को रोजगार मुहैया कराकर उनकी गरीबी को खत्म करने के लिए मनरेगा योजना चलाई जा रही है इस योजना में धांधली न की जा सके आनलाइन हाजिरी चढ़ाई जा रही है लेकिन विभागीय भ्रष्ट रवैए के चलते धांधली थमने का नाम नहीं ले रही है और सरकार की मंशा पूरी होती नही दिख रही है । ग्राम प्रधान सचिव ब्लाक के अधिकारी की मिलीभगत से विना काम कराए ही फर्जी मजदूरो की हाजिरी दर्शाकर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है ऐसा ही कुछ हाल स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत घरकुइंया में देखने को मिला यहां पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में बड़ी धांधली देखने को मिली हैं। यहाँ पर मनरेगा योजना के तहत दो परियोजनाएं चमारन तालाब का जीर्णोद्धार व फौजी रामप्रसाद अमृत सरोवर का निर्माण कार्य होना दर्शाया गया है

चमारन तालाब के जीणोद्धार कार्य में 20 मजदूरों का मास्टर रोल भरा गया था। जबकि मौके पर एक भी मजदूर काम करता हुआ नही मिला कार्य ठप पड़ा था इसी ग्राम पंचायत में फौजी रामप्रसाद अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में भी कागजों पर 58 मजदूरों की हाजिरी चढ़ाई गई थी जबकि मौंके पर महज 44 ही मजदूर काम करते हुए पाये गये।

रविवार को मनरेगा योजना से हो रहे कार्यो की जमीनी हकीकत जानने के लिए संवाददाता द्वारा विकास खंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत घरकुइंया पहुंचकर पड़ताल की गई तो बहुत बड़ा घालमेल उजागर हुआ हैं, जिसे जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। ग्राम पंचायत में कागजों पर चमारन तालाब के जीणोद्धार का कार्य चल रहा था, जबकि सुबह 9 बजकर 26 मिनट गांव पहुंचा गया तो मौके पर एक भी मजदूर नही था। लेकिन कागजों पर 20 मजदूरों की हाजिरी चढ़ाई गई थी जो बड़ी धांधली हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब में कुछ दिन पहले कार्य चल रहा था, इधर एक दो दिनों में यहाँ कोई कार्य नहीं हुआ हैं। इसी ग्राम पंचायत में फौजी रामप्रसाद अमृत सरोवर का निर्माण कार्य चल रहा हैं। जिसमें मौंके पर पहुंचकर देखा गया तो कार्य तो चल रहा था परंतु कागजों के सापेक्ष मौके पर 14 श्रमिक कम पाये गए। कागजों पर 58 मजदूरों की हाजिरी चढ़ाई गई थी लेकिन मौंके पर महज 44 ही श्रमिक ही कार्य कर रहे थे। कुल मिलाकर इस ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों में बड़ा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। हैरत कि बात तो है यह कि ब्लॉक के अधिकारियों को इस मामले में कुछ पता ही नहीं है और वे पूरी तरह से अनजान बने हुए हैं जो की यह बात किसी के गले के नीचे नहीं उतर रही हैं।

इस ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना से हो रहे चमारन तालाब के जीणोद्धार कार्य कागजों पर ही चल रहा था और मास्टररोल पर बकायदा 20 मजदूरों की हाजिरी चढ़ाई गई थी मौंके पर एक भी मजदूर कार्य करते हुए नहीं मिला। इसी गांव में हो रहे अमृतसरोवर के निर्माण कार्य में भी कागजों की सापेक्ष मौके पर 14 मजदूर कम पाये गए जो एक बड़ी धांधली है। कुलमिलाकर उक्त दोनों जगहों पर मिलीभगत से कागजों पर फर्जी मजदूरों की हाजिरी चढ़ाकर बड़ा घोटाला किया जा रहा हैं, तो वहीं इस जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। इस सम्बंध में पंचायत सचिव सत्य प्रकाश वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोई फर्जी हाजिरी नहीं चढ़ाई जा रही है कार्य सही हो रहा है। वही खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि इसकी सोमवार को जाँच कराई जायेगी यदि मामला सही पाया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शिन्दे गुट ने मनाई खुशी

**अवधनामा संवाददाता**

**बाराबंकी।** नरेन्द्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर आज शिवसेना (शिंदे गुट) जिला कार्यालय किशन कॉम्लेक्स सिविल निकट जमुरियापुल पर मिठाई लड्डू खिलाकर खुशियां मनाई गई जिसमें जिलाध्यक्ष किशनलाल रावत ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री एवं समस्त मंत्रीमंडल को शपथ ग्रहण की बधाई दी और सभी कार्यकर्ता को लड्डू खिलाकर सरकार को बधाई दी इस अवसर पर चंद्र प्रकाश गुप्ता नगर उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी,अनिल शर्मा नगर अध्यक्ष शिवसेना, अनुज दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी, जिला प्रवक्ता विजय कुमार द्विवेदी, शेर बहादुर शेरा जिला महासचिव, चंद्रेश कुमार सैनी, राजवंत शर्मा, श्री कृष्ण, राम तीरथ, तेजराम, ननकऊ रावत, कलिका,शिवप्यारी तहसील महिला प्रभारी, मनीष आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशासन ने मादक पदार्थों तस्करों की 7 करोड़ 55 लाख की संपत्ति जब्त की

**अवधनामा संवाददाता**



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना की 7 करोड़ 55 लाख रुपये की संपति को कुर्क किया गया है। जानकारी के। मुताबिक गिरोह के सरगना तारिक अनवर पुत्र मो0 मुश्ताक निवासी ग्राम टेरा थाना जैदपुर और गिरोह के सक्रिय सदस्य मो0 शादाब पुत्र मुमताज निवासी ग्राम टेरा थाना जैदपुर के साथ मिलकर विगत 8-10 वर्षों से आर्थिक व भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त हैं। गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्यों से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न किये जाने के साथ ही साथ युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस अपने बच्चों को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस संगठित गिरोह के द्वारा कारित किये जा रहे आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर सरगना तारिक अनवर पुत्र मो0 मुश्ताक और उसके साथी मो0 शादाब उपरोक्त द्वारा अपने परिजनों के नाम पर अर्जित की गई चल/अचल सम्पत्ति (ग्राम कोला गहबड़ी परगना सतरिख स्थित विभिन्न भूखण्ड पर निर्मित राइसमिल व 18 दुकानें, ग्राम टेरा परगना सतरिख स्थित 03 अदद भूखण्ड) की वर्तमान में उस स्थान पर प्रचलित बाजार दर के अनुसार अनुमानित कीमत लगभग 7 करोड़ 55 लाख रुपये बताई जा रही है। जिसको प्रशासन ने कुर्क कर लिया है।

# इडियट्सखंड़जा उखाड़ कर बना डाली दिवाल शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही पीड़ित परेशान लगाई एसपी से न्याय की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** गोण्डा जिले के परसपुर थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत हरदिहासपौर में दबंगो ने गाँव में लगे खड़ंजा व नाली को उखाड़कर दिवाल बना डाली पीड़ित ने थाने से लेकर तहसील तक शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई जिससे परेशान होकर एसपी गोण्डा के दरबार में न्याय की गुहार लगाई है देखना ये होगा की एसपी के आदेश का पालन होगा या शिकायत कूड़ेदान में डाल दी जायेगी।

गोण्डा जिले के परसपुर थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत हरदिहासयौर के मजरा सीरपुरवा निवासी पीड़ित मलखान यादव पुत्र भदई यादव ने एसपी गोण्डा बिनीत जयसवाल को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की गाँव के अजय, राकेश पुत्रगण श्यामलाल अमिरका पुत्र अभिलाख व ददद्दू पुत्र अमिरका जो एक गिरोहबंद दबंग व सरकस व्यक्ति है जिन्होने दबंगई दिखाते हुए गाँव में लगे सरकारी खड़ंजे व नाली को उखाड़कर राष्ते की जमीन पर नींव भरवा रहे है जिससे प्रार्थी के आने जाने का राष्ता बन्द हो गया है।रोकने पर जानमाल की धमकी देते हुए अमादा फौजदारी हो रहे है इनके आंतक से प्रार्थी भयभीत है।थाने पर शिकायत की लेकिन दबंगो के प्रभाव से कोई कार्यवाही नही होरही है।जिससे प्रार्थी बहुत परेशान है।

जबकि एक शिकायत उप जिलाधिकारी करनैलगंज भरत भार्गव से की जिस पर तत्काल जाँच कर अबैध कब्जा रोकने का आदेश दिया जो थाने में पहुँचते ही कूड़ेदान में डाल दिया गया है। अब देखना ये होगा की पुलिस अधीक्षक गोण्डा बिनीत जयसवाल के आदेश का पालन परसपुर थाने पर होता है या शिकायत कूड़ेदान में डाली जायेगी जो अभी अंधेरे में है।

# जेईई एडवांस में मिली सफलता से परिजनों में हर्ष

**महराजगंज।** निचलौल विकास खंड के ग्राम पंचायत पकड़ी भारत खंड के ग्राम प्रधान सुनील गुप्ता के पुत्र अंकित कुमार गुप्ता ने इस वर्ष की जेईई एडवांस की परीक्षा में सफलता हासिल किया है। उसने इस परीक्षा में 148 अंक हासिल कर ओबीसी में 2063 रैंक हासिल किया है। उसने जेईई मेंस में 98.38 पेरेंसेंटाइल अंक हासिल किया था। अंकित ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा 2022 में सेंट जोसेफ्स स्कूल सिसवा से अच्छे अंकों से उत्तीर्ण किया था। इस वर्ष एसकेएसडी स्कूल सिसवा से सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में 93.6 पाकर जिले का नाम रोशन किया है। इंटर की पढ़ाई के साथ वह जेईई मेंस की परीक्षा की ऑनलाइन तैयारी भी कर रहा था। इस परीक्षा में सफलता मिलने पर उसके परिजनों और गांव के लोगों में खुशी का माहौल है।

# भूमि की बकाया धनराशि भुगतान का डीएम ने दिया निर्देश

**जिलाधिकारी ने एनएच के निर्माण की समीक्षा बैठक की**

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज।** जिला सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने एनएच गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग के अन्तर्गत जनपद महराजगंज क्षेत्रांतर्गत सड़क निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने प्रतिकार भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम राजमार्ग निर्माण हेतु अधिगृहीत जमीनों व मकानों के प्रतिकर भुगतान वितरण, संरचनाओं को हटाए जाने, छूटे हुए मकानों के मूल्यांकन और वृक्षों के कटान के संबंध में अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के साथ चर्चा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं से सड़क निर्माण के प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी जिम्मेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण हेतु गजट के अनुसार भूमि के बकाया धनराशि का भुगतान 20 जून तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा अगली समीक्षा बैठक में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार नौतनवां व फरेंदा की संयुक्त जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए निर्देशित किया गया कि हल्का लेखपाल के माध्यम से समय से प्रतिकर भुगतान की धनराशि का वितरण सुनिश्चित करें। अगली समीक्षा बैठक की तिथि आगामी 20 जून तक निर्धारित करते हुए हल्का लेखपालों को कड़ा निर्देश दिया कि प्रतिकर भुगतान का वितरण प्राथमिकता के आधार पर उक्त तिथि से पूर्व पूर्ण करें। शिथिलता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, परियोजना निदेशक एनएचएआई ललित प्रताप पाल, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी व अतिरिक्त उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा, उपजिलाधिकारी नौतनवा नंद प्रकाश मौर्या, उपजिलाधिकारी नवीन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपास्थित रहे।

# कार से नेपाल भेजी जा रही नशीली दवा बरामद, दो गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**महराजगंज।** बरगदवा थानाक्षेत्र के एसएसबी व पुलिस की संयुक्त जांच में रविवार की शाम नेपाल की तरफ जाने वाले एसएसबी के चकरार मार्ग पर एक कार से भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद हुआ। बरामद दवा के साथ वाहन व दो तस्कर हिरासत में लेकर एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, कांस्टेबल शम्भू कुमार, कांस्टेबल धन्नजय कुमार,स्वाट टीम के प्रभारी देवेंद्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, राजबीर पाठक, दीपक, हृदेश,व बरगदवा थाना के उपनिरीक्षक राजीव तिवारी,हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार की टीम ने रविवार की शाम चकरार मार्ग पर नशीली दवा की तस्करी की सूचना पर वाहनों की सघन जांच कर रहे थे। उसी दौरान स्विफ्ट डिजायर कार नेपाल की तरफ जाता हुआ दिखा। वाहन को रोककर तलाशी लेने पर तीन झोले में रखा हुआ 499 डायजापाम इन्जेकशन, 523 ब्युपरनार्फीन इन्जेकशन ,500 प्रोमेंथोजाइन, 484 एनआरएक्स इंजेक्शन, एक अदद मारुति कार स्विफ्ट डिजायर,दो हेडसेट मोबाइल, एटीम कार्ड, व 140रुपये नगद बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर सनी जायसवाल निवासी पीपीगंज जनपद गोरखपुर व इरशाद निवासी सडकहवा कोतवाली ठूठीबारी को एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में चालान भेज गया जहां से आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# जम्मू कश्मीर मे हुए आतंकी हमले मे मां वैष्णव देवी दर्शन करने गये गोण्डा के आठ श्रद्धालू घायल

- घायलो की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने पीडित परिजनो से मिल हर संभव मदद का दिया आश्वासन
- गोण्डा के घायलो की मदद के लिए जिला प्रशासन ने एसडीएम व सीओ के नेतृत्व मे टीम जम्मू के लिए किया रवाना
- सांसद गोण्डा नवगठित सरकार मे बने राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने वीडिओ कालिंग कर परिजनो का जाना हाल

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जम्मू कश्मीर मे हुए आतंकी हमले मे बस खायी मे पलटने से गोण्डा के आठ लोग घायल हुए है। ये सभी लोग तीर्थ यात्री मां वैष्णव देवी के दर्शन करने गये हुए थे शिव खेडी से दर्शन कर लौटते समय शिवखेडी व कटरा के बीच आतंकवादि ने बस पर घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग करदी जिससे बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस खायी पल्ट गयी है जिला प्रशासन ने सूचना मिलते ही घायलो के परिजनो से सम्पर्क घायलो की स्थिति से अवगत कराते हुए जम्मू कश्मीर के लिए एसडीएम व सीओ के नेतृत्व मे टीम रवाना कर दी है।

जिले के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भिखारीपुर से देवी प्रसाद गुप्ता पुत्र सूर्य नाथ 39, नीलम गुप्ता पत्नी देवी प्रसाद 38,प्रिन्स गुप्ता पुत्र देवीप्रसाद गुप्ता 14,पलक पुत्री देवी प्रसाद गुप्ता 10,अपने बहनोई राजेश गुप्ता पुत्र नन्द गोपाल गुप्ता 52 व बहन बिटटन गुप्ता पत्नी राजेश गुप्ता 48 खिरिया मजगवा थाना वजीरगंज तथा अपने साले दिनेश गुप्ता स्वर्गीय हरिप्रसाद गुप्ता 25 जवाहर नगर कानपुर एवं मित्र दीपक कुमार राय पुत्र कैलाश नाथ राय 28 मनकापुर गायत्री नगर सहित आठ लोग 4 जून को गोण्डा जंक्शन रेलवे-स्टेशन समर स्पेशल से जम्मू मां वैष्णव देवी के लिए रिजर्वेशन कराया था। ट्रेन का टाइम रात्रि दस बजे था लेकिन ट्रेन सुबह लगभग तीन बजे आयी थी।ये सारे लोग एक साथ जम्मू पहुंचकर मां वैष्णव देवी का दर्शन कर रविवार को शिव खेडी से दर्शन कर प्राइवेट बस से कटरा के लिए लौट रहे थे रात्रि ग्यारह बजे घर वापसी के लिए इनकी ट्रेन थी। इसी बीच जम्मू कश्मीर के रियासी जिले रनसू इलाके मे शिवखेडी व कटरा के बीच पौनी कांडा के पास शाम को लगभग 06ः 15 मिनट पर आतंकवादियो ने अंधाधुंध फायरिंग कर हमला बोल दिया। जिससे बस खायी पलट गयी जिसके चलते 9 लोगो की मौत हो गयी थी 33 लोग के घायल हुए है। जिसमे गोण्डा के आठ लोगो के घायल होने की सूचना जम्मू कश्मीर राज्य से मिलने के बाद डीएम नेहा शर्मा ने एसडीएम मनकापुर यशवन्त राव के नेतृत्व तहसील की राजस्व टीम के साथ पीडित परिजनो के घर भेजकर यह आश्वस्त कराया की सभी घायलो के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की गयी है जिनका इलाज जम्मू मेडिकल कालेज सेंटर व कटरा मेडिकल कॉलेज सेंटर मे चल रहा है तथा जिले से एसडीएम विश्वमित्र सिंह व एक सीओ स्तर के अधिकारी को तत्काल जम्मू-कश्मीर भेजा जा रहा है जो घायलो की स्थित की जानकारी करते हुए परिजनो को अवगत करायेगा। सूचना मिलने के बाद बजरंग लाल गुप्ता घायल देवी प्रसाद का भाई जो दिल्ली से जम्मू के लिए रवाना हो गया है हनुमान प्रसाद गुप्ता गोण्डा से घायल अपने परिजनो को देखने के लिए जम्मू अमरनाथ एक्सप्रेस से रवाना हुए है।

घटना की सूचना मिलते ही गोण्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया राज्य मंत्री भारत सरकार ने आतंकी हमले मे घायल देवी प्रसाद गुप्ता के पिता सूर्य नाथ गुप्ता व भाई बजरंग लाल गुप्ता से वीडिओ काल कर बात करते हुए हर संभव की मदद का आश्वासन दिये है।

## वीडिओ काल कर घायलो से बात की परिजनो ने

आतंकी हमले मे घायल देवी प्रसाद सहित गोण्डा के सभी घायलो से परजिनो ने बात की है। देवी प्रसाद के पिता सूर्य नाथ गुप्ता व माता इंद्रावती ने बताया है की घायल बेटा-बहू पोता -पोती व दामाद-बेटी जम्मू के मेडिकल कालेज मे भर्ती है वही बेटे का साला कटरा मे भर्ती है सभी का इलाज चल रहा है।सभी से वीडिओ कालिंग पर बात हुई है।

## घायल परिजनो से राज्य मंत्री भारत सरकार कीर्तिवर्धन सिंह ने वीडिओ काल कर बात की

घायल देवी प्रसाद गुप्ता के पिता सूर्य नाथ गुप्ता ने बताया सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया ने मोबाइल पर वीडिओ काल कर बात की है हर मदद देने का आश्वासन दिया है।

# ग्राम प्रधानों ने 05 सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**




**नवाबगंज (गोण्डा)।** खंड विकास कार्यालय पर सोमवार को क्षेत्रीय प्रधान और प्रधान प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित 05 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्रा को सौंपा साथ ही मांगे ना पूरी होने पर धरना और भूख हड़ताल करने की चेतावनी भी दी है।

दरअसल पंचायती राज विभाग द्वारा जारी किए गए नये शासनादेश के तहत ग्राम पंचायतों में एक नियत अवधि के लिए मानदेय पर नियुक्त पंचायत सहायक/डाटा इंट्री आपरेटर को पंचायत गेटवे साफ्टवेयर में फेस रिकाग्निशन तकनीक एवं क्यू आर कोड वेरीफिकेशन को एकीकृत कर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से पंचायत सचिवालय में लगे कम्प्यूटर सिस्टम से भुगतान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

इस शासनादेश से आक्रोशित ग्राम प्रधानों और प्रतिनिधियों ने मांग की है कि पंचायत सहायकों की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर हुई है जिसकी अधिकतम सीमा 03 वर्ष हैं। पंचायत सहायकों का चयन मेरिट के आधार पर किया गया है जिन्हे कोई तकनीकी ज्ञान नहीं है इसलिए पंचायत सहायकों को भुगतान की प्रक्रिया में शामिल ना किया जाये। पंचायत में होने वाले भुगतान की जिम्मेदारी प्रधान और सचिव की होती है कोई भी वित्तीय अनियमितता होने कारवाई भी प्रधान और सचिव पर होती है।

ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर भुगतान के लिए सचिव एवं ग्राम प्रधान की प्रोफाइल और लागिन पंचायत सहायक द्वारा किया जान अव्यवहारिक एवं अनुचित है।

प्रधानों ने कहा कि भुगतान संबंधित प्रक्रिया में किसी भी रूप में पंचायत सहायकों का दखल उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ है यदि शासनादेश को जल्द ही निरस्त नहीं किया गया तो भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान प्रधान लालजी सिंह, निर्मला देवी, दुर्गावती, रुद्र प्रताप सिंह, दुर्गा सिंह, कुलदीप सिंह, श्याम बाबू शुक्ला, चिंतामणी तिवारी, इंद्र भूषण पाठक अनिमेष सिंह रिशू सिंह रंगेश पांडेय सहित विभिन्न गांवों के प्रधान एंव प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल प्रेस्टीजियस अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. भास्कर शर्मा

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर भास्कर शर्मा सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए इंदौर में इंटरनेशन प्रेस्टीजियस अवार्ड से सम्मानित किया गया।



9 जून 2024 को इंदौर में अयोजित अवार्ड समारोह में सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉक्टर भास्कर शर्मा को इंटरनेशनल प्रेस्टीजियस अवार्ड तथा एक लाख एक हजार रुपए का चेक देकर सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बिंदु दारा सिंह, शैतान सिंह पाल अध्यक्ष और डायरेक्टर मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट एंड कारपोरेशन लिमिटेड, डॉक्टर सी एल यादव प्राचार्य इंडेक्स होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर मध्य प्रदेश ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉक्टर भास्कर शर्मा ने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र पद्धति की 156 पुस्तकों का लेखन किया है। डॉ भास्कर शर्मा का नाम लार्जेस्ट होम्योपैथी लेसन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। साथ ही साथ उनके नाम 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है। डॉ भास्कर शर्मा के विश्व के टॉप रिसर्च जनरल पबमेड, स्कॉपस, पीर रिव्यूड, यूजीसी केयर रिसर्च जर्नल में सौ से अधिक शोध प्रकाशित हो चुके हैं। डॉक्टर भास्कर शर्मा ने होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट शोध कार्यों से अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अपने जन्म भूमि का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके अलावा यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन अमेरिका द्वारा डॉक्टर भास्कर शर्मा को प्रशंसा पत्र के साथ एक लाख का पुरस्कार भी दिया गया है। सीबीजी इंटरनेशन महाराष्ट्र ने भी एक लाख का पुरस्कार दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप जी ने प्रेसीडेंशियल एक्टिव लाइफ स्टाइल अवार्ड तथा प्रेसीडेंशियल यूथ फिटनेस अवॉर्ड विथ गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है।

पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नायक जी ने होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा था। डॉ शर्मा को पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी ने सर्जना पुरस्कार के साथ बीस हजार रुपए का पुरस्कार भी दे चुके है। डॉ शर्मा को पूर्व राज्यपाल असम डॉ भीष्म नारायण सिंह तथा पूर्व राज्यपाल मध्यप्रदेश डॉ महावीर भाई जी, पूर्व उपप्रधानमंत्री थाईलैंड कॉर्न डब्बारंसी, काठमांडू नेपाल राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी जी, न्यायाधीश हाईकोर्ट इलाहाबाद श्री रविंद्र सिंह, न्यायाधीश हाईकोर्ट इलाहाबाद श्री शेखर यादव जी ने भी कई अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ एलेन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉक्टर कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, स्टार आफ होम्योपैथी अवॉर्ड लंदन, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड नाइजीरिया, ग्लोबल आईकॉन पर्सनालिटी अवार्ड अफ्रीका, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी श्री गोवा, होम्योपैथी रत्न दिल्ली, चिकित्सा रत्न दिल्ली आदि सम्मान मिल चुके है। सम्मान पाने की खुशी में डॉक्टर अनिल गुप्ता, डॉक्टर कल्याण स्वरूप, डॉ.नसीम अख्तर , डॉ महेंद्र शुक्ला डॉ अजीत डॉ सी एल यादव डॉ मनोज शर्मा डॉ वीरेंद्र त्रिपाठी डॉ बीके बजाज डॉ ज्योति बजाज आदि लोगों ने बधाइयां दी।

# भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में आशाओं को एचबीवाईसी प्रशिक्षण के पांचवें बैच का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने में आशा बहुओं की अहम भूमिका होती है। यह बातें सोमवार को भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में आयोजित एचबीवाईसी प्रशिक्षण में आशाओं की भूमिका व उनके कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा बताया। आशाओं के पांचवें वैच के पहले दिन के प्रशिक्षण का शुभारंभ अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मास्टर ट्रेनर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सभी आशा अपने क्षेत्र में कम से कम पांच बार गृह भ्रमण बच्चों व गर्भवती महिलाओं के साथ ही धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी रखें। सुषमा द्विवेदी ने आशा बहुओं को गृह भ्रमण के दौरान बच्चों में एनीमिया, तेज बुखार, निमोनिया, आदि के लक्षण पाए जाने पर तत्काल इलाज के लिए संदर्भित करें। कुपोषित बच्चों के आरंभिक स्थिति में सही पोषण व देखभाल करें जिससे नवजात शिशुओं के मृत्यु दर को कम किया जा सके। बीसीपीएम मैराज अहमद ने आशाओं को बताया कि आंगनबाड़ी, आशा संगिनी के साथ मिलकर निर्धारित समय पर गृह भ्रमण पर विशेष ध्यान दें जिससे समय पर जरूरी स्वास्थ सुबिधा उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान फूल कुमारी, सूर्यदेव सिंह, हेमलता, लक्ष्मी, अनीता, छाया, शान्ती, विमला, सुशीला, वंदना आदि उपस्थित रहे।

## आईआईटी एडवांस परीक्षा में 496वीं रैंक हासिल कर नाम किया रौशन

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** देश की जानी मानी आई आई टी एडवांस परीक्षा में ऑल ओवर इंडिया में 496 रैंक लाकर अंबेडकरनगर के लाल अली ने नाम किया रौशन। अंबेडकरनगर जनपद के जलालपुर तहसील के रहने वाले मछली गांव के जैगम हुसैन के घर लोगो का बधाई देने वाला का तांता लग गया, आज जैसे ही आई आई टी एडवांस परीक्षा का रिजल्ट आउट हुआ जिसमे अंबेडकरनगर के जलालपुर तहसील के मछली गांव निवासी जैगम हुसैन के बड़े बेटे ने ऑल इंडिया में 496 रैंक का लोगो को पता चला तो लोगो ने अली और उनके परिवार को बधाई देना शुरू कर दिया। अली हुसैन अपनी इस मेहनत का श्रेय अपने अध्यापकों और परिजनों के साथ अपने चचेरे भाई मोहम्मद हुसैन को देते है जो इस समय आई आई टी दिल्ली से पढ़ाई कर रहा है।



## डीएम ने किया विभिन्न केन्द्रो का निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बीएड प्रवेश परीक्षा 2024- 26 जनपद के विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। बीएड प्रवेश परीक्षा 09 जून 2024 की प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई । जिलाधिकारी ने बी.एन. इण्टर कॉलेज अकबरपुर, बी.एन. के.बी. पी.जी. कॉलेज अकबरपुर तथा संत कबीर इण्टर कॉलेज सैदापुर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की निगरानी के बीच परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में निर्धारित समय प्रातः09.00 बजे से बीएड प्रवेश परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा के मुख्य द्वार पर छात्र-छात्राओं की तलाशी के बाद ही प्रवेश मिला। जिलाधिकारी ने केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा कक्षों का जायजा लिया गया, उन्होंने केंद्रों पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा नियंत्रण कक्ष में लगे सीसीटीवी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सभी कक्षों का गहनता से निगरानी किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर विरेंद्र बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष सम्मनपुर राजेश सिंह उपस्थिति रहे।

## कांग्रेस पार्टी हर विधानसभा में आयोजित करेगी धन्यवाद आभार यात्रा : विजय शंकर तिवारी

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उप्र कांग्रेस के क्रांतिकारी और यशस्वी अध्यक्ष श्री अजय राय जी के निर्देश पर प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के हर ब्लाक और नगर में धन्यवाद और आभार यात्रा निकालकर जनता से संवाद स्थापित करेगी. जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनों से मुखातिब थे उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को अपार जनमत समर्थन देने के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी अपने लोकसभा क्षेत्र के हर ब्लाक और नगर में संगठन के पदाधिकारियों के साथ डोर टू डोर संपर्क कर देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करेंगे।

जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी और उप्र कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी के नेतृत्व में कांग्रेस जनता के हक और न्याय की आवाज बुलंद करती रहेगी और जब भी हमारी सरकार बनेगी हम अपने हर वादे पर शत प्रतिशत खरा उतरेंगे इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र अक्षरशः लागू करेंगे।

## महिला के साथ गंदी हरकत करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** छत पर सो रही महिला के साथ गंदी हरकत कर कपड़ा फाड़ लोक लज्जा भंग करने वाले युवक के विरुद्ध पुलिस ने छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।घटना थाना के एक बाजार में बीते रविवार की रात घटित हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे थाना की निवासिनी महिला मालीपुर थाना के एक बाजार में ब्यूटी पार्लर की दुकान चलाती है। बीते सोमवार शाम को वह छत पर सो रही थी इसी दौरान धौरुवा हरिजन बस्ती निवासी बिपुल उपाध्याय छत पर चढ़ गया और गंदी हरकत शुरू कर कपड़े फाड़ दिया। नीद से जगने पर इज्जत बचाते हुए चिल्लाने लगी। आसपास के कई लोग जुट गए और आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान द्वारा सोमवार को सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों वरिष्ठ नेताओं के साथ विधि विधान से पूजन अर्चना कर हवन कर पूजन का समापन किया। कार्यक्रम समापन होने के उपरांत जिलाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पिछले सात माह से भाजपा कार्यालय पर संचालित हो रहे कॉल सेंटर में सेवा देने वाले सभी बच्चे बच्चियों को आज आखिरी दिन सभी को जिलाध्यक्ष ने विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा व पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी के साथ



**भाजपा कार्यालय पर संचालित कॉल सेंटर में सेवा देने वाले बच्चे बच्चियों को किया गया सम्मानित**

सभी को अंग वस्त्र, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह वितरित कर शुभकामनाए दिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर, बृजबिहारी मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, तेजू विश्वकर्मा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, चेयरमैन विकास जायसवाल, हेमंत जायसवाल, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, बिंदुमती मिश्रा, कार्यालय मंत्री आशीष शुक्ला, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, किसान मोर्चा अजय शर्मा, भाजपा नेता मंगल चौरसिया, संतोष शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव खत्म होने के बाद सपा लोकसभा प्रत्याशी ने लोगों से किया सम्पर्क



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद गांव गांव जनसंपर्क कर लोकसभा चुनाव मे सपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में रहे भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी क्षेत्र की महिलाओं एवं बुजुर्गो व बहनों और अपने समर्थकों से सोहास दहला सेमरहवा बनियाडीह ,लोटन सिकरी बाजार पचमा ठोठरी मे मिलकर चुनाव मे मिले वोटो पर चर्चा किये।

उन्होंने ने कहा की चुनाव मे हार जीत लगा रहता है लेकिन हम अपने कार्यकर्ताओं के लिए हरदम कदम से कदम मिला कर चलने के लिए तैयार रहेंगे। चुनाव मे हमे सभी वर्गो का अपार सहयोग मिला जिस तरह हर वर्ग का सहयोग मिला है हम क्षेत्रवासियों के मान सम्मान के लिए सदैव तैयार रहेंगे जिले के लोगों का कर्जदार है। हमारे लोगों ने बताया की रसियावल कला टोला चिउरहीया मे आकाशीय बिजली गिरने से एक बालक घायल हो गया और एक बालक की मृत्यु हो गई व बहादुरपुर मे भी एक व्यक्ति की मृत्यु होने की हमे जानकारी मिली तो हमने सोचा की उस परिवार से मिलकर मदद करना चाहिए।

# महिला मनरेगा मजदूरों ने पीड़ित परिवार के साथ की मारपीट

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मनरेगा की महिला मजदूरों और पीड़ित परिवार के साथ हुई मारपीट में पुलिस ने भीम आर्मी के हस्तक्षेप पर ग्राम प्रधान समेत 10 से 15 अज्ञात महिलाओ के विरुद्ध मारपीट तोड़फोड़ आगजनी, एस सी एस टी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रकरण मालीपुर थाना के खजुरी करौंदी गांव में सोमवार की सुबह घटित हुई थी। सोमवार को जलालपुर ब्लॉक के टिकरी ग्राम पंचायत के प्रधान दीपक सिंह कई महिला मनरेगा मजदूरों के साथ खजुरी करौंदी बार्डर पर स्थित खलिहान की जमीन की साफ सफाई करने पहुंचे।इसी सरकारी जमीन पर दलित परशुराम ने लकड़ी आदि रखकर कब्जा जमा लिया था।जब मनरेगा महिला मजदूर खलिहान की जमीन पर रखा गया लकड़ी आदि हटाने लगी जिससे नाराज परशुराम के घर की महिलाएं इसे रोकने लगी।इसी बात को लेकर परशुराम के घर की महिलाएं मनरेगा मजदूरों को अपमानित करते हुए लकड़ी आदि पुनः वही रखने लगी। वाद विवाद के बीच मनरेगा मजदूरों और परशुराम के घर के महिलाओ के बीच गुत्थम गुत्था शुरू हो गई। वहां मौजूद दोनो पक्ष के पुरुष बीच बचाव करने लगे।इसी दौरान सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस मामले को शांत करा कर कार्य बंद करा दिया और दोनो पक्षों को थाना जाने का निर्देश दिया। परशुराम अपने घर की महिलाओ और प्रधान मनरेगा मजदूरों को लेकर थाना चले गए। **छप्परयुक्त गोशाला में लग गई आग :** इधर दोनो पक्ष के लोग थाना चले गए उधर परशुराम के छप्पर युक्त मकान में आग लग गई। छप्पर में आग लगते ही वहां अफरा तफरी मच गई। आग की सूचना पर ग्रामीण बाल्टी आदि से आग बुझाने का प्रयास करते हुए आसपास बंधे जानवरो को छुड़ा दिया। जब तक फायर टेंडर पहुंचती तब तक छप्पर में रखा भूसा और गेंहू के साथ पूरा छप्पर स्वाहा हो गया।दलित का घर ठाकुर प्रधान द्वारा जलाने का आरोप लगाकर भीम आर्मी मंडल पदाधिकारी पहले शोशल मीडिया पर आग की घटना पोस्ट किया।अपने दर्जनों समर्थको के साथ घटना स्थल पहुंचे। वहां की स्थित देखा और थाना पहुंच गए और मुकदमा दर्ज नही होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।पुलिस ने परशुराम को तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत अन्य 10 से 15 महिलाओ के विरुद्ध आगजनी मारपीट तोड़फोड़ एससीएसटी आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया कि दलित परशुराम की तहरीर पर प्रधान और 10 से 15 अज्ञात महिलाओ के विरुद्ध मारपीट आगजनी एस सी एस टी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।प्रधान दीपक की तहरीर पर सुरेश वर्मा, परशुराम और सूरज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# विधानसभावार धन्यवाद यात्रा निकालेगी कांग्रेस

### लोकसभा चुनाव में मिले जनसमर्थन के उपलक्ष्य में कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा 11 से



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिले अपार जनसमर्थन के बाद कांग्रेस पार्टी ने विधानसभावार ध्सन्यवाद यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इसकी शुरूआत 11 जून को और समापन 15 जून को होगा। पार्टी कार्यालय पर आहूत बैठक में जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने बताया कि 12 जून को रूधौली, 13 को कप्तानगंज, 14 को महादेवा और हरैया तथा 15 जून को सदर विधानसभा क्षेत्रों में धन्यवाद यात्रा निकाली जायेगी। इसमें सभी कांग्रेसजन हिस्सा लेंगे कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कांग्रेस पार्टी के 5 गारण्टियों का असर था कि 2014 के बाद पहली बार पार्टी को इतनी बढ़त मिली। ऐसे में सम्मानित जनता के प्रति आभार ज्ञापन जरूरी है। उन्होने कहा 18 वीं लोकसभा का गठन बैशाखी पर हुआ है। एनडीए के घटक दलों को जनकसरोकारों और देश से कोई मतलब नही है। सौदे पर आधारित समझौता कितने दिनों तक चलता है यह देखना होगा। बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विश्वनाथ चौधरी, सुनील पाण्डेय, शौकत अली नन्हू, गिरजेश पाल, अतीउल्लाह सिद्धीकी, आरबी भारती, लक्ष्मी यादव, डीएन शास्त्री, अलीम अख्तर, मनोज कुमार त्रिपाठी, अशोक श्रीवास्तव, सलाहुद्दीन बित्तन, इजहार अली आदि मौजूद रहे।

# गर्भवती महिलाओं के हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



अधीक्षक डॉ.शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सलोनी, रिंकी, सुधा, तारा, कुसुम, जुबेदा, लीलावती, फरजाना, सीमा, दीपा, रीता, साधना, रहीम मंजू, अल्का आदि सहित कुल 67 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया गया। 16 उच्च जोखिम वाले महिलाओं को चिन्हित किया गया, इसका मुख्य कारण उच्च रक्त चाप, फीटस का बेड़ा होना, गंभीर एनिमिया, प्लेसेंटा का विकृत होना आदि पाया गया। डा. ओझा के द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक माह के 1, 9, 16 तथा 24 तारीखों को ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को आशा बहू के माध्यम से कम से कम एक बार सीएचसी पर हेल्थ चेकअप एवं चिकित्सीय परामर्श दिया जाना अनिवार्य होता है, इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है।

इस दौरान डॉ.एल बी यादव, प्रेम कुमार त्रिपाठी, डॉ.श्रीया चौधरी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, कु. वर्षा सागर, सुमन, कृष्ण गोपाल पांण्डेय, रविंद्र कुमार, दुर्गावती आदि शामिल रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने अधिशासी अभियंता से विशेष मरम्मत योजना के तहत कराएं गये कार्यों का मांगा ब्योरा

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय वर्मा ने पीडब्ल्यूडी विभाग के निर्माण खंड/प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर विशेष मरम्मत योजना के तहत हुए कार्यो व उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यो पर शासन द्वारा जारी किए गए 76 करोड़ रुपए की धनराशि में कार्यो की सूचना एक सप्ताह में देने का निर्देश दिया है। विधायक ने दोनों खंडों के अधिशासी अभियंताओं को लिखे पत्र में उन्हें निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष 2023 -2024 में विशेष मरम्मत योजना के तहत पूरे व अधूरे कार्य और स्वीकृत धनराशि में खर्च हुए धनराशि की सूचना एक सप्ताह में उन्हें दें। इसके अलावा उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यों पर शासन द्वारा 76 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित करवाई गई थीं जिसका शिलान्यास भी उन्होंने किया था, उन कार्यो की मौजूदा स्थिति के बारे में भी उन्हें एक सप्ताह में अवगत कराया जाएं।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने पर भाजपाइयों ने मिठाई बाँट किया ख़ुशी का इज़हार

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए जाने पर भाजपाइयों ने जगह-जगह आतिशबाजी कर मिष्ठान खिलाते हुए जश्न मनाया।भाजपा नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र और नगर उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने लोगों का मुंह मीठा करते हुए खुशियां साझा की। वही नगर पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए देर रात तक खुशी का इजहार किया। नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने बताया कि भारत को मजबूत करने और भारत की साख को विश्व में स्थापित करने वाले नरेंद्र मोदी ने सर्व समाज के हृदय में एक अमिट छाप स्थापित की है। इसीलिए उनको पुनः देश की सेवा करने का अवसर देश की जनता ने दिया है। देश को अखंड भारत बनाने की जिम्मेदारी भी मोदी के ही कंधों पर है। नगर मंत्री अमित गुप्त, रोशन सोनकर, बैचन पांडे, गौरव उपाध्याय, अमित आदि ने समर्थकों के साथ शपथ ग्रहण समारोह का सजीव प्रसारण देखा, बाद में विभिन्न स्थानों पर जमकर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। नगर महामंत्री विकाश निषाद ने बताया कि यह हम सभी के साथ साथ देश वासियों के लिए भी गौरव का क्षण है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं ही इसके साथ ही जिस तरह से उन्होंने विश्व में अलग पहचान बनाई है वह उनको विश्व का शीर्ष नेता बनाती है। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष मानिक चंद सोनी, विनोद श्रीवास्तव, संदीप अग्रहरि, अजीत निषाद, रामलाल देवर्षि, त्रिभुवन, औन अब्बास, मनोज पांडे, आशीष सोनी, सोनू गौड़, सतनाम सिंह, सीताराम सोनी, घनश्याम, हरिओम सोनी, विजय, अविनाश गुप्त, जितेंद्र शिल्पी, नरेंद्र सोनी,जितेंद्र गुप्त, संतोष गुप्त, निपेंद्र समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सरकार गठन की सरगरमी

चुनाव के नतीजों ने एनडीए का कद घटाया है विपक्ष को अपेक्षा से अधिक सीट मिलना विपक्ष के कद को बढ़ाया है। कुछ विपक्षी खेमा सरकार बनाने की भी बात कर रहे है। पर यह सिर्फ चर्चा ही रहेगी। जीत तो जीत होती है भले एक वोट की ही जीत हो। एनडीए को आशानुरूप सफलता न मिल पाने की वजह से एनडीए के कुछ घटक सौदेबाजी कर सकते है। पर मोदी के पास प्रशासनिक अनुभव है, उनकी लोकप्रियता है, उनमें क्षमता है वे सभी विरोधाभास पर काबू पा लेगे। हालाकि सहयोगी दलों पर निर्भरता बनी रहेगी। इससे सरकार की गतिशीलता में कुछ कमी आ सकती है। लोकसभा अध्यक्ष और विशेष राज्य दर्जा की चर्चा हवा में है। बड़े निर्णायों के लिये भाजपा के अधिक प्रयास करने होगे।

लोगो की निगाह चन्द्रबाबू और नितीश कुमार पर है जो कुछ असहज भाग कर सकते है। नितीश का दलबदलू स्वभाव लोगे जेहन है। पर अभी कोई ऐसा खतरा नही दिख रहा है। दोनो मोदी के साथ रहने की बात दोहराई है। अब लोगों की निगाह सरकार गठन पर है कि क्या सरकार गठन बिना किसी भेदभाव बिना किसी अवरोध के हो जाता है। क्योकि इस बार भाजपा की घटक दलों पर निर्भरता ज्यादा है।

विपक्ष में कांग्रेस अपने ढचागत हालात में वही है पर इस चुनाव में अपेक्षाकृत कुछ मजबूत होकर उभरी है। राहुल की दो यात्राओं ने कांग्रेस को कुछ मजबूी दी है और राहुल की क्षमता और लोकप्रियता को कुछ बढ़ावा दिया है। अभी तक राहुल को लोग गम्भीरता से नहीं लेते थे पर अब विपक्ष का मजबूत हिस्सा बन गये है। दोनो स्थानों से चुनाव जीत कर अपनी लोकप्रियता पर मोहर लगवाया है। नेहरू परिवार अतिरिक्त उत्साह में आ गया है अच्छी सरकार के लिये लोकतन्त्र के मूल्यों के लिये अच्छा मजबूत विपक्ष वरदान होता है। अभी तक विपक्ष जो सत्तापक्ष के आगे बौना था उत्साह में आ गया है। यह देश के पक्ष में हितकारी होगा। पिछले कुछ समय से राजनीति कुछ संकीर्ण हो गई थी।

सामाजिक क्षेत्र, धर्म, साम्प्रदायिकता के इर्द गिर्द धूमती रही है। अब सामाजिक न्याय, बेरोजगारी और विकास के इर्द गिर्द घूमेगी। राम मन्दिर निर्माण ने धर्म को कुछ ज्यादा गति दे रक्खा था पर अयोध्या के चुनावी नतीजे भाजपा के पक्ष में नहीं जा सके। जबकि मोदी ने सभी नेताओं को मन्दिर और पूजापाठ की ओर अग्रसर करा दिया था। अब दलों के जमीनी राजनिति पर उतरना होगा। क्योकि राजनीति में केन्द्रीयकरण अब नहीं चलेगा, गठबन्धन सरकारे केन्द्र और राज्यों में बनती और चलती रहेगी। जनता सिरमौर है फिर साबित हुआ है लोकतन्त्र मजबूत होकर उभरा है। सत्ता और विपक्ष का समन्वय लोकतन्त्र को और मजबूती देगा।

देश के विकास को और गति देगा। बेरोजगारी और मंहगाई दो प्रमुख समस्याओं को तात्कालिक ध्यान दे सुधार को सन्तोषजनक गति देना सरकार की मजबूरी होगी। सब कुछ के बाद भी मोदी की जय जय। सरकार भंग हो चुकी है। नयी सरकार 9 को शपथ ले ली है। यह कार्यकाल क्या मोदी को चौथी कार्यकाल दे सकता है हवा में है।

गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में। मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है।

# सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी

एक और इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है।



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में। मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता।



इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दो कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी मौलिक सोच एवं दृष्टि से मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि मोदी की तीसरी पारी में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। लेकिन मोदी की कोशिश रहेगी कि वे अपने इन मुद्दों को भी आकार दे सके। इनमें कुछ विलम्ब हो सकता है, लेकिन ये और ऐसे अनेक मुद्दें मोदी की प्राथमिकता बने रहेंगे।

पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी। राजनीति की लंबी पारी ने मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं।

मंत्रिमण्डल का गठन करते हुए ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए। मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया। हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को तीन मंत्री दिये गए हैं। मोदी का मंत्रिमण्डल देश विकास के साथ राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी एवं सशक्त एक तीर से अनेक निशाने साधते हुए दिखा। निश्चित रूप से भाजपा अपने सहयोगी दलों के प्रति उदार एवं समन्वयमूलक रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करेगा।

# शाबाश सुनीता विलियम्स!

विल्मोर और विलियम्स स्टार लाइनर स्पेसक्राफ्ट और उसके सभी सिस्टम का टेस्ट करने के लिए करीब एक हफ्ते तक स्पेस स्टेशन में रहेंगे। बोइंग के स्पेसक्राफ्ट एसयूवी-स्टारलाइनर को डिजाइन करने में सुनीता ने भी मदद की थी। इसस्पेसक्राफ्ट में 7 क्रू सदस्य सवार हो सकते हैं। स्पेसक्राफ्ट बनने के बाद सुनीता विलियम्स ने ही इसका नाम कैलिप्सो रखा था।मिशन सफल हुआ तो नासा के पास पहली बार 2 स्पेसक्राफ्ट होंगे अभी अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है। नासा ने साल 2014 में स्पेसएक्स और बोइंग को स्पेसक्राफ्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। स्पेसएक्स 4 साल पहले ही इसे बना चुकी है।

वैश्विक स्तरपर पर पूरी दुनियां में भारतीयों की बौद्धिक क्षमता का लोहा माना जाता है। यही कारण है कि आज हम पूरी दुनियां के विकसित से विकासशील देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियों को देखें तो उनके सीईओ मूल भारतीय ही होंगे। अभी हमने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के पद के लिए लड़ने के क्रम में तीन मूल भारतीय उम्मीदवार थेजिनमें निक्की हेली अंतिम क्षण तक डटी रही। अनेक देशों के राजनीतिक प्रमुख भी मूल भारतीय ही है जिसमें ब्रिटेन प्रमुख है, व अमेरिका ब्रिटेन सहित कई देशों के संवैधानिक पदों पर व संसद सदस्य भी मूल भारतीय ही हैं जिससे हम सटीकता से कह सकते हैं कि जहां भारतीय का नाम जुड़ा वहां कुछ खास सफलता का झंडा गड़ना तय है। चूंकि अमेरिकी नागरिक भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष यान को उड़ाकर स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बन गई है, जो खुशी से झूम उठी है और इतिहास रच दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, शाबाश सुनीता विलियम्स!



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम अमेरिकी नागरिक भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स के गुरुवार देर रात स्पेस स्टेशन में पहुंचने की करें तो,वह गुरुवार रात 11ः03 बजे स्पेस स्टेशन पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने डांस करके अपनी खुशी जाहिर की। बोइंग के स्पेसक्राफ्ट से तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर गई भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचते ही डांस करती नजर आई। भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का स्पेसक्राफ्ट लॉन्चिंग के 26 घंटे बाद गुरुवार रात 11:03 बजे स्पेस स्टेशन पहुंचा था। इसे गुरुवार रात 9:45 बजे पहुंचना था, लेकिन रिएक्शन कंट्रोल थ्रस्टर में आई परेशानी के कारण पहली कोशिश में यह डॉक नहीं कर पाया। हालांकि, दूसरे प्रयास में स्पेसक्राफ्ट को स्पेस स्टेशन से डॉक कराने में सफलता मिली।दोनों एस्ट्रोनॉट्स बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में जाने वाले पहले एस्ट्रोनॉट बन गए हैं। बोइंग का स्टारलाइनर मिशन बुधवार 5 जून को भारतीय समयानुसार रात 8ः22 बजे लॉन्च हुआ था। फ्लोरिडाके केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशनसे यूएलए के एटलस-रॉकेट से लॉन्च किया गया था। विल्मोर और विलियम्स स्टार लाइनर स्पेसक्राफ्ट और उसके सभी सिस्टम का टेस्ट करने के लिए करीब एक हफ्ते तक स्पेस स्टेशन में रहेंगे। बोइंग के स्पेसक्राफ्ट एसयूवी-स्टारलाइनर को डिजाइन करने में सुनीता ने भी मदद की थी। इसस्पेसक्राफ्ट में 7 क्रू सदस्य सवार हो सकते हैं। स्पेसक्राफ्ट बनने के बाद सुनीता विलियम्स ने ही इसका नाम कैलिप्सो रखा था। मिशन सफल हुआ तो नासा के पास पहली बार 2 स्पेसक्राफ्ट होंगे अभी अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है। नासा ने साल 2014 में स्पेसएक्स और बोइंग को स्पेसक्राफ्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। स्पेसएक्स 4 साल पहले ही इसे बना चुकी है। सुनीता के आईएसएस पहुंचने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें उनके स्पेस स्टेशन पहुंचने पर एक घंटी बजती सुनाई देती है। दरअसल, ये आईएसएस की परंपरा है कि जब भी वहां कोई नया अंतरिक्ष यात्री पहुंचता है, तो बाकी एस्ट्रोनॉट्स घंटी बजाकर उसका स्वागत करते हैं।सुनीत विलियम्स ने आईएसएस के सदस्यों को अपना दूसरा परिवार बताया। उन्होंने कहा, आईएसएस मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। साथ ही उन्होंने शानदार स्वागत के लिए सभी एस्ट्रोनॉट्स को धन्यवाद भी कहा।

साथियों बात अगर हम सुनीता के अंतरिक्ष में उड़ान भरने के अभियान की करें तो, सुनीता ने उड़ान भरने से पहले मिशन कंट्रोल को संदेश भेजकर कहा था-चलो चलते हैं, कैलिप्सो। हमें अंतरिक्ष ले चलो और वापस ले आओ।सुनीता की मां बोनी पांड्या ने एक मीडिया चैनल को बताया कि उड़ान भरने से कुछ घंटे पहले उनकी बेटी काफी सकारात्मक थी और अंतरिक्ष में उड़ान भरने को लेकर बहुत ही खुश थी। वहीं, नासा ने आज नया अपडेट देते हुए कहा कि सुनीता और बुच विलमोर दोनों कक्षा में स्टारलाइनरअंतरिक्ष यान पर शुरुआती परीक्षण करने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पहले छह घंटे बहुत ही दिलचस्प रहे हैं।सुनीता विलियम्स का स्टारलाइनर अभियान पांच जून को केप कैनावेरल अंतिक्ष स्टेशन से शरू हुआ। भारतीय समयानुसार यह अभियान रात आठ बजकर 22 मिनट पर शुरू हुआ। यह यान अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में छह जून रात 9 बजकर 45 मिनट पर पहुंचना था। ऐसा करने वाली दुनिया की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं।बताया गया है कि बोइंग स्टारलाइनर यान की उड़ान में कई बार, कई वजहों से दरी हुई। आखिरकार, फ्लोरिडा के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से इस यान की रवानगी हुई। इस तरह के मिशन पर जाने वाली सुनीता विलियम्स दुनियां की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बन गई हैं। मई 1987 में सुनीता ने अमेरिका की नौसेना अकादमी से प्रशिक्षण लिया था। इसके बाद वे अमेरिका की नौसेना से जुड़ीं थीं। 1998 में उन्हें नासा द्वाराअंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था। इससे पहले वर्ष 2006 और वर्ष 2012 में सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष अभियानों का हिस्सा बन चुकीं हैं।भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तीसरी बार अपने सहयोगी बैरी बुच विलियम्स के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना हुई थी।

साथियों बात अगर हम सुनीता विलियम्स के इतिहास रचने की करें तो,भारतीय मूलकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बुधवार को एक अन्य सहकर्मी के साथ तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए रवाना हुई थी। इसके साथ ही दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया। विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशनकई बार के विलंब के बाद फ्लोरिडा के %केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन% से रवाना हुआ।वर्ष 2012 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के दौरान विलियम्स अंतरिक्ष में ट्रायथलॉन% पूरा करने वाली पहली व्यक्ति बनी थीं। विलियम्स मई 1987 में अमेरिकी नौसैन्य अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद अमेरिकी नौसेना से जुड़ी थीं, और वह दो अंतरिक्ष अभियानों-2006 में अभियान 14/15 तथा 2012 में 32/33 अभियानों का हिस्सा बनीं। उन्होंने अभियान -32 में फ्लाइट इंजीनियर और फिर अभियान-33 की कमांडर के रूप में काम किया। अंतरिक्ष यान के विकास में असफलताओं के कारण बोइंग के क्रू फ़्लाइट टेस्ट मिशन में कई वर्षों की देरी हुई । यान बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा।वे अंतरिक्ष में घूमती प्रयोगशाला में एक सप्ताह से अधिक समय बिताएंगे और इसके बाद 14 जून को वापसी के लिए पश्चिमी अमेरिका के एक दूरस्थ रेगिस्तान में उतरने के वास्ते स्टारलाइनर यान में फिर से सवार होंगे।

# पृथ्वी का प्राण है भूमि पुनर्स्थापन या पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

पर्यावरण जीवन का अभिन्न हिस्सा है। पर्यावरण, पृथ्वी की आत्मा है। जिस प्रकार बिना आत्मा के शरीर व्यर्थ है। उसी प्रकार बिना पर्यावरण के पृथ्वी की कल्पना व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि पर्यावरण संरक्षण से ही पृथ्वी सुरक्षित रहेगी। भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं। भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है। जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुँचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं। पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है। जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है, जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है, जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है, जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है, तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भूखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा, मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है, जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं, जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियाँ विलुप्त होने की कगार पर पहुँच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा, भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है, जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# क़ौमी रियासतों और बैनुल-अक़वामी सरहदों के दौर में आलमी उम्मत एक मुमताज़ इमतिहान

**रेशम फ़ातिमा**

क़ौमी रियासतें हिक्मत-ए-अमली की मुफ़ादात, इक़तिसादी तहफ़्फ़ुज़ात और सियासी इत्तिहादों की बुनियाद पर बैनुल-अक़वामी ताल्लुक़ात में मशग़ूल होती हैं, जो ज़रूरी नहीं कि मज़हबी वाबस्तगियों से हम-आहंग हों। मुस्लिम अक्सरियती ममालिक इक़तिसादी या हिफ़ाज़ती वजूहात की बिना पर ग़ैर मुस्लिम ममालिक के साथ इत्तिहाद क़ायम कर सकते हैं, ये ज़ाहिर करते हुए कि क़ौमी मुफ़ादात अक्सर मज़हबी इत्तिहाद पर फ़ौक़ियत रखते हैं। मिसाल के तौर पर, अमरीका और कई ख़लीजी रियासतों के दरमियान क़रीबी इक़तिसादी और फ़ौजी ताल्लुक़ात इस बात की अक्कासी करते हैं कि जुग़राफ़ियाई सियासी हिक्मत-ए-अमली किस तरह मज़हबी इत्तिहाद के नज़रिये को शिकस्त दे सकती है।

एक आलमी उम्मत का तसव्वुर, मुसलमानों की आलमी मुआशरे जो अपने अक़ीदे से मुत्तहिद हैं, इस्लामी फ़िक्र में एक क़वी मिसाल है। ताहम, असरी दौर में, क़ौमी रियासतों और बैनुल-अक़वामी सरहदों पर ग़लबा, इस ख्याल को अज़ीम मुश्किलों का मुक़ाबला है। जदीद क़ौमी रियासत का निज़ाम, जो 17वीं सदी में वेस्ट फ़ीलिया के मुआहिदे के साथ सामने आया, ख़ुद मुख़तारी, इलाक़ाई सालमियत और क़ौमी शनाख्त के उसूलों पर ज़ोर देता है। ये उसूल अक्सर बैनुल-अक़वामी मज़हबी मुआशरा के ख्याल से मुतसादुम होते हैं। हर क़ौमी रियासत के अपने क़वानीन, रसूम-ओ-रिवाज और मुफ़ादात होते हैं जो मज़हबी इत्तिहाद की जगह ले सकते हैं। क़ौम परस्ती और हुब्बुल-वतनी आलमी मज़हबी बिरादरी के बजाय रियासत से ताल्लुक़ और वफ़ादारी के एहसास को फ़रोग़ देती है। बहुत से लोगों के लिए, उनकी क़ौम और इसकी सक़ाफ़्त से जुड़ी शनाख्त एक वसीअ-तर मज़हबी शनाख्त पर फ़ौक़ियत रखती है।

मुस्लिम अक्सरियत वाले ममालिक यक-संगी नहीं हैं। उनमें सियासी निज़ाम, सक़ाफ़्ती रिवायात और इस्लाम की तशरीहात की एक वसीअ हदूद शामिल है। सुन्नी और शीया शाख़ों के साथ साथ दीगर फ़िर्क़ों के दरमियान इख़्तिलाफ़ात नुमायां हैं। मज़ीद बरआँ, इन ममालिक में सियासी निज़ाम जमहूरियतों से लेकर बादशाहतें और थेवकरेसी तक मुख़्तलिफ़ होते हैं। ये इख़्तिलाफ़ात अक्सर मुतज़ाद मुफ़ादात और पालिसियों का बाइस बनते हैं, जिससे एक मरबूत आलमी उम्मत के तसव्वुर को नुक़्सान पहुंचता है। मिसाल के तौर पर, सऊदी अरब और ईरान जैसे ममालिक के दरमियान जुग़राफ़ियाई सियासी रक़ाबतें ज़ाहिर करती हैं कि किस तरह फ़िर्कावाराना और सियासी तक़सीम मज़हबी इत्तिहाद को ज़ेर कर सकती है। क़ौमी रियासतें हिक्मत-ए-अमली की मुफ़ादात, इक़तिसादी तहफ़्फ़ुज़ात और सियासी इत्तिहादों की बुनियाद पर बैनुल-अक़वामी ताल्लुक़ात में मशग़ूल होती हैं, जो ज़रूरी नहीं कि मज़हबी वाबस्तगियों से हम-आहंग हों। मुस्लिम अक्सरियती ममालिक इक़तिसादी या हिफ़ाज़ती वजूहात की बिना पर ग़ैर मुस्लिम ममालिक के साथ इत्तिहाद क़ायम कर सकते हैं, ये ज़ाहिर करते हुए कि क़ौमी मुफ़ादात अक्सर मज़हबी इत्तिहाद पर फ़ौक़ियत रखते हैं। मिसाल के तौर पर, अमरीका और कई ख़लीजी रियासतों के दरमियान क़रीबी इक़तिसादी और फ़ौजी ताल्लुक़ात इस बात की अक्कासी करते हैं कि जुग़राफ़ियाई सियासी हिक्मत-ए-अमली किस तरह मज़हबी इत्तिहाद के नज़रिये को शिकस्त दे सकती है।



क़ौमी रियासतों के अंदर क़ानूनी और समाजी निज़ाम उनकी मख़सूस आबादियों को पूरा करने के लिए बनाए गए हैं, जिनमें मुसलमान और ग़ैर मुस्लिम यकसाँ शामिल हैं। हो सकता है कि ये निज़ाम हमेशा इस्लामी उसूलों के मुताबिक़ ना हों, जिसकी वजह से ऐसे हालात पैदा होते हैं जहां क़ौमी क़वानीन मज़हबी तवक्क़ेआत से मुतसादुम हों। सैकूलर या कसीर मज़हबी रियासतों में, क़ानूनी फ्रेमवर्क अक्सर ग़ैर जानिबदार या मुख़्तलिफ़ मज़हबी और सक़ाफ़्ती तरीक़ों को शामिल करने के लिए बनाए जाते हैं, जो किसी एक मज़हबी शनाख्त के असर को कमज़ोर कर सकते हैं। ये एक आलमी उम्मत के तसव्वुर को मज़ीद पेचीदा बनाता है जो क़ौमी हदूद से मावरा हो। आलमगीरीयत की क़ुव्वतें और सैकूलर इक़दार का फैलाव अवामी ज़िंदगी में मज़हब के असर को चौलेंज करता है। जैसा कि क़ौमी रियासतें मतनू आबादियों को क़बूल करने के लिए ज़्यादा सैकूलर पालिसियां अपनाती हैं, मुआशरे को मुत्तहिद करने में मज़हब का किरदार कम होता जाता है। ये सैकूलर रुझान आलमी मज़हबी बिरादरी के तसव्वुर को बरक़रार रखना मुश्किल बना देता है जो क़ौमी वफ़ादारियों को ज़ेर कर सकता है। दुनिया के बढ़ते हुए बाहमी रब्त की वजह से सक़ाफ़्तों और नज़रियात की आमेज़िश भी हुई है, जो किसी एक मज़हबी या सक़ाफ़्ती शनाख्त के इम्तियाज़ को कमज़ोर कर सकती है। मज़ीद ये कि मुस्लिम अक्सरियती ममालिक के दरमियान मआशी तफ़ावुत इत्तिहाद की बजाय तनाज़आत और मुसाबक़त को जन्म देता है। अमीर क़ौमें अपने मआशी इस्तिहकाम और तरक़्क़ी को तरजीह दे सकती हैं, बाज़-औक़ात ग़रीब मुस्लिम ममालिक की क़ीमत पर। ये मआशी ख़ुदग़रज़ी एक मुत्तहिद उम्मत के तसव्वुर को कमज़ोर करती है जो आलमी सतह पर तमाम मुसलमानों की फ़लाह-ओ-बहबूद के लिए इजतिमाई तौर पर काम करती है। मिसाल के तौर पर, तेल की दौलत से माला-माल ख़लीजी रियासतों की इक़तिसादी पालिसियां और तरजीहात अक्सर अफ़्रीक़ा या एशिया के ग़रीब मुस्लिम ममालिक से नुमायां तौर पर बईद हो जाती हैं।

मुस्लिम अक्सरियती ममालिक में सियासी निज़ाम, सक़ाफ़्ती तरीक़ों, इक़तिसादी मुफ़ादात और क़ानूनी फ्रेमवर्क का तनू अक्सर मज़हबी शनाख्तों पर क़ौमियत को तरजीह देने का बाइस बनता है। इससे एक मरबूत आलमी उम्मत का इदराक अमलन मुश्किल हो जाता है। जदीद दुनिया की पेचीदगियों को इस बात की बारीकबीनी से समझने की ज़रूरत है कि किस तरह मज़हबी और क़ौमी शनाख्तें एक साथ रहती हैं और बाज़-औक़ात तनाज़आत भी देखी जाती हैं। अगरचे एक आलमी उम्मत की ख़ाहिश मुस्लिम तशख़्ख़ुस का एक अहम पहलू बनी हुई है, लेकिन इसके अमली इतलाक़ को ख़ुदमुख़तार क़ौमी रियासतों और मतनू समाजी-ओ-सियासी मंज़रनामों के इर्द-गिर्द तशकील शुदा दुनिया की हक़ीक़तों का जायज़ा लेना ज़रूरी है।

# भारत सरकार के प्रतिनिधि मण्डल ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

**योजनाओं के क्रियान्वयन पर जताया संतोष, लाभार्थियों से किया संवाद**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, पीएम स्वानिधि, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा इत्यादि योजनाओं के क्रियान्वयन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आये दूर संचार मंत्रालय भारत सरकार के उप सचिव रामानुज डे व निदेशक उच्च शिक्षा भारत सरकार प्रियांक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। तदोपरान्त मौसम विभाग परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन किया तथा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से फीड बैक प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। डीएम ने बताया कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच द्वारा नीति आयोग निर्धारित सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई जिसके लिए कई बार जिले को नीति आयोग की ओर पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। बैठक के दौरान डीएम ने अभिनव पहल के तहत संचालित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से पिंक ई-रिक्शा योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की। जबकि विभागीय अधिकारियों द्वारा विभाग द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधि मण्डल में सम्मिलित अधिकारियों उप सचिव रामानुज डे व निदेशक उच्च शिक्षा प्रियांक चतुर्वेदी ने आकांक्षात्मक जनपद में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह भी सुझाव दिया कि यदि क्रियान्वयन में कोई समस्या आती है तो उसका भी समयान्तर्गत समाधान कराया जाय। अधिकारी द्वय ने कहा कि जिले में अर्जित की गई उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाय ताकि लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके। प्रतिनिधि मण्डल में शामिल अधिकारियों द्वारा जनपद में सेवा से संतृप्तिकरण व पिंक ई-रिक्शा के लिए डीएम तथा अधीनस्थ अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य योजनाओं में भी नवाचार के लिए प्रेरित किया।

## विद्युत ट्रिप के विरोध में सैकड़ो ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र किया प्रदर्शन

**आजमगढ़।** उमस भरी गर्मी में लौदह इमादपुर फीडर बार-बार विद्युत ट्रिप होने की वजह से क्षुब्ध होकर लौदह गांव के अमित सिंह प्रिंस व मोनू दादा के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों सङ्ग सोमवार को तहसील मुख्यालय स्थित उप केंद्र मेंहनगर पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा , सूचना पाकर एसडीओ तुषार श्रीवास्तव एवं अवर अभियंता प्रमोद कुमार सिंह तत्काल उपकेंद्र पहुंचे जहां प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर ग्रामीणों के साथ बैठकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का भरोसा दिलाया ,इस दौरान एसडीओ ने कहा कि उमस भरी गर्मी में बार-बार ट्रिप होना आप ग्रामीणों की शिकायत जायज हैं। मैने 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर के क्षमता बृद्धि के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है ,जैसे प्राप्त हो जाएगा तत्काल बदल दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 26 मई से विद्युत बार -बार ट्रिप कर रही हैं ,जिससे हम ग्रामीण गर्मी में बेहाल हैं ग्रामीणों ने तीन दिन का समय दिया है।

# यूपी में पर्यटकों की संख्या का पहली बार किया जा रहा है सर्वे

- प्रयागराज में चिन्हित किए गए दस पर्यटन स्थल
- जीएसडीपी में पर्यटकों के योगदान की मिलेगी जानकारी
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट को मिली जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन विभाग की तरफ से पर्यटकों की संख्या की गणना का कार्य शुरू हो गया है। पर्यटक स्थलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए ये जानकारी आवश्यक है जिसका फायदा पर्यटन और होटल इंडस्ट्री दोनों को हो सकता है। कुंभ नगरी प्रयागराज को भी इसमें शामिल किया गया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और उप्र सरकार के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थित महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या का वास्तविक आकलन कराने के लिए सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे की जिम्मेदारी नई दिल्ली की संस्था ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट को सौंपी गई है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता के मुताबिक सर्वे का काम दो चरणों में कराया जा रहा है। पहले चरण का सर्वे एक जून से 30 जून तक चलेगा। जबकि दूसरे चरण का सर्वे एक साल तक चलेगा। जो एक अगस्त 2024 से शुरू होकर 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इसमें पर्यटन विभाग उ0प्र0 एवं नियोजन विभाग के द्वारा उत्तर प्रदेश में पहली बार पर्यटन उद्योग, होटल्स, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट एवं ढाबें इत्यादि का सकल राज्य घरेलू उत्पाद में योगदान की जानकारी के लिए वृहद् सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसमें जनपद के समस्त महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल (टिकटेड एवं नॉन-टिकटेड), एक्जिट प्वांइट (रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, हवाई अड्डा) एवं होटल्स, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट एवं ढाबें इत्यादि विश्राम स्थलों में आने वाले घरेलू पर्यटक एवं विदेशी पर्यटकों की सांख्यिकी की गणना की जा रही है। यूपी में हो रहे इस सर्वे में प्रदेश के सभी 75 जिलों के स्थलों को शामिल किया गया है जिसमें कुंभ नगरी प्रयागराज भी शामिल है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि जनपद के दस पर्यटन स्थलों को इसके लिए चुना गया है। सर्वे का कार्य एक जून से शुरू हो चुका है।

# कांग्रेस निकालेगी जिले में धन्यवाद यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जनपद के समस्त प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित कर लोकसभा चुनाव 2024 के उपरान्त की जाने वाली विधानसभा वार धन्यवाद यात्रा की रूपरेखा के संबंध में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, जिला प्रवक्ता अमोल वाजपेई एडवोकेट एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थित में पत्रकार बन्धुओं को अवगत कराया। धन्यवाद यात्रा के संबंध में पत्रकार बन्धुओं के सवाल का जवाब देते हुए राणा ने बताया कि यह यात्रा राष्ट्रीय नेतृत्व खड़गे जी, राहुल गांधी जी, द्वारा दी गयी न्याय गारंटी को जनता द्वारा स्वीकार किये जाने हेतु उनकी तरफ से जनता के बीच जाकर धन्यवाद दिया जाना है। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक विधानसभा में 11 जून से 15 जून 2024 तक निकाली जानी है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव माननीय अविनाश पाण्डेय जी प्रभारी उ0प्र0/ पूर्व सांसद के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार ने उक्त कार्यक्रम घोषित किया है जिसका अनुपालन जिला कमेटी द्वारा किया जाना है। सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा की मोदी सरकार द्वारा अपनी मशीनरी का दुरूपयोग करते हुए जिस तरह से कांग्रेस पार्टी को लड़ने से लगातार जिस तरह से हतोत्साहित किया गया वह सभी ने देखा है लेकिन सीमित संसाधनों के साथ कांग्रेस पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। सफलता का पैमाना यह रहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी से बहुत ही सामान्य मतों से सरकार के तमाम केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश मंत्री व कई राज्यपाल से चुनाव प्रचार करवाने के बाद जीत सके।

# श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस

**लगातार 40 दिन से चल रहे कार्यक्रमों का समापन**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीगुरु अर्जन देवजी का शहीदी दिवस श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्त्री साध संगत द्वारा लगातार 40 दिनों से श्रीसुखमणि साहिबजी के पाठों का समापन हुआ। 40 दिन प्रति दिन लंगर चाय नाश्ते आदि की सेवा संगतों के सहयोग से चलती रही। सुबह सरदार सतवंत सिंह गुरुप्रीत सिंह द्वारा श्रीअखंडपाठ साहिबजी के पाठ व लंगर का आयोजन हुआ उपरांत राहगीरों के लिए गुरुद्वारा साहिब के मेन गेट पर गुरुजी के छबील की सेवा (ठंडे मीठे जल) की सेवा साध संगत द्वारा की गई। मुख्य ग्रंथि युवराज सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन छबील दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जो पांचवें सिख गुरु के शहीदी दिवस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुरु अर्जन देव का जन्म 1563 में गोइंदवाल या तरनतारन जिले में हुआ था। श्रीगुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि उनके नाना गुरु अमरदास थे, जो तीसरे सिख गुरु थे और उनके पिता गुरु रामदास थे, जो सिखों के चौथे गुरु थे। वे सिखों के पांचवें गुरु और सिख धर्म के पहले शहीद थे जिन्हें मुगल बादशाह जहांगीर के आदेश पर मार दिया गया था। गुरु सिंह सभा की उपाध्यक्ष डा.सुरेंदर कौर ने कहा की गुरु अर्जन देव सुखमनी साहिब बानी जैसी कई अन्य पुस्तकों के लेखक थे। उन्होंने स्वयं 2000 भजन लिखे और यह दुनिया के सबसे बड़े भजन संग्रहों में से एक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने कहा कि उन्हें स्वर्ण मंदिर का नक्शा खुद तैयार करने के लिए भी जाना जाता है, जिसमें उन्होंने गुरुद्वारे में सभी जातियों और धर्मों की स्वीकृति को दर्शाते हुए चारों तरफ दरवाजे बनाए थे। इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर, सुरिंदर कौर, परमजीत सिंह, मनजीत सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह, सतनाम भाटिया, आनंद सिंह, गौरव सिंह, पर्सन सिंह, वीरेंद्र सिंह वीके, जगजीत सिंह बाबी, दलजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह, मनजीत, मनमीत सिंह सलूजा, परमजीत सिंह, तरणदीप सिंह, मनिंदर सिंह, गुरमुख सिंह, राजू सिंधी, किशोर सिंधी, अरविंदर सिंह, प्रिंस सिंह, कवलजीत सिंह, धर्मेंद्र उर्फ रूपेश, सतनाम सिंह डिंपी, आगमजोत सिंह, दिलप्रीत सिंह, अनमोल सिंह, केदार सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन सुरजीत सिंह ने किया।

# 12 जून को सेवायोजन कार्यालय पर आयोजित होगा रोज़गार मेला

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में 12 जून 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 02 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में पुखराज हेल्थ केयर लखनऊ द्वारा वेलनेस एडवाइजर के 80 पदों पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 12,000=00 तथा ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुवैर्दिक प्रा.लि. द्वारा मार्केटिंग आफिसर के 56 पदों पर 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 15,500=00 देय होगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु उनका चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनका एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 12 जून 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, बहराइच में उपस्थित होकर अधिकाधिक पुरुष/महिला प्रतिभाग कर रोज़गार मेले का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## रामसागर पोखरी में नहाने गयें युवक की डूबने से मौत

**आजमगढ़।** बूढनपुर तहसील क्षेत्र के पौहारी बाबा के स्थान पर मेला देखने के लिए अहरौला थाना के बरईपुर गांव निवासी शुभम शर्मा उम्र 23 वर्ष पुत्र अनिल शर्मा आया हुआ था दोपहर 2:00 बजे के पौहारी बाबा द्वारा स्थापित रामसागर पोखरी में स्नान करने के लिए घुसा डूबने से मौत हो गई ग्रामीणों ने बताया कि सीढ़ी पर अत्यधिक काई होने के कारण पैर फिसल गया गहरे पानी में चला गया शुभम को तैरना नहीं आता था जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई जब तक लोग शुभम को बचा पाते उसके पहले ही शुभम डूब चुका था जिसकी सूचना उसके परिजनों को और स्थानी थाने के पुलिस को दी गई अतरौलिया थाना की पुलिस गोताखोर की मदद से शुभम का शव ढूंढने में असफल रही घंटा मस्कत के बाद भी शुभम का शव अभी तक गोताखोर के हाथ नहीं लगा शुभम दो भाइयों में बड़ा था उसके पिता प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं शुभम का दोस्त बाल बाल बच गया जो पूरी तरह से भी सुध है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सपा ने मतदाता सूंची में नाम बढ़वाने के लिये बनाई रणनीति

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूंची में नाम बढ़वाने के लिये विशेष रणनीति बनाई है।निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा पत्र जारी कर पूरे प्रदेश के जिला एवं महानगर अध्यक्ष को बीते लोकसभा चुनाव में प्रयोग में लाई गई मतदाता सूंची में काटे गए नामों को जोड़ने के लिये फार्म संख्या 6भरकर जमा करने की अपील की गई है। आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन के संयुक्त अगुवाई में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव में अधिकांश बूथों पर मतदाताओं के नाम कटे होने की आई शिकायतों पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि फूलपुर विधानसभा के पूरे सूरदास पोलिंग पर लगभग 200 से अधिक लोग नाम काटे जाने की शिकायत को लेकर पीठा सीन अधिकारी एवं वहां मौजूद कर्मियों से अपत्ति भी दर्ज कराई थी। जिस पर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी फूलपुर ने समाजवादी पार्टी के बूथ कैम्प से बस्ता उठा ले गए थे।हालांकि नाम काटे जाने की शिकायत अधिकांश बूथों पर रही। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, राम अवध पाल, दान बहादुर मधुर, जगदीश यादव, नाटे चौधरी, बृजलाल यादव, रूप नाथ यादव एडवोकेट, दिनेश यादव, दिपेश कुशवाहा, डॉ राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पटेल शैलेन्द्र चौधरी पहुंचे इटावा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** रविवार को सायंकाल साईं उत्सव गार्डन पुरबिया टोला में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पटेल शैलेन्द्र चौधरी एवं महिला शाखा की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता पटेल ने गाजियाबाद से आकर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा इटावा इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के मध्य समाज के उत्थान के लिए एवं नयी पीढ़ी के शैक्षिक विकास तथा महिलाओं के आत्म निर्भर बनने के लिए बैठक की। उक्त जानकारी महासचिव अभाकुक्षम ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान पटेल चौधरी शैलेन्द्र ने शिक्षा और राजनीति दोनों पर जोर देकर कहा कि आज के युग में दोनों आवश्यक है, युवाओं को यूपीएससी परीक्षा में बैठने वाले क्षात्रों के लिए आन लाइन गाइडेंस देने के लिए उनके पुत्र शुभम पटेल आईपीएस ने अपनी सेवाएं देने का आश्वासन दिया। श्रीमती गीता पटेल ने जानकारी दी कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए गुजरात की व्यवसायिक टीम द्वारा लखनऊ में उत्पादन केंद्र स्थापित होने के बाद कानपुर में उत्पादन केंद्र स्थापित कराने जा रही है, अगर इटावा में महिलाएं डेली यूज के खाद्य पदार्थ बनाने का काम करना चाहें तो प्रशिक्षण देने के लिए इटावा आ सकती है। अध्यक्ष ने इटावा में कुर्मी समाज के बसाव की जानकारी चाही जिसे डा0श्रीकांत वर्मा ने विस्तार से बताया, इटावा में कुर्मी समाज अल्पसंख्यक होने के बावजूद संगठित है इसके लिए इटावा इकाई की काफी सराहना की और इटावा इकाई के निरंतर चलने वाले कार्यक्रमों की तारीफ की। महिलाओं द्वारा संचालित कार्यक्रमों से बहुत प्रभावित हुए, डा0ज्योति वर्मा की राजनीति में सक्रियता से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बहुत ही प्रसन्न हुए उन्होंने महिलाओं को भी शिक्षा और राजनीति में आगे आने के लिए कहा। स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में भी कैरियर बनाने का सुझाव दिया। उपस्थित सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बारी बारी से अपना परिचय दिया एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं शुभम पटेल आईपीएस का स्वागत पुष्प देकर एवं पट्टिका पहनाकर किया। अंत में अरूण कुमार वर्मा अध्यक्ष इटावा इकाई ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी को धन्यवाद देकर सभा समाप्त की। देर शाम अतिथि गण कानपुर के लिए रवाना हुए।

# भाषा विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाज़ा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में हदी अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन पोर्टल पर शपथ ग्रहण हेतु कुलपति प्रोफेसर एन. बी. सिंह के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों को डॉ. नलिनी मिश्रा, समन्वयक, राष्टीय सेवा योजना द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. नलिनी मिश्रा ने योग के महत्व को बताते हुए सभी को ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण के लिए जागरूक किया। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन योग शपथ लेने के लिए ऑनलाइन लिंक पर ऑनलाइन चरणवार प्रक्रिया का वीडियो दिखाकर स्पष्ट करते हुए छात्रों तथा परिवार जनों को शपथ ग्रहण के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया ।इस कार्यशाला में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. चंदना डे, प्रो. एहतेशाम अहमद प्रो. एस. हैदर अली, प्रो.एस.एस. ए. अशरफी, प्रो. फखरे आलम, राष्टीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. जफरून नकी, डॉ. श्वेता अग्रवाल, एएनओ एनसीसी डॉ. बुशरा अलवेरा आदि उपस्थित रहे।

## सीबीएसई बोर्ड ने त्रुटि सुधारते हुए शिवेंद्र तिवारी को बनाया स्कूल टॉपर

**सुल्तानपुर।** सीबीएसई बोर्ड ने त्रुटियां सुधारते हुए सेंट जेवियर्स विद्यालय के हाई स्कूल परिणाम में छात्र शिवेंद्र तिवारी को 95.6त्न अंक के साथ टॉपर घोषित किया है,सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट आने के बाद शिवेंद्र तिवारी को कम नंबर के साथ पास होना दिखाया गया था,परिणाम से संतुष्ट ना होने के साथ ही शिवेंद्र ने बोर्ड से संपर्क किया और पुनः कापियों की जांच की मांग उठाई बोर्ड ने शिवेंद्र की शिकायत को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कापियों की दोबारा जांच कराई तो शिवेंद्र तिवारी के द्वारा की गई मेहनत का परिणाम सामने आया,बोर्ड ने त्रुटि सुधारते हुए छात्र शिवेंद्र तिवारी को 95.6त्न अंक के साथ सेंट जेवियर्स विद्यालय का टॉपर घोषित किया,परिणाम से संतुष्ट शिवेंद्र ने बताया की मैने परीक्षा में सभी विषयों पर शुरू से काफी मेहनत के साथ तैयारी की थी,परंतु परिणाम देखकर मैं अवाक हो गया,तब मैने बोर्ड से संपर्क साधा और शिकायत की,जिसपर कापियों की जांच की गई और परिणाम सामने है, शिवेंद्र तिवारी ने बताया कि इस सफलता का श्रेय गुरूजनों, माता-पिता व सहयोगी छात्रों को समर्पित है, भविष्य में और परिश्रम करूगा।

# मोदी के पीएम बनने पर भाजपाइयों ने जमकर की आतिशबाजी

**भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी बोले देश को विश्व गुरु बनाने की आज से पीएम मोदी ने कर दी शुरुआत**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की हैट्रिक बनाने पर आज देर शाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख चौराहों सब्जी मंडी ,पंच रास्ता और नगर पार्टी कार्यालय परिसर में जमकर खुशी मनाई और मिठाई खिलाते हुए एक दूसरे को बधाई दी।साथ ही जमकर पटाके जलाए इस दौरान उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगाए।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही देश को विश्व गुरु बनाने व विकसित भारत बनाने की आज से शुरुआत कर दी है। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष राजकुमार सोनी, सभासद दिनेश चौरसिया, सभासद अरविंद यादव, डॉ आरसी पांडे, भाजपा नेता अफजल अंसारी, सौरभ पांडे, पूर्व सभासद अरुण कुमार, प्रदीप मिश्रा, अंकित अग्रहरि, राम अवध जयसवाल, अनुज श्रीवास्तव, अनुज सिंह, राकेश सोनी, रवि नंदन, अंकित मिश्रा, हिमांशु गुप्ता, मोहित साहू, रामदेव अग्रहरि आदि मौजूद रहे।भाजपा महिला मोर्चा की काशी प्रांत की उपाध्यक्ष बबिता अखिलेश तिवारी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत किया। उनके साथ दिल्ली महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी शामिल रही।

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की बैठक सम्पन्न

**आगामी 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान महादान पर चर्चा**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले की अग्रणी सामाजिक सगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ पूर्व नियोजित महत्वपूर्ण बैठक अमहट स्थित राजकीय आलंकारिक उद्यान पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रास्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने किया ।बैठक में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर अधिक से अधिक रक्तदान करने का लक्ष्य ,प्रत्येक सप्ताह बृहस्पतिवार को मरीजो तीमारदारों और यात्रियों को निःशुल्क भोजन वितरण, निर्धन परिवार के पढ़ने में योग्य बच्चों को निःशुल्क कोचिंग , पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण करना इत्यादि विषयों पर विस्तृत रूप से विचार- विमर्श किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस है जिले की तमाम संस्थाए सामूहिक रूप से रक्तदान महादान कार्यक्रम में प्रतिभाग सुनिश्चित कराएगी। प्रतिवर्ष प्रशासन एव ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान महादान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रस्तावित कार्यक्रम पर सदन के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त किया।सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी गयी। रक्तदान महादान की सफलता के लिए व्यापक प्रचार -प्रसार पर चर्चा की गई।रक्तदान करने के इच्छुक रक्तदाता अपना रजिस्ट्रेशन करा सके इसके लिए मोबाइल नम्बर 8318274714जारी किया गया है उक्त मोबाइल पर कॉल करके अपना नाम रक्तदान करने की सूची में दर्ज करा सकते है। बैठक का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को प्रेरित करके रक्तदान महादान में प्रतिभाग करना है और रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे मरीजो की जीवन बचाना है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने बताया कि वर्तमान समय मे जनपद के ब्लड बैंक में,पॉजीटिव ,क्क पॉजीटिव व अन्य निगेटिव ग्रुप की क्राइसिस है। उक्त ब्लड ग्रुप के लोगो को इस संकट के समय आगे आना चाहिए। जनपद को 15000 यूनिट ब्लड की जरूरत है जबकि डोनर के रूप में केवल 1800से 2000 तक ही उपलब्ध हो पाता है।खून रिप्लेसमेंट करने के लिए मरीज जूझते है । संघ द्वारा युवाओं नौजवानों और महिलाओं को प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । जिससे कम से कम 50त्न रक्त स्वेच्छिक् रक्तदान से उपलब्ध हो सके। रक्तदान की उपयोगिता के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक मीटिंग में संघ द्वारा रक्तदान के लाभ हानि महत्व एव उपयोगिता के बारे बताया जा रहा है। रक्तदान 18 से 65 वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से हृदयरोग, किडनी लीवर, डिप्रेशन इत्यादि रोगों से बचा जा सकता है। हृदयरोग, डायबिटीज, थायराइड, हिपेटाइटिस बी और सी,हाई और् लो ब्लड प्रेशर जिनकी दवा चल रही वे रक्तदान नही कर सकते है।रक्तदान सम्बंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी बैठक में कार्यकर्ताओं को दी गयी। संदीप शर्मा ने बताया कि एक यूनिट रक्तदान से 4 लोगों के जीवन को बचाता है अतः इस महादान में सभी को बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए और इस महादान कार्य हेतु आप सब लोगों को प्रेरित करें। प्रदीप श्रीवास्तव ने जहां रक्तदान के फायदे गिनाए, वहीं रक्तदान को लेकर लोगो की भ्रांतियों को दूर किया। सिंकन्दर वर्मा ने कहा नव युवकों को रक्तदान महादान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपना बहुमूल्य योगदान सुनिश्चित करे। विनोद यादव ने सगठन के मजबूती पर बल दिया। सरदार गुरप्रीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जोर दिया। सिराज अहमद ने कहा सघ के अच्छे जनहित कारी कार्य को देख कर मैं प्रेरित हुआ इसलिए सोशल मीडिया पर बैठक होने की सूचना मिली तो हमने भी बैठक में प्रतिभाग किया अब संघ के कार्यो में जो मुझसे होगा हम बढ़ चढ़ कर योगदान देने का काम करूंगा। लईक अहमद खान ने ने लोगो से रक्तदान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। डॉ शादाब खान सत्य प्रकाश वर्मा,अमानत खान, ने युवाओं से रक्तदान महादान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की अंत मे मेराज अहमद ने संघ द्वारा बहुत से नेक पुनीत कार्य ऐसे किये जा रहे है उसे विस्तार से बताया जिसका जिक्र न तो सोशल मीडिया पर किया जा सकता है और न समाचार पत्रों में अध्यक्षीय भाषण से बैठक का समापन किया।

## अमहट के पास पति समेत पत्नी की हुई थी मौत

**सुल्तानपुर।** रविवार को सड़क हादसे में पीटीएस के मेजर समेत पत्नी की मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।हालांकि तहरीर में ढाबा संचालक का कहीं कोई जिक्र तहरीर में नही है।मृतक युवक के बलिया जनपद निवासी ससुर की तहरीर के अंश में वर्णित है कि मेरा दामाद रामकेवल (ममममममम)जो पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र सुल्तानपुर मे हे0का0 (मेजर के पद पर नियुक्त थे। आज वह नीजी कार्य से पी0टी0यस से अपनी ड्डद्बद्ग से अपनी पत्नी रीता के साथ शहर आ रहे थे। जैसे ही अमहट चौराहे से आगे गभड़िया के पास पहुचे विपरीत दिशा से स्कार्पियो चालक लापरवाही ,तेज गति व wrong side से गाड़ी चलाकर मेरे दामाद की गाड़ी मे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मेरे दमाद व पुत्री की मौत हो गयी। उपरोक्त मजमून की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा, असुरक्षित वाहन चलाकर दूसरों का जीवन खतरे में डालने का मुकदमा दर्ज किया है।

# जीवन को आदर्श व सफल बनाने के लिए सत्संग आवश्यकः कबीर दर्शनाचार्य रामजीवन दास

- विश्वेश्वरैया सामुदायिक केन्द्र में सदगुरू कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर सत्संग संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** सद्गुरू कबीर साहेब, आध्यात्मिक एवं सामाजिक न्यास, कंचनधाम के तत्वाधान में गोविन्द सागर बांध कालोनी स्थित विश्वेश्वरैया सामुदायिक केन्द्र में अखिल ब्राम्हाण्ड नायक सत्येश्वर सद्गुरू कबीर साहेब प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन पूज्यपाद कबीर दर्शनाचार्य संतश्री रामजीवन शास्त्री साहेब आचार्य पीठ सागर के सान्निध्य में मनाया गया। एक दिवसीय सत्संग के आयोजन में कबीर दर्शनाचार्य पूज्य रामजीवन शास्त्री साहेब ने पावन कर कमलों से दीप प्रज्जवलित कर सद्कबीर साहेब के स्वरूप पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरान्त जीवन में सत्संग महिमा क्या होती है, सत्संग जीवन के लिए क्यों आवश्यक है। आगे आचार्यजी ने कहा कि जीवन को आदर्श एवं सफल बनाने के लिए सत्संग आवश्यक है। सत्संग के माध्यम से से ही खरे-खोटे अच्छे-बुरे का निर्णय कर सकते हैं। सत्संग से ही संस्कारों का जागरण होता है। संस्कारों के जागरण से ही व्यक्ति धर्म संस्कारों के जागरण से प्राप्त कर सकता है। संस्कार बिना बच्चों को केबल मंहगे स्कूलों में पढने से इंग्लिश मीडियम में पढ़ाने से गांधी, विनोबा, विवेकानंद जैसे महान पुरूष नहीं बना सकते हैं। केबल कोरे कलर्क बन सकते हैं। सत्संग के बिना केबल स्कूली शिक्षा से जीवन से नैतिक आध्यात्मिक मूल्यों का विकास नहीं हो सकता है। इसलिए प्रथम यह कि हम अपना सुधार करें। सादा जीवन उच्च विचार की भावना रखें। इन्हीं महान सदुणों को धारण करके जीवन को आदर्श मय बना सकते हैं। आगे पूज्य आचाय ने गुरूत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि गुरू का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। गुरू सूर्य के समान होते हैं। सत्संग से ही हमारे जीवन का कल्याण संभव है। इसके अतिरिक्त दूसरा कोई मार्ग नहीं है, जो हमारे जीवन को परमार्थ की ओर ले जायें। सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम के अधिशाषी अभियन्ता इंजी. भागीरथ बरूआ ने कहा कि कबीर का दर्शन पूर्व में भी सत्य था और वर्तमान में भी सत्य है और भविष्य में भी सत्य रहेगा। इससे मानव जीवन को संतों की संगति करने की प्रेरणा सदैव ही मिलती रहती है। इस दौरान अध्यक्ष खेमचंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष दयाराम रमपुरिया, कार्या.अध्यक्ष श्रीमती गीता वर्मा, महामंत्री पुरूषोत्तम नारायण साध, मंत्री हरिप्रकाश, कोषाध्यक्ष जशवन्त वर्मा, हुकुमचन्द्र, कमलेश कुशवाहा, निरपत लाल, जमुना दीवान, जयकुमार, मोतीलाल शिक्षक, रामसेवक, परमानन्द साद्य, मोहन दीवान मड़ावरा, रविन्द्र कुमार पंथ, मनीष कुमार साद्य, कबीर सैनिक अध्यक्ष, नीरज रमपुरिया, महेन्द्र कुमार, द्वारिका प्रसाद, मुकेश साद्य, जगदीश पुजारी, अविनाश वर्मा, राजेश रघुवंशी, महेश कुमार वर्मा, दिग्विजय सिंह, बाबूलाल बरिया इंदौर, संजय महाराज इंदौर, भूरेलाल, नारायणदास शिक्षक पिछोर, देवीलाल रजवारा, मोहन दीवान, श्रीपत राय रजवारा, राजू कोली, भैयालाल बांसी, प्रीतम पाल, विनोद कुमार, मुकेश साद्य, पातीराम, अरविन्द कुमार, बालक दास घुटारी, बालकृष्ण शिक्षक पिछोर समिति, बामौर समिति, सागर समिति, नयाखेड़ा समिति, इन्दौर समिति एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में आभार दयाराम रमपुरिया उपाध्यक्ष द्वारा व्यक्त किया गया। संचालन हरिप्रकाश पंथ शिक्षक ने किया।

## दबंगों से भयभीत पीड़ित के घर चोरी का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत नया सौजना रोड के पास रहने वाले रामस्वरूप अहिरवार पुत्र घनश्यामदास ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये बताया कि बीती 24 जुलाई 2023 से पड़ौस में रहने वाले कुछ लोग उससे व उसके परिजनों से जमीनी रंजिश के चलते दोनों मकानों की घेराबंदी कर रहे हैं। आरोप है कि उक्त लोग उसे व उसके परिजनों को जान से मारने की फिराक में भी हैं। उक्त लोगों का इतना आतंक है कि वह भयभीत होकर अपने घर भी नहीं जा पा रहा है। बताया कि 31 मई 2024 को सुबह करीब 10 बजे वह अपनी पत्नी के साथ अपने मकानों में घरेलू सामान उठाने गया तो वहां उसने देखा कि उसके घर में रखी कांसे, पीतल, स्टील, एल्युमीनियम, लोहे आदि के छोटे-बड़े करीब 300 वर्तन व अन्य सामान जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये हैं और एक पर्स जिसमें एक सोने की अंगूठी, 2 चांदी की पायलें, 4 बिछिया चांदी के, 2 चांदी की चूड़ियां, 500 रुपये नकद के अलावा तीन कुन्तल चावल घर के अंदर से चोरी हो गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि यह चोरी की घटना उक्त पड़ौसियों ने ही अंजाम दी है।

# एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

- गौरैया को दें पर्यावरण, ताकि बचा रहे उसका जीवन : पुष्पेन्द्र सिंह चौहान
- ओ.पी.बिरथरे और अभिनव जैन को किया गया गौरैया रत्न से सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** गौरैया संरक्षण के लिए चल रही मुहिम के अंर्तगत कला भवन में मानव आर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में कला साधकों द्वारा गौरैया बचाओ के लिए बहुत ही जागरूक पोस्टर बनाएं गए और कलाविद ओ. पी.बिरथरे और युवा लेखक अभिनव जैन को गौरैयारत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फीलांस पत्रकार रोहित जैन ने अपने बचपन के दिनो मे गौरैया के संस्मरण को सुनाते हुए आह्वान किया कि लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। मैं हमेशा ही पक्षियों के लिए छत पर दाना-पानी तथा अपने आवास के बाहर पशुओं को पानी की व्यवस्था रखता हूँ। यह मेरी प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल है। गर्मियों के मौसम में पक्षियों को दूर-दूर तक पानी नहीं मिलता है। कई बार ऐसी स्थिति में पक्षी प्यास से मर भी जाते हैं। कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कई रिपोर्टो से यह पता चला है कि गौरैया और मनुष्य का संबंध 11000 वर्ष पुराना है। कई प्राचीन गुफाओं में भी गौरैया के भित्ति चित्र देखने को मिलते हैं, कला और गौरैया का अभिन्न संबंध है,संस्था का प्रयास बहुत ही सराहनीय है हम सबको साथ मिलकर काम करना चाहिए। डा.राजीव कुमार निरंजन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सबको अपने आस पास उपलब्ध संसाधनों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए,घर में उपलब्ध गत्ते से भी हम गौरैया के घरों का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान कला साधकों ने गौरैया संरक्षण के लिए अपनी कूची से सुन्दर चित्र बनाएं, संस्था द्वारा उत्कृष्ठ कार्यो के लिए कलाविद्ध ओ.पी.बिरथरे और युवा लेखक अभिनव जैन को गौरैया रत्न से सम्मानित किया गया। इस दौरान कला साधकों को गौरैया आवास और एक दिवसीय कार्यशाला का प्रमाण पत्र दिया गया। मानव आर्गेनाइजेशन के संस्थापक पर्यावरणविद पुष्पेन्द्र सिंह चौहान द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सचिन जैन बॉस, वैभव जैन, रोहित जैन, बलराम कुशवाहा, कृष्णकांत सोनी आदि उपस्थित रहे।

# ईदगाह में दो शिफ्ट में होगी बकरीद की नमाज़

- समयः सुबह पौने सात व पौने आठ बजे
- सदर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** आगामी बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत सदर कोतवाली में सोमवार को एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव एंव सीओ सिटी अमित कुमार सिंह की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईदगाह में नमाज दो शिफ्टों सुबह पौने सात एंव पौने आठ बजे होगी तथा शहर की अन्य मस्जिदों मे भी नमाज अलग अलग समय पर होगी, जिससे नमाजियों को असुविधा न हो ईदगाह मुतावल्ली चांद खां ने बताया कि इस बार ईदगाह में नमाज 6:45 बजे सुबह मौलाना फरहान साहब व दूसरी नमाज मौलाना कमालुद्दीन साहब 7:45 बजे पढ़ायेगें। एडीएम सदर विक्रम सिंह ने कहा कि खुले में कुर्बानी पूर्णतः प्रतिबंधित है, साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाये अन्यथा कठोर कार्वाही होगी। सीओ सदर अमित सिंह नें दूसरे धर्मो की धार्मिक आस्थाओं को ध्यान मे रखने की अपील की। इस अवसर पर, शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, भारतेन्द्र भारद्वाज, हाजी शहंशाह वारसी, गुलशेर, हाजी गुड्डू मंसूरी, जैनुल आबदीन, मुमताज, हनी वारसी, जमील कुरैशी आदि पीस कमेटी के सदस्य एंव कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वार्थ का संसार अभिनय का भव्य मंचन

- आठ दिवसीय शिविर में विभिन्न वर्ग की क्लासों का प्रबंध

**अवधनामा संवाददाता**



**इटावा, जसवंतनगर।** नगर के जैन बाजार में स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित हो रहे आठ दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर में स्मार्ट तरीके से जैन बच्चों को बनाया जा रहा है स्मार्ट। स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर आदि संसाधनों से स्मार्ट क्लास के समय विभिन्न वर्ग की क्लासेस को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वाध्याय, सामूहिक क्लास आदि को भी सरलता के साथ आयोजित कर जैन धर्म का मर्म समझाया जा रहा है। शिशु, बालबोध, किशोर, प्रौण आदि कक्षाओं को बाल ब्रह्मचारी राहुल जैन, अमन शास्त्री, अभिषेक शास्त्री, अनिकेत शास्त्री, क्षमा जैन द्वारा बहुत ही सरल व सहज भाषा में लिया जा रहा हैं। शिविर मॉनिटर कृति जैन ने बताया इससे बच्चों को धर्म सीखने में बहुत आसानी हो रही है विभिन्न प्रयोगों द्वारा कक्षाओं को नियमित चलते हुए जैन ग्रंथों से जैन धर्म के सिद्धांत बताए जा रहे हैं। प्रतिदिन आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज स्वार्थ की दुनिया नाटक का मंचन किया गया। जिसमें वर्तमान दौर में हो रहे स्वार्थ के रिश्तों को प्रदर्शित किया गया। यह दिखाते हुए समझाया गया किस तरह पैसे की खातिर एक पिता को उसके बच्चे बाजार में बेच देते हैं और फिर उसी पिता को राजा खरीद कर अपनी राज्यसभा में बैठा लेते हैं। अपनी बुद्धिमत्ता से तर्क वितर्क में निपुणता मैं पारंगत उसे बूढ़े पिता को अपना आधा राज्य सौंप देते हैं। बाद में बच्चों एवं बहू को अपनी गलती का एहसास होता है और वे लोग पश्चाताप करके अपने पिता को गले लगाते हुए वापस घर ले आते हैं। सुंदर नाटकीय मंचन से भावुक होकर लोगों की आंखों में आंसू आ गए व तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का खूब उत्सवर्धन उपस्थित लोगों ने किया।

## नवनिर्वाजीत सांसद पूर्व सपा प्रदेश अध्यक्ष पहुँचे मथुरा, भव्य स्वागत

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष फतेहपुर से नवनियुक्त सांसद नरेश उत्तम पटेल जी के प्रथम बार मथुरा आगमन पर स्थानीय होटल में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग महानगर प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं द्वारा पटका पहनाकर व बुक्का देकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर फतेहपुर से नवनियुक्त सांसद एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के नरेश उत्तम पटेल जी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत में सभी वर्गो के लोगो का सहयोग रहा है। लोगों ने बता दिया कि सांप्रदायिकता से ऊपर लोकतंत्र है इस चुनाव में सांप्रदायिक शक्तियों की हार हुई है। लोकतंत्र की जीत हुई हइस मौके पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, मथुरा-वृंदावन विधानसभा अध्यक्ष डा. राजेंद्र प्रसाद लोधी, मनीष ठेकेदार मनोज पंडित, सेवा निषाद, स्वागत के बाद निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व फतेहपुर से नवनियुक्त सांसद नरेश उत्तम पटेल जी बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर बांके बिहारी जी के दर्शन किए।

# राधा बने रमेश बाबा करा रहे कृष्ण स्वरूप से चरण सेवा

**अवधनामा संवाददाता**

**बरसाना (मथुरा)।** हाल ही राधा के बारे गलत टिप्पणी को लेकर प्रख्यात शिव कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ बृजवासी लामबंद हो कर प्रदर्शन करने लगे थे। वहीं इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में ब्रज के विरक्त संत रमेश बाबा खुद राधा बनकर कृष्ण स्वरूप से पैर दबाने का मामला सामने आया है। इस पर ब्रजाचार्य पीठ ने विरोध जताया है। कुछ दिन पहले राधा के बारे में गलत जानकारी को लेकर ब्रज के संत व बृजवासियों ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ आक्रोश जताया था। अब इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित संत रमेश बाबा की एक वीडियो को लेकर ब्रजाचार्य पीठ ने विरोध जताया। वीडियो में रमेश बाबा राधा बनकर बैठे हैं तथा कृष्ण स्वरूप उनके पैर दबा रहा है। इसको लेकर ब्रजाचार्य पीठ के प्रवक्ता घनश्यामराज भट्ट ने कहा जिन राधा के नाम पर संत रमेश बाबा को पद्मश्री मिला हो, जिन राधा के नाम पर उन्हें आज ख्याति प्राप्त है, अगर ऐसे संत खुद राधा बनकर कृष्ण स्वरूप बालक से चरण सेवा करा रहे हैं वो बिल्कुल गलत है। हम सब राधा के उपासक हो सकते हैं, लेकिन राधा नहीं। ललिता पीठ के पीठाधीश्वर कृष्णा नंद तैलंग ने कहा रासलीला में छोटे बालक राधा-कृष्ण बनकर उक्त लीलाओं का मंचन करते हैं। लेकिन, जो संत राधा के उपासक हो भला वो कृष्ण स्वरूप से चरण सेवा कैसे करा सकता है। मान मंदिर के सचिव सुनील ने बताया उक्त वीडियो में भक्तों ने बाबा का श्रृंगार राधा के रूप में कर दिया था। वैसे भी ब्रज में रासलीला के दौरान कई लीलाएं होती हैं। बाबा राधारानी अनंत भक्त हैं। वैसे भी ब्रज में पुरुष तो एक ही है वो कृष्ण बाकी के सब स्त्री है।

# हमीरपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत दिखाए जा रहे मजदूरों की संख्या में की जा रही है हेराफेरी

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार देने के नाम पर ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारीयों एवं अधिकारीयों की भारी लापरवाही नजर आ रही है सरकार मनरेगा योजना के तहत गांवों का विकास तथा मजदूरों को काम देकर उन को दो वक्त की रोटी का इनतिजाम कराना चालती है लेकिन सरकारी तंत्र की मनशा और सरकार के इरादे अलग अलग नजर आ रहे है लोगों का ऐसा कहना है कि सरकारी तन्त्र मनरेगा योजना के माध्यम से जाती लाभ ग्रह करनें में व्यस्त हैं। हमीरपुर जनपद की 330 ग्राम पंचायतो में इस झुलसा देने वाली गर्मी जंहा तापमान 40C से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है वहां ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के कर्मचारियों और ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों की सांठ-गांठ से लगभग 20 हजार से अधिक मजदूरों को मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य करते हुए दिखाया जा रहा है जिस की खबरों को समाचार पत्रों में प्रकाशित होनें के उपरांत अचानक लगभग 10 से 12 हजार मजदूरो की संख्या में कमी आई है जब की यदि वेबसाइट में अपलोड फोटो (एनएमएमएस) से मिलान किया जाये तो समझ में आता है की दिन में अपलोड होने वाली फोटो रात को 9 से 10 बजे अपलोड हो रही है और मई-जून में होने वाले कार्य में सर्दियों की फोटो या फोटो की फोटो अपलोड की जा रही हैं या एक ही व्यक्ति को एक ही समय में कई कार्य स्थलों में दिखाते फोटो अपलोड करते शासन और प्रशासन के साथ धोखाधड़ी का खेल खेला जा रहा है जिसमे जाँच अधिकारी आंख बंद कर के जाँच के नाम पर खानापूर्ति करते है। ब्लॉक सुमेरपुर के खण्ड विकास अधिकारी जो कि एक पी0सी0एस0 अधिकारी हैं इसके बाबजूद एक पी0सी0एस0 के नाक के नीचे भ्रष्टचार के खेल को अंजाम दिया जा रहा है और वो हाथ पे हाँथ धरे ऑफिस में AC का लुफ्त उठाते दिख रहे है और ये कोई मौदहा या सुमेरपुर ब्लॉक में ही नहीं जनपद में समस्त ब्लॉक और जनपद के 330 ग्राम पंचायतो में चल रहा है जिसकी वजह से वास्तविक मजदूरो को रोजगार नही मिल रहा इस लिए वो अपने जीवन यापन करने के लिए दूसरे शहरो के लिए पलायन करने में मजबूर हो रहे है।

## रोज़गार मेलों का आयोजन 12 से 20 जून व 27 जून को

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय व मॉडल कैरियर सेन्टर इटावा द्वारा दिनांक 12-06-2024.20-06-2024 व 27-06-2024 को रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में हाईस्कूल, आईटीआई, स्नातक एवं परास्नातक बेरोजगार अभ्यर्थी भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मेले में प्रतिभाग करने के लिए कोई भी मार्ग-व्यय देय नहीं होगा। मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12 जून. 2024 को प्रातः 10.00 बजे अपने बायोडेटा/ सीवी, शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं सेवायोजन कार्यालय के पंजीयन कार्ड के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, इटावा में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

# गुरु अर्जुन देव साहिब के शहीदी दिवस पर गुरद्वारे में अखंड पाठ का आयोजन

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव साहिब के शहीदी दिवस पर सोमवार को गुरुतेग बहादुर साहिब में अखंडपाठ व शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें मानवता के लिए महान शहीदी देने वाले गुरु से प्रेरणा लेने का सभी से आग्रह किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालड़ा ने बताया कि गुरु अर्जुन देव की सबसे बड़ी देन श्री गुरुग्रंथ साहिब की संपादना हैं। अमृतसर में हरिमंदर साहिब(स्वर्ण मंदिर) का निर्माण करके गुरुग्रंथ साहिब को विराजमान कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव मानवता के कल्याण व धर्म की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत रहे हैं। गुरु ने ऊंच नींच का भेदभाव कभी भी नहीं माना। मानवता के लिये महान शहीदी देते हुए समाज को ठंडक प्रदान करने वाले गुरु से लोगों ने सेवा व त्याग की प्रेरणा ली। उन्होंने अपनी शहादत के समय कहा कि तेरा कीया मीठा लागे, हरिनाम पदारथ नानक मांगे। अर्थात् तेरी रजा में ही मैं राज़ी। 1606 में वह मानवता के लिए अपनी शहादत दे गए। गुरु अर्जन देव जी द्वारा मानवता व धर्म की रक्षा के लिए दे गई शहादत युग युगांतर तक चिरस्मरणीय रहेगी भक्ति और शक्ति एवं मीरी और पीरी का संकल्प इसी शहादत के उपज थी। गुरु अर्जुन देव की शहीदी सिख धर्म की स्थापना में महत्वपूर्ण शहीदी थी। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरदीप सिंह, किशन सिंह व महिला सत्संग की अगुवाई में 40 दिन से चल रहे सुखमनी साहिब के पाठ की लड़ी का समापन किया गया। गुरुद्वारे में बच्चों ने सामूहिक सबद गाकर सभी का दिल जीता। महिला श्रद्धालओं ने कविताएं व सबद सुनाकर शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गुरुद्वारे के गेट पर राहगीरों को काले चने का प्रसाद, ठंडी लस्सी के रूप में प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर मनदीप सिंह कालड़ा, चरणजीत सिंह, राजा साहनी, खजांची, जसवीर सिंह पप्पी, रिंकू मोगा ने भी गुरु अर्जुन देव की शहादत का महत्व बताया। इस अवसर पर दलजीत सिंह, गुरकीरत सिंह, दीपू अरोड़ा, मोनू अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत पुलिसकर्मी की वर्दी में स्टार लगाकर बधाई दी



**इटावा।** डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी किए गए आदेश के अनुसार जनपद में तैनात एक मुख्य आरक्षी मिथलेश कुमार को उप निरीक्षक पद पर प्रमोशन दिया गया है। सोमवार को पदोन्नत हुए पुलिसकर्मी को एसएसपी संजय कुमार द्वारा शुभकामनाएं दी तथा मेहनत, लगन् एव सत्यनिष्ठा से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अपने हाथों से मुख्य आरक्षी पद से उ.नि.पद के लिए उनकी वर्दी पर स्टार लगाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह भी शामिल रहे।

# बिजली-पानी संकट हुआ विकराल, व्यापारियों में उबाल

**अवधनामा संवाददाता**

- प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन, विद्युत थाना पर शोषण करने का आरोप

**ललितपुर।** जिले में प्रति दिन बढ़ रहे विद्युत व पेयजल संकट को दूर किये जाने और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही किये जाने को लेकर आज जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर व जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी के संयुक्त नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुये व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे, यहां व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि पिछले 1-2 माह से जनपद ललितपुर के नगरों, कस्वों, ग्रामों में विद्युत संकट अपने चरम पर है। आये दिन ट्रान्सफार्मर फुकने और विभिन्न क्षेत्रों में 24 घण्टे से लेकर एक सप्ताह तक बिजली न आने के कारण आम उपभोक्ताओं में शासन/प्रशासन के प्रति दिन प्रतिदिन आक्रोश बढता जा रहा है। वहीं पेयजल संकट भी पूरे जिले में व्याप्त है। इसके अलावा पशु पक्षियों की हालत एक बढते तापमान व पानी की कमी के कारण असमय काल कवलित होने की घटनाये हो रही है। व्यापारियों ने पाइप लाइन बिछाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करके बनायी गयी सड़कों को उखाड़ दिये जाने पर भी कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। वहीं बिजली बिल सुधारवाने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूले जाने और विद्युत थाना मीटर में अनावश्यक छेडखानी करने या गड़बड़ी बताकर मुकद्मा दर्ज कर संयोजन काटने और आये दिन लूट खसोट कर रहा है, जिस पर अंकुश लगाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ज्ञापन देते समय प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, पंकज जैन, नवीन जैन, प्रदेश संगठन मंत्री लखन अग्रवाल, अशोक जैन, डा.प्रीतम सराफ, पार्षद आलोक मयूर, पार्षद अब्दुल रहमान, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी, अवध बिहारी, विजय जैन, जयनारायण शर्मा, मुकेश जैन, रामप्रकाश साहू, आनंद जैन, अंकित सतभैया, स्वदेश गोयल, वैभव जैन टिन्ना, संजय खन्ना, अनिल, पत्रकार इमरान मंसूरी, राजवीर सिंह, देवेंद्र, अरविंद के अलावा अनेकों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## खेत की नाली में सडी गली लाश मिलने से सनसनी

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत खेत की नाली में पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

जानकारी के अनुसार मीना देवी ने पी आर वी पुलिस को फोन कर घटनाक्रम की सूचना दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में कर पोस्ट मार्टम को भेज कर पुलिस शिनाख्त में जुटी है।

घटनाक्रम के मुताबिक सोमवार प्रातः मीना देवी राधाकुंड पाड़ल मार्ग स्थित अपने खेत पर गई थी, यहां बदबू आने पर इधर उधर झांकने लगी। खेत के समीप बनी नाली में झाड़ियों के बीच एक सड़ी हुई लाश दिखी तो मीना देवी घबरा गई। उसने फोन कर पीआरवी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। राधाकुंड चौकी इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा ने घटना स्थल से युवक की लाश को कब्जे में कर पोस्ट मार्टम को भेज दिया। मृतक की लाश 10 से 12 दिनों पुरानी प्रतीत हो रही थी, लाश पूरी तरह सड़ी गली हुई थी, कीड़े पड़े थे। घटनाक्रम को देखते हुए युवक की हत्या कर नाली की झाड़ियों में शव फैंके जाने की आसंका जताई जा रही है।

# सहकारी सब्जी मंडी का हाल बेहाल

**अवधनामा संवाददाता**

- मंडी प्रशासन और इलाका पुलिस की शह पर, फडीआ और वाहनों की वजह से रहता है जाम

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सहकारी सब्जी मंडी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है दुकानदार निर्धारित जगह को छोड़कर सड़क को घेर कर लगाते हैं सब्जियों के फड़ बाकी बची हुई सड़क पर जुगाड़ मोटरसाइकिल, रिक्शा ई रिक्शा, टेंपो और मेटाडोर खड़े रहते हैं सब्जी खरीदने आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है मंडी प्रशासन और मंडी के लिए बनी पुलिस चौकी भी मूक दर्शन बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों के लिए विशाल अनाज और सब्जी मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दशकों पूर्व बनाई गई थी जिसमें करीब तीन दर्जन से अधिक फल और सब्जी मंडी में दुकाने है। इससे अधिक अनाज मंडी में है दोनों का परिसर अलग-अलग है।

मंडी के दोनों ही परिसरों को काफी लंबी चौड़ी जगह खाली छोड़कर इस आशय के साथ बनाया गया था। मंडी में आने वाले फल सब्जी और अनाज बेचने वालों को कोई असुविधा ना हो वहीं दूसरी ओर फल सब्जी और अनाज खरीदने वालों को भी किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, दुकानदारों की मनमानी के चलते फल सब्जी के फड़ निर्धारित जगह को छोड़कर आवागमन के लिए बनी रास्ता को घेरकर दुकान लगाई जाती है। इस बात की भली भाँति जानकारी मंडी सचिव और उनके अधीनस्थों को है लेकिन अपनी खाओ पियो नीति के चलते इस ओर से मूकदर्शक बने हुए हैं। मंडी परिसर में वाहन पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह है वाहन स्वामी जिसका उपयोग न करके मंडी के अंदर वाहनों को ले जाकर आवागमन को बाधित करते हुए जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं।

जिससे फल और सब्जी खरीदने आने वाले महिला पुरुष बच्चे और बुजुर्ग भारी परेशान रहते हैं ऐसा लगता है मंडी से फल सब्जी खरीद कर निकलना किसी जंग से काम नहीं है। महिला पुरुष और वृद्धो को प्रशासन और पुलिस को कोसते हुए भी देखा जा सकता है मंडी परिसर में दुकानदारों वाहन स्वामिओं की खुलेआम गुंडागर्दी मंडी परिसर में होती रहती है यदि कोई व्यक्ति इसे संबंध में कुछ कहने की हिम्मत करता है तो सभी एकजुट हो जाते हैं और उस व्यक्ति को अपमानित होना पड़ता है।

मंडी को बनाते समय मंडी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस चौकी की स्थापना की गई थी जो आज भी बरकरार है चौकी प्रभारी और उनके अधीनस्थ पुलिस कर्मचारी मंडी में होने वाली गुंडागर्दी वाहनों की जबरन प्रवेश और निर्धारित जगह को छोड़कर अवैध रूप से फल सब्जी बेचने वालों पर कार्रवाई नहीं करते हैं जिससे उनके हौसले बुलंद रहते हैं।

पुलिस कर्मचारी सुबह से लगने वाली मंडी में गस्त करना भी जरूरी नहीं समझते हैं इस संबंध में जब पुलिस चौकी पर जाकर जानकारी की तो बताया चौकी प्रभारी सुंदर सिंह कसाना छुट्टी पर गए हुए हैं चौकी पर एक भी पुलिसकर्मी मुस्तेद पूर्वक कार्य करते हुए नहीं मिला। कार्यवाहक चौकी प्रभारी से उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने कार्य व्यवस्था के कारण मौके पर आने से इनकार कर दिया। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मंडी में होने वाली लोगों को परेशानी की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# केएम विश्वविद्यालय में परीक्षाएं सकुशल संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत सभी कोर्सेज के सत्र 2023-24 के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा प्रोग्राम की सेशनल परीक्षाएं गत कई दिनों से जारी, सकुशल संपन्न हो गई।

केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि सेशनल परीक्षाएं फाइनल परीक्षाओं का पूर्व-अभ्यास है, जिसे विद्यार्थियों को गम्भीरता से लेकर और अध्ययन करना चाहिए ताकि परिणाम सकारात्मक हो सके।

रजिस्ट्रार पूरन सिंह तथा परीक्षा-नियंत्रक डॉ मनोज ओझा ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बीए, बीएससी और बीकॉम, बीबीए, बीसीए, डिप्लोमा, बीटेक, बीएससी एजी, फोरेंसिक, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक, बीए फैशन डिज़ाइन, फाइन आर्ट्स, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमटेक, एमबीए, एमसीए की परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

परीक्षाओं के दौरान केएम विवि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया, जिसमें डीन डॉ धर्मराज सिंह, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ विपिन सोलंकी, डीन ऑफ मैनेजमेंट डॉ सीपी वर्मा, डीन ऑफ एजुकेशन डॉ जेएस राठौर, डॉ प्रीति पोरवाल, श्रीमती संजू बाला, करन सिंह, चन्देश कुमार, जगवीर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, सुमित शर्मा, बेदवीर सिंह, पंकज सारस्वत, ललित कुमार, भूपेंद्र सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# भारत ने पाकिस्तान को किया 6 रन से परास्त, भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिके पाक बल्लेबाज


टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 19वें मैच में भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में महामुकाबला खेला गया। जहां भारत ने पाकिस्तान को 6 रनों से शिकस्त दी। दरअसल, भारत ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में महज 119 रन बनाए। जिसके बाद पाकिस्तान ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने पाक बेल्लेबाज पस्त होते गए। और आखिर में भारत ने पाकिस्तान के मुंह से जीत छीनकर बेहतरीन जीत दर्ज की।



पाकिस्तान की शुरुआत बेहतरीन रही। कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। लेकिन फिर बाबर आजम के रूप में पाकिस्तान को पहला झटका लगा। जसप्रीत बुमराह ने बाबर आजम को 13 रनों पर सूर्याकुमार यादव के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद रिजवान और उस्मान खान ने पाकिस्तान की पारी को संभाला, लेकिन उस्मान खान अपना विकेट बचाने में नाकामयाब रहे। उन्हें अक्षर पटेल ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद पाकिस्तानी बल्लेबाज ताश के पत्तों की तरह ढहते चले गए। उस्मान खान (13), फखर जमान (13), मोहम्मद रिजवान 31 रन, इमाद वसीम 15, शादाब खान 4 रन, इफ्तिखार अहमद 5 रन बनाकर पवेलिय लौट गए। आखिर में शाहीन अफरीदी और नसीम शाह नाबाद लौटे। वहीं भारतीय पारी की बात करें तो, पहले विराट कोहली (4) और फिर रोहित शर्मा (13) जल्दी ही आउट हो गए। इसके बाद क्रीज पर ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने टीम को थोड़ी मजबूती देने की कोशिश की, लेकिन बाद में अक्षर पटेल (20) भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सूर्याकुमार यादव (7), शिवम दुबे (3), हार्दिक पंड्या सात रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। फिर अर्शदीप सिंह ने 3 बनाए लेकिन वो रन आउट हो गए, हालांकि, सिराज सात रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पाकिस्तान की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली। नसीम शाह और हारिस रऊफ ने 3-3 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद आमिर ने दो-दो विकेट और शाहीन अफरीदी ने एक विकेट अपने नाम किया।

# पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा,''आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।



एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा। उन्होंने कहा,''शाहीन (अफरीदी) के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं।

अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है।

अख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है। मनोबल गिरा हुआ है। किसी तरह आपको जीतने का इरादा दिखाना होगा। क्या पाकिस्तान सुपर आठ में जगह नहीं बन पाने का हकदार है? खुदा जाने। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। उन्होंने कहा कभी-कभी खराब पिच पर बहुत अच्छे मैच देखने को मिल जाते हैं। यह उनमें से एक मैच था। बहुत सरल सी बात है, पाकिस्तान को विश्वास ही नहीं था कि वह जीत सकता है।

# रोहित शर्मा ने विराट कोहली को छोड़ा पीछे, बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बनें

भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेला गया। जिसे भारत ने रोमाचंक तरीके से 6 विकेट से जीत लिया। इस मैच मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है, जिसके बाद उन्होंने विराट कोहली को पछाड़ दिया है।



दरअसल, रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। वहीं रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा है।

बतौर भारतीय कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट्स में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एमएस धोनी के नाम है। एमएस धोनी ने 46 पारियों में 1037 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा पहुंच गए हैं। रोहित ने 19 पारियों में 778 रन बनाए हैं। जबकि विराट कोहली ने 17 पारियों में 778 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली का भी बल्ला नहीं चला। कोहली महज 3 रन बनाकर नसीम शाह के शिकार बने।

वहीं मुकाबले की बात करें, टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 19 ओवर में महज 119 रन बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली पाकिस्तान टीम की शुरुआत तो बेहतरीन रही, लेकिन पाक टीम टारगेट को हासिल नहीं कर पाई और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना पाई।

## 21 साल के कार्लोस अल्कारेज ने जीता फ्रेंच ओपन, अलेक्जेंडर ज्वेरेव को दी मात

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन 2024 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार 9 जून को रोलां गैरां के फिलिप चैटरियर कोर्ट में खेले गए फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता हासिल अल्कारेज ने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराया। जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे। ज्वेरेव इससे पहले 2020 के यूएस ओपन फाइनल में भी पहुंचे थे।

21 साल के कार्लोस अल्कारेज के करियर का ये तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा। इससे पहले अल्कारेज ने साल 2022 में नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया था। वहीं साल 2023 में वह नोवाक जोकोविच को हराकर विम्बलडन टाइटल जीतने में कामयाब रहे थे।

# गुरप्रीत सिंह संधू बने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान, कतर के खिलाफ निभाएंगे कप्तानी

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। सुनील छेत्री के रिटायरमेंट लेने के बाद अब भारतीय फुटबॉल टीम के नए कप्तान का ऐलान कर दिया गया है। टीम के नए कप्तान कतर के खिलाफ 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वॉलिफाइंग मैच से टीम की कमान संभालेंगे और ये मैच 11 जून यानी मंगलवार को खेला जाएगा। अब टीम की कमान गुरप्रीत सिंह संधू को सौंपी गई है जो भारतीय टीम के गोलकीपर भी हैं।



मंगलवार को कतर के खिलाफ भारत को जसीम बिन हमद स्टेडियम में खेलना है। इस मैच के लिए भारतीय टीम शनिवार रात दोहा पहुंची थी। भारतीय फुटबॉल टीम इस मैच को जीतकर वर्ल्ड कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद ये भारत का पहला मुकाबला होगा और इस मुकाबले के जरिए बतौर कप्तान गुरप्रीत अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे।

गुरप्रीत के कप्तान बनाए जाने के बाद टीम के कोच स्टिमक ने कहा कि उन्हें कप्तानी सौंपना कोई मुश्किल काम नहीं था। 32 साल के गुरप्रीत ने अब तक 71 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। स्टिमक ने कहा कि गुरप्रीत ने पिछले 5 साल में सुनील और संदेश के साथ कुछ मैचों में कप्तानी की जिम्मेदारी निभाई है और वो स्वाभाविक रूप से इसके हकदार थे। कतर के खिलाफ मैच की बात करें तो इसमें अगर भारत को हार मिलती है तो ये टीम वर्ल्ड कप के तीसरे चरण के क्वालीफायर से बाहर हो जाएगी। भारत पांच अंक लेकर कतर के बाद दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान पांच अंक लेकर तीसरे और कुवैत तीन अंक के साथ चौथे स्थान पर है। फिलहाल कतर टॉप पर काबिज है।

# कब दिखेगा गुड्डू भैया का भौकाल? सामने आयी रिलीज डेट, लेकिन सुलझानी पड़ेगी गुत्थी

मिर्जापुर के प्रशंसक क्राइम-ड्रामा फ्रेंचाइजी मिर्जापुर 3 की तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सीरीज की रिलीज डेट का खुलासा होने वाला है। अब प्राइम वीडियो ने नए अंदाज में मिर्जापुर 3 की रिलीज डेट का खुलासा किया है। इस बार भी उन्होंने पंचायत सीरीज के नक्शेकदम पर चलते हुए बूझो तो जाने का खेल खेला है।



***तस्वीर में छिपा है रिलीज डेट का राज***

प्राइम वीडियो ने सीरीज के तीसरे सीजन की प्रीमियर डेट का खुलासा करने के लिए एक नई तस्वीर शेयर की है, जिसमें रिलीज डेट छिपी हुई है। कार्टून तस्वीर में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु, कुलभूषण खरबंदा, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, हर्षिता गौर और विजय वर्मा समेत कई कलाकार नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा है, अगर आप मिर्जापुर सीजन 3 वेब सीरीज तक पहुंचना नहीं चाहते, लेकिन उसे ढूंढना चाहते हैं, तो शुरू कर दीजिए।

***इस दिन रिलीज होगी मिर्जापुर 3***

इस तस्वीर के बाद अब फैंस इस पहेली को सुलझाने में लग गए हैं। कई सितारों ने कमेंट करते हुए सीरीज की रिलीज डेट भी बताई। कुछ लोगों का कहना है कि सीरीज 5 जुलाई को आएगी, वहीं कई फैंस का कहना है कि सीरीज 7 जुलाई को रिलीज होगी। तस्वीर में जिस तरह से कई किरदार और चीजें हैं, उसे देखने के बाद फैंस इसकी रिलीज डेट का अंदाजा लगा रहे हैं। तस्वीर में एक कार है, जिस पर मिर्जापुर का राजा लिखा है और इसके साथ नंबर 5 और 7 भी लिखा है। हालांकि, अब मेकर्स इस राज से पर्दा उठाने का इंतजार कर रहे हैं।

***सीरीज के बारे में***

आपको बता दें कि मिर्जापुर एक पॉपुलर गैंगस्टर ड्रामा है। इसका पहला सीजन 2018 में आया था जिसे काफी पसंद किया गया था। दूसरे सीजन का प्रीमियर अक्टूबर 2020 में हुआ था। इस बार भी अपने उतार-चढ़ाव के साथ इस सीजन ने दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखा। जैसे-जैसे यह सीरीज दर्शकों को लुभा रही है, वैसे-वैसे इसकी तीसरी किस्त के लिए उत्साह भी चरम पर पहुंच गया है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और श्वेता त्रिपाठी जैसे शानदार कलाकारों के साथ इस सीरीज का तीसरा भाग रिलीज हो रहा है, जो शक्ति और हिंसा के ताने-बाने पर बुना गया है।

# कंगना रनौत के बॉलीवुड के कट्टर दुश्मन कहे जाने वाले ऋतिक रोशन और आलिया भट्ट समेत कई सेलेब्स ने थप्पड़ कांड पर प्रतिक्रिया दी

अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत इस समय चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई थप्पड़ की घटना को लेकर चर्चा में हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान CISF की महिला गार्ड ने कथित तौर पर अभिनेत्री को थप्पड़ मारा था। उस समय वह NDA की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली दिल्ली जा रही थीं। शबाना आज़मी और अनुपम खेर समेत कई सेलेब्स ने कंगना रनौत पर हुए हमले की निंदा की। अब, इसके अलावा ऋतिक रोशन और आलिया भट्ट ने भी अभिनेत्री का पक्ष लिया है। एक पत्रकार ने इंस्टाग्राम पर थप्पड़ की घटना की निंदा करते हुए एक पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट को आलिया भट्ट, ऋतिक रोशन, जोया अख्तर, सोनाक्षी सिन्हा और अर्जुन कपूर समेत कई लोगों ने लाइक किया।



बता दें कि आलिया भट्ट और कंगना रनौत के बीच पांच साल पहले झगड़ा हुआ था, जब कंगना ने रणवीर सिंह अभिनीत गली बॉय में आलिया के अभिनय की आलोचना की थी। आलिया भट्ट ने आलोचना को सकारात्मक रूप से लिया और उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की। ऋतिक रोशन और कंगना रनौत के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू में अपने मूर्खतापूर्ण एक्स का जिक्र किया, जिसके बाद दोनों के बीच सार्वजनिक विवाद हुआ, जिसमें दावों का विरोध और कई बार कानूनी नोटिस का आदान-प्रदान शामिल था।

कंगना ने वीडियो पोस्ट किया और खुलासा किया कि उन्होंने गार्ड से थप्पड़ मारने का कारण भी पूछा। जिस पर गार्ड ने जवाब दिया कि वह किसान आंदोलन की समर्थक थी और इस मामले पर कंगना के रुख से नाराज थी। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए कहा कि  नमस्ते दोस्तों! मुझे मीडिया और मेरे शुभचिंतकों से कई फोन कॉल आ रहे हैं। सबसे पहले मैं सुरक्षित हूं और मैं बिल्कुल ठीक हूं। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर आज जो दुर्घटना हुई वह सुरक्षा जांच के दौरान हुई थी।

जैसे ही मैं आगे बढ़ी, दूसरे केबिन में मौजूद CISF सुरक्षा गार्ड ने मेरे पास से गुजरने का इंतजार किया और फिर उसने मेरे चेहरे पर थप्पड़ मारा। उसने मुझे गाली भी दी। जब मैंने उससे पूछा कि उसने मुझे क्यों मारा तो उसने कहा कि वह किसान आंदोलन की समर्थक है। मैं सुरक्षित हूं लेकिन मेरी चिंता यह है कि हम पंजाब में आतंकवाद और उग्रवाद के उदय को कैसे संभालेंगे।

आरोप के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल CISF की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर को सेवा से निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। कंगना ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा चुनाव 2024 जीता। उन्हें लोकसभा चुनाव में 537,022 वोट मिले, जबकि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 462,267 वोट मिले।

# गदर से लेकर कहो ना प्यार है तक, अमीषा पटेल की 5 फ़िल्में जिन्हें आप मिस नहीं कर सकते

अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कहो ना प्यार है और गदर जैसी ब्लॉकबस्टर फ़िल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों का दिल जीत लिया, जिसने बॉलीवुड में उनकी पहचान को और मज़बूत किया। 9 जून को जब वह अपना 49वां जन्मदिन मना रही हैं, तो उनके सफ़र को फिर से देखने और उनकी बहुमुखी प्रतिभा पर आश्चर्य करने का यह सही समय है। इंटेंस ड्रामा से लेकर हल्की-फुल्की कॉमेडी तक, अमीषा ने हर शैली में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है। उनके करियर का जश्न मनाने के लिए हमारे साथ जुड़ें और उनकी कुछ अविस्मरणीय भूमिकाओं पर एक नज़र डालें।



***कहो ना प्यार है***

अमीषा ने 2000 में ऋतिक रोशन के साथ कहो ना प्यार है से फ़िल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। यह फ़िल्म सोनिया और रोहित की प्रेम कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग दुनिया से आते हैं। कहानी में एक और मोड़ तब आता है जब रोहित की रहस्यमयी तरीके से हत्या हो जाती है, जिससे सोनिया को न्यूज़ीलैंड जाना पड़ता है, जहाँ उसकी मुलाक़ात रोहित के हमशक्ल राज से होती है। राकेश रोशन द्वारा निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई, जिससे दोनों सितारे रातों-रात मशहूर हो गए।

***गदर : एक प्रेम कथा***

2001 में रिलीज़ हुई, गदर- एक प्रेम कथा तारा सिंह की कहानी बताती है, जिसकी शादी सकीना नाम की एक पाकिस्तानी लड़की से होती है। कहानी विभाजन की पृष्ठभूमि में सेट की गई है, जिसमें कथानक तब और दिलचस्प हो जाता है जब सकीना के पिता उसे पाकिस्तान में रहने के लिए मजबूर करते हैं और उसे उसके परिवार से अलग कर देते हैं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित, रोमांस-एक्शन शैली की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रही और इसे सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ किया गया। उनके किरदार को काफ़ी सराहा गया। सनी देओल अभिनीत सीक्वल गदर 2 भी बड़ी हिट रही।

***भूल भुलैया***

2007 की हॉरर कॉमेडी एक एनआरआई और उसकी पत्नी की कहानी है, जो अपने पैतृक घर में वापस आने का फैसला करते हैं, जिसके बारे में माना जाता है कि वह भूतिया है। कुछ घटनाओं के बाद, वे रहस्य को सुलझाने में मदद के लिए एक मनोचिकित्सक को बुलाते हैं। फिल्म में वह एक साधारण लड़की राधा की भूमिका में नजर आई, जिसका परिवार सोचता है कि उस पर भूत सवार है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार, विद्या बालन, परेश रावल और शाइनी आहूजा ने काम किया है। यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रही।

***हमराज़***

नकारात्मक भूमिका में अक्षय खन्ना के साथ, 2002 की यह फिल्म प्यार, एक्शन, रोमांस और बदले से भरपूर है। अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में बॉबी देओल भी एक अमीर व्यवसायी और अमीषा के पति की भूमिका में हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की और ट्विस्ट और टर्न के साथ अपनी रोमांचक कहानी के लिए लोगों का दिल जीत लिया।

***रेस 2***

2013 की इस फिल्म में सैफ अली खान और दीपिका पादुकोण भी हैं, जिसमें अमीषा ने अनिल कपूर के किरदार की कम-से-कम स्मार्ट सहायक की भूमिका निभाई है। उन्होंने फिल्म में एक कॉमिक टच जोड़ा है जो बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न के साथ आई है। अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित, रेस 2 ने बॉक्स ऑफिस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की।

# या है मुंज्या का 3एम कनेशन? अभय वमाने फिल्म की शूटिंग के दौरान घटी डरावनी घटना का ज़िक्र किया

मैडॉक की सुपरनैचुरल हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या सुर्खियों में हैं। 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने दो दिन के अंदर बॉक्स ऑफिस पर 11.61 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म अपने ओपनिंग वीकेंड के अंत तक 15 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी। मुंज्या में अभिनेता अभय वर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई है और वह अपने अभिनय के लिए काफी तारीफें बटोर रहे हैं। सोशल मीडिया पर चर्चाओं के बीच अब अभिनेता ने फिल्म में अभिनय, मुंज्या के किरदार और शूटिंग के दौरान घटी एक डरावनी घटना के बारे में बात की है।



ईटाइम्स के साथ खास बातचीत के दौरान अभय वर्मा से सवाल पूछा गया कि क्या उन्हें फिल्म की शूटिंग के दौरान कोई डरावनी घटना का सामना करना पड़ा? इसके जवाब में अभिनेता ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि कोंकण के एक होटल में हमारे ठहरने की आखिरी रात को कुछ बहुत ही अजीब हुआ। मैं सुबह 3 बजे अचानक, बेतरतीब ढंग से जाग गया और 5 या 10 मिनट बाद मैं फिर से सो गया। अगले दिन नाश्ते की मेज पर, जब किसी ने मुझसे पूछा, आपको नींद कैसे आई? खैर, मैंने कहा, मैं सुबह 3 बजे सिर्फ 5 या 10 मिनट के लिए उठा और फिर मैं फिर से सो गया। तुरंत ही शार्वरी ने भी इसमें सहयोग करते हुए कहा कि वह भी उसी समय जागी थी। चूँकि आजकल हम जब भी उठते हैं तो फ़ोन चेक करते हैं, इसलिए उसने भी समय देखा होगा।

अभिनेता ने आगे जारी रखते हुए कहा, फिर मोना मैडम आई। उन्होंने भी कहा कि वह सुबह 3 बजे उठी थीं। फिर क्रू के कुछ अन्य सदस्यों ने, जिनमें निर्देशक भी शामिल थे, यही बात कही और अचानक हम हैरान हो गए कि हम सभी सुबह 3 बजे कैसे जाग गए? कोई नहीं जानता कि इसका कारण क्या है, लेकिन हम इसे 3 बजे की कहानी कहते हैं। अब जब हम इससे बाहर आ चुके हैं, तो यह अजीब लगता है, लेकिन मैं बहुत मोटा हूँ और हम सभी उस समय बहुत डरे हुए थे। यह वाकई बहुत डरावना था।

# बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन

## जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगाई आग, बाइक-कारों को फूंका, जमकर हुई तोड़फोड़

**रजिस्ट्रेशन**

**250 से ज्यादा गाड़ियों को आग के हवाले किया**

एजेंसी





**बलौदाबाजार।** गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ को लेकर छत्तीसगढ़ का सतनामी समाज आक्रोशित है। समाज ने आज बलौदाबाजार जिले में जमकर बवाल मचाया। बलौदाबाजार-भाटापारा में जमकर प्रदर्शन किया। हिंसक भीड़ ने इस दौरान कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आग लगा दी। इससे परिसर में खड़े सैकड़ों मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन जलकर राख हो गये।

दूसरी ओर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ में न्यायिक जांच होगी। सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों की मांग पर जांच कराने की घोषणा की गई है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की है। बता दें कि 15-16 मई की रात को कुछ असमाजिक तत्वों ने जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की थी।

बताया जाता है कि गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक 15-16 मई की रात को कुछ असमाजिक तत्वों ने जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की थी। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। दूसरी ओर समाज का कहना है कि इस मामले में पर्दे के पीछे कई और भी आरोपी हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया जाए। समाज की इस पर मांग पर राज्य सरकार ने न्यायिक जांच कराने की घोषणा भी की है।

250 से ज्यादा गाड़ियों को आग के हवाले किया गया। कई चार पहिया वाहनों में आग लगाई गई। यहां तक कि दमकल की गाड़ी में भी आग लगा दी गई। गुस्साई भीड़ ने कलेक्ट्रेट पर जमकर पथराव किया। पुलिस ने भीड़ को किसी तरह भगाया। मौके पर कलेक्टर और एसपी मौजूद। स्थिति को काबू में करने की कोशिश की जा रही।

बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट में समाज विशेष के उग्र प्रदर्शन से निपटने के लिए रायपुर से अतिरिक्त पुलिस बल रवाना किया गया है। दंगा नियंत्रण दल समेत अश्रुगैस टीम भी रवाना की गई है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को काबू करने में नाकाम रही है।

छत्तीसगढ़ में लाखों की संख्या में सतनामी समाज के लोग निवासरत हैं। रायपुर और आस-पास कई जिलों और गांवों में सतनामी समाज के लोगों ने अपने धार्मिक प्रतीक जैतखाम बनाए हुए है। जैतखाम समाज का पवित्र चिन्ह होता है, जिसकी समाज के लोग हर दिन पूजा अर्चना करते हैं।

# पीएम मोदी ने कहा- इस जीत के बड़े हकदार भारत के सरकारी कर्मचारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएमओ में कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में वैश्विक मापदंडों से भी आगे जाकर काम करना है। उन्होंने उन्होंने कहा कि जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और जनता का प्रधानमंत्री कार्यालय बने। सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड। इस विजय के बड़े हकदार भारत सरकार के कर्मचारी भी हैं, जिन्होंने एक विजन के लिए खुद को समर्पित कर देने में कोई कमी नहीं रखी। ये चुनाव हर सरकारी कर्मचारी के 10 साल के पुरुषार्थ पर मुहर लगाते हैं। इस विजय के बड़े हकदार और सच्चे हकदार आप लोग हैं।

उन्होंने कहा, उन सभी को मेरा निमंत्रण है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित भाव से खप जाना चाहते हैं। अब समय 10 साल जो मैंने सोचा, उससे ज्यादा सोचने और करने का है। अब जो करना है, वैश्विक मापदंडों को पार करते हुए करना है। जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रिकेट का दौर आता है तो किशोरवय के बच्चे सोचते हैं कि मैं क्रिकेटर बन जाऊं। फिर कोई फिल्म बड़ी लोकप्रिय हो गई तो लगता है कि ये फील्ड अच्छा है, मैं एक्टर बन जाऊं। चंद्रयान की घटना घटे तो लगेगा कि मैं वैज्ञानिक बन जाऊं। दो महीने बाद फिर क्रिकेट मैच आ जाए तो उसे लगता है कि वैज्ञानिक बनना मेहनत का काम है, इससे अच्छा है कि क्रिकेटर ही बन जाऊं। ज्यादातर लोगों की इच्छाएं अस्थिर होती हैं। यह तरंग की तरह होता है। अस्थिर इच्छाएं दुनिया की नजरों में तरंग होती हैं। जब लंबे अरसे तक इच्छाओं को स्थिरता मिल जाए तो वह संकल्प में बदल जाती है।

**क्विक न्यूज**

### सुप्रीम कोर्ट ने आप को 10 अगस्त तक कार्यालय खाली करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) को अंतिम अवसर देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ पार्टी को दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर बने उसके ऑफिस को 10 अगस्त तक खाली करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने आप की उस अर्जी को स्वीकार कर लिया जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा 4 मार्च को निर्धारित 15 जून की समयसीमा को आगे बढ़ाने की मांग की गई थी। पीठ में न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे। अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली राजनीतिक पार्टी को आदेश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के समक्ष एक अंडरटेकिंग दाखिल करे कि वह इस साल 10 अगस्त को या उससे पहले विचाराधीन परिसर को खाली कर कब्जा सौंप देगी।

### हरियाणा में दो ट्रकों की भीषण टक्कर में दोनों चालक जिंदा जले

**रायपुर रानी।** हरियाणा में रायपुर रानी के गांव गोलपुरा के पास नेशनल हाईवे पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, आमने-सामने दो ट्रकों की टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद एक ट्रक में लगा सीएनजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसके चलते दोनों ट्रकों में आग लग गई। आग लगने के बाद दोनों ट्रक के चालक जिंदा जल गए। हादसे की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। हादसे के बाद रोड पर जाम लग गया। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को काबू किया गया। बता दें कि एक ट्रक जिसका नंबर एचआर 58 सी 2409 है, उसका चालक सादिक, अपने ट्रक में चेरी लोड कर श्रीनगर से यूपी जा रहा था। दूसरे ट्रक एचआर 58 सी 0063 का चालक रमजान यमुनानगर से पंचकूला की तरफ जा रहा था। दोनों की गोलपुरा गांव के नजदीक टक्कर हो गई।

## भारत-पाकिस्तान मैच के बाद एमसीए अध्यक्ष अमोल का निधन, 47 वर्ष की उम्र कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अमोल काले का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2024 का मुकाबला देखने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे थे। भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को छह रन से हराया था। अमोल 47 वर्ष के थे। न्यूयॉर्क से स्टेडियम की उनकी तस्वीर भी सामने आई थी। उन्होंने रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ के सचिव अजिंक्य नाइक और अपेक्स काउंसिल के सदस्य सुरज सामत के साथ यह मैच देखा था। हालांकि, मैच के बाद उनकी तबीयत खराब हुई और फिर उनका निधन हो गया। अक्तूबर 2022 में संदीप पाटिल को करीबी मुकाबले में हराने के बाद अमोल काले को एमसीए अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। आगामी सत्र से मुंबई की सीनियर पुरुष मैच फीस दोगुनी करने के एमसीए के फैसले में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इतना ही नहीं पिछले साल अमोल की अगुआई में ही मुंबई क्रिकेट संघ ने वनडे विश्व कप 2023 मैचों की सफल मेजबानी की थी। नागपुर के रहने वाले अमोल काले एक दशक से अधिक समय से मुंबई में रह रहे थे। उन्हें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी सहयोगी माना जाता था। एमसीए के शीर्ष पद पर होने के अलावा अमोल काले इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के सह-प्रमोटर भी थे। यह एक टेनिस-बॉल फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग है। उनके नेतृत्व में घरेलू क्रिकेट भी मुंबई को भारी सफलता मिली। मुंबई ने हाल ही में समाप्त हुए 2023-24 सीजन में रणजी ट्रॉफी जीती।

# प्रज्वल रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, यौन शौषण-दुष्कर्म मामले में अदालत का फैसला

**वजह**

**अदालत में एसआईटी ने रेवन्ना पर लगाई कई आरोप**

एजेंसी



**बंगलूरू।** जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) से निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। पहले उन पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें हासन लोकसभा सीट से हार भी झेलनी पड़ी और अब उन पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप में बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बता दें कि कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी द्वारा रेवन्ना को अदालत में पेश किया गया है। इससे पहले 31 मई को अदालत ने रेवन्ना को 6 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेजा था। इसके बाद हिरासत को 10 जून तक बढ़ाया गया। जेडी-एस से निष्कासित नेता को हिरासत में विस्तृत जांच का सामना करना पड़ा। एसआईटी ने इकट्ठा किए गए सबूत, गवाहों के बयानों के आधार पर रेवन्ना से पूछताछ की। इसके बाद अदालत में पूर्व सांसद के खिलाफ कई आरोप दायर किए। इसके बाद कोर्ट ने भी आरोपों की गंभीरता को समझते हुए रेवन्ना की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ा दिया। अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा। अदालत ने आरोपों की गंभीरता और एसआईटी द्वारा पेश किए गए सबूतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें 24 जून तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया।

हासन लोकसभा सीट में मतदान से ठीक पहले प्रज्वल के विवादित और आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। मतदान के अगले दिन प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी भाग गए थे। उधर, सीबीआई ने रेवन्ना के ठिकानों का पता लगाने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था। 18 मई को बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। 31 मई को जैसे ही प्रज्वल बंगलूरू के कैंपेगौड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचे, तो एसआईटी ने उन्हें हिरासत में ले लिया था।

## मंत्री बनने के बाद बोले बिट्टू-मोदी जो कहते हैं करते हैं...किसानों के मुद्दे का समाधान मेरी जिम्मेदारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** बिट्टू ने कहा कि सांसद न होने पर भी मंत्री बनाए जाने से बड़ी कोई बात नहीं है... पीएम नरेंद्र मोदी जो भी कहते हैं, वह कभी अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटते। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुकाबले यूपी और बिहार को संभालना ज्यादा मुश्किल है. अगर वहां की स्थिति संभाली जा सकती है, तो पंजाब को भी आसानी से संभाला जा सकता है। बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस ने कभी पंजाब के लिए काम नहीं किया। पंजाब के हर जिले में नारकोटिक्स का दफ्तर होगा... किसानों का मुद्दा मेरी जिम्मेदारी है और मैं सुनिश्चित करूंगा कि इसका समाधान हो।

पंजाब में आतंकवाद को खत्म करने के लिए अपनी शहादत देने वाले पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू का पंजाब की राजनीति में बड़ा नाम है। वह तेज तर्रार नेताओं में शुमार हैं। पंजाब में सिख समुदाय को साधने के लिए मोदी ने कैबिनेट में दो सिख चेहरों को शामिल किया है। इनमें हरदीप पुरी को लगातार दूसरी बार मंत्री पद मिला है। इसके अलावा लुधियाना से रवनीत बिट्टू को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

रवनीत बिट्टू ने यूथ कांग्रेसी लीडर को तौर पर अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। उन्होंने पंजाब यूथ कांग्रेस के प्रधान की भी जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद वर्ष 2009 में बिट्टू ने श्री आनंदपुर साहिब से लोकसभा का चुनाव लड़ा और अपनी संसदीय पारी की शुरुआत की। इस चुनाव में बिट्टू ने दिग्गज अकाली नेता दलजीत सिंह चीमा को शिकस्त दी थी। इसके बाद कांग्रेस ने उनकी सीट में बदलाव किया और उनको लुधियाना संसदीय सीट पर चुनाव लड़ाया। लगातार पंद्रह साल तक बिट्टू कांग्रेस से सांसद रहे। वर्ष 2014 एवं 2019 में वे लुधियाना संसदीय सीट पर लगातार दो बार जीत कर सांसद बने।

# यूक्रेन ने रूस को दिया मुंहतोड़ जवाब, घातक हमले में स्वाहा हुआ रूसी का सबसे खतरनाक फाइटर प्लेन

एजेंसी



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। रूस की तरफ से यूक्रेन पर हाल के दिनों में हमले तेज कर दिए गए हैं। इस बीच यूक्रेन की तरफ से भी बड़ा पलटवार किया गया है। यूक्रेन की तरफ से कहा गया है कि उसके सैन्य बलों ने अग्रिम चौकियों से लगभग 600 किलोमीटर दूर वायुसेना अड्डे के निकट खड़े रूसी अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर हमला किया है। यूक्रेन ने इस तरह के हमले की बात तब कही है जब हाल ही में उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने उसे रूस के अंदर सीमित हमलों के लिए अपने हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी।

यूक्रेन की मुख्य सैन्य खुफिया सेवा ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें साझा की हैं और कहा कि इनमें हमले के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है। यदि यूक्रेन की तरफ से किए गए इस हमले की पुष्टि हो जाती है, तो यह यूक्रेन की तरफ से सुखोई-57 लड़ाकू विमान पर किया गया पहला सफल हमला होगा। सुखोई दोहरे इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे रूस का सबसे उन्नत सैन्य विमान माना जाता है। यह यूक्रेन की तरफ से रूस पर अब तक का सबसे घातक हमला है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के अनुसार, शनिवार को दक्षिणी रूस के अखूतुबिंस्क अड्डे पर हमला हुआ, जो अग्रिम चौकी से लगभग 589 किलोमीटर दूर है। हालांकि, यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि इसके लिए किस हथियार का इस्तेमाल किया गया। लेकिन, यूक्रेन से वायुसेना अड्डे की दूरी को देखते हुए संभव है कि इस हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया हो।

यहां यह भी बता दें कि, अमेरिका एक बार फिर यूक्रेन की मदद के लिए आगे आया है। अमेरिका यूक्रेन को करीब 22.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता भेजेगा। अमेरिकी अधिकारियों की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस नए पैकेज में गोला-बारूद भी शामिल है।

### एक सप्ताह में 400 सिगरेट पीना ब्रिटेन की एक लड़की को पड़ा महंगा, लंग्स हुए बंद

**लंदन।** सिगरेट जानलेवा है, सिगरेट का हद से ज्यादा उपयोग करना एक 17 साल की लड़की को भारी पड़ गया और उसकी जान पर बन आई। एक हफ्ते में ये लड़की करीब 400 सिगरेट पी जाती थी। जिसके कारण उसके लंग्स ने काम करना बंद कर दिया , इसके साथ इतनी ज्यादा सिगरेट पिने की वजह से उसके लंग्स में छेद भी हो गए थे। फिलहाल इस लड़की की हालत ठीक है, बताया जा रहा है की 5 घंटो का एक लंबा ऑपरेशन इस लड़की पर किया गया। इस दौरान इसे हार्ट अटैक आने की जानकारी भी इस लड़की के पिता ने दी है।कायला ब्लीथ इस लडकी का नाम है। 11 मई को एक दोस्त के घर में कायला अचानक गिर पड़ी। उसके शरीर का पूरा रंग नीला पड़ चूका था। उसे तुरंत हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। डॉक्टर्स ने जब जांच की तो पता चला की उसके लंग्स में ब्लेब नामक एक पार्ट ख़राब हो चूका है।

# यूरोपीय संघ चुनावों में धुर दक्षिणपंथी दलों की बड़ी जीत फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को मिली करारी शिकस्त

एजेंसी



**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ चुनावों में धुर दक्षिणपंथी दलों ने कई देशों की सत्तारूढ़ सरकारों को भारी नुकसान पहुंचाया और रविवार को हुए संसदीय चुनावों में बड़ी सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भी चुनाव में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। कुल 27 सदस्य देशों वाले यूरोपीय संघ में सत्ता की चाबी दक्षिणपंथी दलों के हाथों में खिसकती हुई नजर आ रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की पार्टी की सीटें यूरोपीय संघ संसद में दोगुनी हो गई हैं।

जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी को भले ही अपने उम्मीदवारों से जुड़े घोटाले का सामना करना पड़ा हो लेकिन पार्टी ने देश के चांसलर ओलाफ शोल्ज की %%सोशल डेमोक्रेट्स' पार्टी को मात देने के लिए पर्याप्त सीट जुटा ली हैं। धुर दक्षिणपंथ दलों से हार के खतरे को भांपते हुए यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स' ने चुनावों से पहले ही प्रवासन और जलवायु के मुद्दे पर और अधिक दक्षिणपंथी रुख अपना लिया था, जिसके कारण 720 सीट वाली यूरोपीय संसद में उनकी पार्टी अब तक की सबसे बड़ी पार्टी बने रहने के रूप में सफल साबित हुई।

इस बात में कोई शक नहीं कि रविवार रात को हुए संसदीय चुनावों में फ्रांस में मैरीन ले पेन की नेशनल रैली' पार्टी ने अपना दबदबा कायम किया, जिसके कारण मैक्रों ने राष्ट्रीय संसद को तुरंत भंग कर मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी। मैक्रों के लिए यह बड़ा राजनीतिक जोखिम है, क्योंकि उनकी पार्टी को और अधिक नुकसान सहना पड़ सकता है। ले पेन ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा, हम देश को बदलने के लिए तैयार हैं, फ्रांस के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं, बड़े पैमाने पर प्रवासन की समस्या को समाप्त करने के लिए तैयार हैं। मैक्रों ने अपनी करारी शिकस्त को स्वीकार करते हुए कहा, मैं आपका जनादेश स्वीकार करता हूं, आपकी चिंताओं से वाकिफ हुआ हूं और मैं इन्हें हल किए बिना नहीं जाऊंगा।

यूरोपीय संघ के 27 सदस्यीय देशों में सबसे अधिक आबादी वाले देश जर्मनी में %अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी के कई शीर्ष उम्मीदवारों का नाम घोटालों में शामिल रहा लेकिन इसके बावजूद पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ा। पार्टी ने 2019 में 11 प्रतिशत मत हासिल किए थे, जो बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो गए। वहीं, जर्मनी के सत्तारूढ़ गठबंधन में तीन दलों का संयुक्त मत प्रतिशत मुश्किल से 30 प्रतिशत से ऊपर रहा।

# जम्मू-कश्मीर की भूलभुलैया गुफाओं में छिपे 58 पाकिस्तानी आतंकी, जिंदा या मुर्दा, बाहर घसीटने की तैयारी

एजेंसी

**दहशतगर्दों के लिए मुखबिरी और सप्लाई चेन का काम कर रहे स्थानीय लोग**



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को पाकिस्तानी आतंकियों ने वैष्णो देवी मंदिर जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कर दिया। फायरिंग के चलते ड्राइवर का बस पर नियंत्रण नहीं रहा। नतीजा, बस गहरी खाई में जा गिरी। दस लोग मारे गए, जबकि 33 से अधिक घायल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय बलों की खुफिया इकाई से जुड़े विश्वस्त सूत्रों का कहना है, जेएंडके के घने जंगलों में स्थित प्राचीन भूलभुलैया गुफाओं में 58 पाकिस्तानी दहशतगर्द छिपे हैं। लगभग 32 स्थानीय आतंकी भी उनके साथ हैं।

इसके अलावा करीब दो दर्जन ऐसे लोग हैं, जो दहशतगर्दों के लिए मुखबिरी और सप्लाई चेन का काम करते हैं। भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जेकेपी, उन प्राकृतिक गुफाओं तक पहुंच रही है, जहां पाकिस्तानी और लोकल आतंकी छिपे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के सीक्रेट प्लान के मुताबिक, आतंकी जिंदा या मुर्दा, लेकिन वे बाहर घसीटे जाएंगे।

जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी इलाके में बीहड़ जंगल हैं। इन्हीं जंगलों में अनेक प्राकृतिक गुफाएं मौजूद हैं। गत वर्ष सेना प्रमुख, जनरल मनोज पांडे ने कमांडरों की एक बैठक में यह निर्देश दिया था कि प्राकृतिक गुफाओं में छिपे बैठे आतंकियों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जाए। उनके ठिकानों पर जोरदार प्रहार किया जाए। इसके बाद कई स्थानों पर सुरक्षा बलों के खास ऑपरेशन शुरु किए गए हैं। पीर पंजाल रेंज के तहत आने वाले राजौरी-पुंछ के वन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की टीमें पहुंच रही हैं। ऑपरेशन में सीआरपीएफ का कोबरा दस्ता, जो जंगल वॉरफेयर में एक्सपर्ट है, उसकी मदद ली जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, कई प्राकृतिक गुफाओं में पाकिस्तानी दहशतगर्द छिपे हुए हैं। कुछ गुफाएं ऐसी जगह पर स्थित हैं, जहां तक सुरक्षा बलों की सीधी पहुंच नहीं है। आतंकी, ऊंचाई का फायदा उठाते हैं। गत वर्ष दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के कोकेरनाग जंगल क्षेत्र में छह सात दिन चले ऑपरेशन में दो आतंकियों के मारे जाने का दावा किया गया था। यहां पर आतंकी, प्राकृतिक गुफा में छिपे हुए थे। जब सुरक्षा बलों ने गुफा की तरफ चढ़ाई की, तो आतंकियों ने फायरिंग कर दी। उस हमले में भारतीय सेना का एक कर्नल, एक मेजर और एक डीएसपी शहीद हो गए थे। ऑपरेशन के छठे दिन, एक अन्य जवान की बॉडी मिली थी। उसके बाद भी जंगलों में आतंकियों ने हमलों को अंजाम दिया। पिछले माह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के वाहन पर हमला किया था। उस हमले में एक सैनिक शहीद हुआ, जबकि कई अन्य सैनिक घायल हो गए थे।

## राज्यपाल ने आठ मंत्रियों के साथ दिलाई शपथ

# दूसरी बार सिक्किम के सीएम बने प्रेम तमांग

**जंग**

**एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर दर्ज की थी जीत**

एजेंसी



**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तमांग के साथ आठ नव-निर्वाचित विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रेम सिंह तमांग को दोबारा सिक्किम का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'सिक्किम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रेम सिंह तमांग के सफल कार्यकाल की कामना करता हूं और सिक्किम की प्रगति के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।'

इस वर्ष अप्रैल के महीने में सिक्किम में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और 2 जून को नतीजे आए। एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है। इस बार विधानसभा चुनाव में तमांग ने जिन दो सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा, वहां उन्हें जीत हासिल हुई। सोरेंग-चाकुंग और रेनॉक सीटों पर जीत दर्ज कर तमांग ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ है।

प्रेम सिंह तमांग का जन्म 5 फरवरी 1968 को पश्चिम सिक्किम के सिंग्लिंग बस्टी में हुआ था। उनके पिता का नाम कालू सिंह तमांग और मां का नाम धन माया तमांग है। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद तमांग ने 1988 में दार्जिलिंग गवर्नमेंट कॉलेज से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राजनीति में आने से पहले तमांग सरकारी शिक्षक थे। हालांकि, शिक्षक की नौकरी के बदले उनकी सामाजिक कार्यों में अधिक रूचि रही। इसी वजह से वे बाद में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) की राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने शुरू कर दिया और पार्टी के सदस्य बन गए। इसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और एसडीएफ के स्थाई सदस्य बन गए। चामलिंग, एसडीएफ के संस्थापक रहे पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे।

वर्ष 1994 में तमांग ने अपने जीवन का पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। एसडीएफ के टिकट पर सोरेंग चाकुंग सीट से चुनाव लड़कर उन्होंने पहली जीत भी दर्ज की। 1994 से 1999 तक वे पशुपालन, चर्च और उद्योग विभाग के मंत्री रहे। 1999 के विधानसभा चुनाव में में वे एक बार फिर से सोरेंग चाकुंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वर्ष 1999 से लेकर 2004 तक उन्होंने राज्य के उद्योग और पशुपालन मंत्री के रूप में कार्य किया। अगले चुनाव यानी वर्ष 2004 में उन्होंने एक बार फिर से चाकुंग निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतीश मोहन प्रधान को हराकर जीत दर्ज की। इसी के साथ वे राज्य के भवन एवं आवास विभाग के मंत्री बने। 2009 में प्रेम सिंह तमांग ने अपर बुर्तुक से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार राय को मात दी।

वर्ष 2013 में एसडीएफ से प्रेम सिंह तमांग के इस्तीफे के बाद राज्य में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) नाम से नई पार्टी अस्तित्व में आई।

# करोड़ों की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**भूमाफियाओं में हड़कंप**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही सीएम योगी फूल एक्शन मुड मेआ गएहै,जिसके क्रम मे डीएम के रविन्द्र कुमार मांदड़ के आदेश पर आज सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली के मु0- कटघरा में करीब डेढ़ करोड़ रूपये मूल्य की सरकारी जमीन पर किये गए अवैध कब्जे को जमीदोंज कर पूरी जमीन को नगर पालिका परिषद जौनपुर को सुपुर्द कर दिया गया है।

नईबाजार कटघरा निवासी अरविंद चौहान ने शिकायत किया था कि बंजर खाते की सरकारी जमीन पर आराजी नंबर 149/1 क्षेत्रफल 121 एयर पर प्रदीप शिवशंकर एवं रविन्द्र उर्फ बच्चन एवं साहब लाल यादव आदि लोग गलत तरीके से निर्माण करके जमीन पर कब्जा किए हुए है। जिला प्रशासन ने जांच कराया जांच में शिकायत सही मिली इसके बाद जिलाधिकरी ने अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश उपजिलाधिकारी को दिया डीएम के आदेश के क्रम मे एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मय बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच कर सभी अवैध अतिक्रमण को हटवा कर सरकारी जमीन को मुक्त करा दिया है।सरकारी रेट के अनुसार जमीन की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रूपये कीमत की है। कब्जाइयो से कब्जा हटवा कर जमीन को तत्काल नगर पालिका परिषद के ईओ को सुपुर्द कर दिया गया है। इस तरह एसडीएम ने एक बड़ी सरकारी सम्पत्ति को कब्जाइयो से मुक्त कराने में सफल रहे।

## जमीन विवाद में दो समुदाय के लोग आमने सामनें

**आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के सुराई गांव में आज दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए क्यों कि राज कुमार बाजपेई सुराई गांव में केबल एक परिवार रहता है जिसकी बहुत ही कीमती जमीन निजामाबाद फरिहा मार्ग पर स्थित गाटा संख्या 160 भूमिधरी जमीन है जिस पर आज सुराई गांव निवासी शाह फ्हद पुत्र अब्दुल रसीद जबरन अवैध दूकान भारी संख्या में मजदूर मिस्त्री लगाकर सुबह सात बजे से बनवाने लगे थे और जब दूसरे पक्ष के लोगो को जानकारी हुई तो आमने सामने आ गए थे राज कुमार बाजपेई अनील बाजपेई सुनील बाजपेई विजय बाजपेई उक्त जमीन पर हो रहे निर्माण का विरोध किया तो दोनों तरफतनाव व्याप्त हो गया इसी बीच राज कुमार बाजपेई के घर के लोगो ने डायल 112 पर सूचना दी तो पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य रोक कर पुलिस पर ले जाकर बैठाया।

# विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों की उन्नति के लिए एमओयू

**पीयू और एन.बीए.आई.एम के बीच हुआ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर**

**अवधनामा ब्यूरो**



**जौनपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा एवं विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा के पहल पर 10 जून सोमवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की कुशमौर, मऊ जिला स्थित राष्ट्रीय कृषि महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीव ब्यूरो (एन.बीए. आई.एम.) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया । इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के मध्य विभिन्न शैक्षणिक, शोध, पेटेंट तथा जीव व कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों में परस्पर सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे इस क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं शोध के माध्यम से अपने ज्ञान पर उत्तरोत्तर उन्नति कर सके। ज्ञात हो कि देश में एकमात्र संस्था है, जिसे खाद्य और कृषि के लिए सूक्ष्मजीव आनुवंशिक संसाधनों को संरक्षित, परीरक्षित और उपयोग करने का अधिकार है। जहां सुस्पष्ट सूक्ष्मजीवों को इसके सतत उपयोग के लिए संरक्षित किया जाता है और वे राष्ट्रीय समृद्धि और भावी पीढ़ी के लिए एक संपदा हैं। विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो.राजेश शर्मा, सहयुक्त आचार्य, डॉ. श्री प्रकाश तिवारी एवं समझौता ज्ञापन के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु विश्वविद्यालय की तरफ से प्रतिनिधित्व किया।

## पीड़िता की जमीन पर दबंगो ने बनाया अवैध शौचालय



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर न्याय की गुहार लगाने आई पीड़िता नीलम पत्नी स्व. कैलाश ग्राम कस्बा निजामाबाद थाना निजामाबाद ने बताया की हम एक पैर से विकलांग है और अपना वह अपने बच्चों का जीवन यापन के लिए दिल्ली में रहकर कंपनी में काम करती हूं करीब 1 वर्ष पहले पता चला कि हमारे जमीन में ज्येष्ठ कमलेश पुत्र मुकेशराम के के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करके उसके शौचालय बनवा लिया गया है जिसकी शिकायत थाना निजामाबाद में की गई तो इसका सुलहनामा 19 मई 2023 को बना की 15 दिन के अंदर कमलेश द्वारा अपना शौचालय हटा दिया जाएगा लेकिन 1 वर्ष बीत चुका है कमलेश से शौचालय नहीं हटाया वहीं पीड़िता नीलम ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हम जब अपनी बची हुई जमीन की घेराबंदी करने गई तो हमारे ज्येष्ठ कमलेश उनके लड़के आकाश विकास और लड़की करीना पत्नी शीला उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बुरी तरह से हमें लात घूसे से मारा पीटा जिससे हमारे दाहिने हाथ की हड्डी फैक्रर हो गई प्लास्टर लगा हुआ है विपक्षीयो द्वारा अभी भी जान माल की धमकी दी जा रही है जिसकी सूचना थाने पर देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है अगर हमारे साथ कोई भी घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदार हमारे विपक्षी होंगे पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से दोषियों के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए न्याय की मांग मिला उचित कार्यवाही का आश्वासन।

## गैरइरादतन हत्या के चार अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना सुरेरी पुलिस टीम द्वारा मारपीट व गैरइरादतन हत्या में वांछित 02 महिला सहित 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में वाँछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण एवं दिशा ङ्क निर्देशन में थाना सुरेरी जौनपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-067/24 धारा 323/308 आईपीसी में वांछित अभियुक्तगण 1. आशीष कुमार पुत्र हरिनाथ राजभर उम्र करीब 25 वर्ष 2. संदीप पुत्र स्व0 राजकुमार राजभर उम्र करीब 23वर्ष 3. नीलू पत्नी महेन्द्र राजभर उम्र करीब 30 वर्ष 4. अंजली पुत्री हरिनाथ राजभर उम्र करीब 20 निवासीगण भदखिन थाना सुरेरी जौनपुर को रविवार को समय-11.30 बजे भदखिन बाजार से गिरफ्तार किया गया।

# वॉलीबाल खिलाड़ी इमदाद अली की मृत्यु पर शोक सभा

**अवधनामा संवाददाता**



**हड़िया/प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए), प्रयागराज के पदाधिकारियों, सदस्यों व खिलाड़ियों की एक शोक सभा जिले के गंगापार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मंडौर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में आहूत की गई। जिसमें अंसार वॉलीबाल क्लब मंडौर के पूर्व खिलाड़ी व इंग्लिश कोचिंग सेंटर बलरामपुर के निदेशक इमदाद अली की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.पी.सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन के अवैतनिक महासचिव आर.पी. शुक्ला, कोषाध्यक्ष के.बी.एल. श्रीवास्तव, बर्फी लाल यादव, हरिकेश विश्वकर्मा, राजित राम शुक्ला, अल्ताफ अली, मो.दाऊद, जावेद खां, पंचम कुशवाहा, मो.यूनुस अंसारी, आशीष शुक्ला, अब्दुल रहमान, मो.आजम खां, मो.हुसैन, यूसुफ खां आदि व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा मृतक की मजार पर उनके परिजनों के साथ पहुँचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# मेडल व प्रशस्ति पत्र पाकर मेघावी बच्चों को खिले चेहरे

**रिलायंस ट्रेंड्स द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बच्चों को मिला सम्मान**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** नगर स्थित रिलायंस ट्रेंड्स मॉल में सोमवार को हाई स्कूल और इंटर बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों के माता पिता मौजूद रहे।

बताते चलें कि मुंगराबादशाहपुर नगर के मछलीशहर रोड स्थित रिलायंस ट्रेंड्स मॉल द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में हाई स्कूल और इंटर यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले होली डिवाइन पंडित श्याम सुंदर मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल और राष्ट्रिया इंटर मिडिएट कॉलेज के छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ तुलसी प्रसाद जायसवाल (तुलसी हॉस्पिटल) ने स्नेहा पटेल, प्राची शुक्ला, श्रेया दुबे, तृप्ति पाल, सेजल उपाध्याय, रमन पटेल, इंटर मिडिएट साक्षी तिवारी, आकृति दुबे, अंशिका दुबे को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोसाहित करते हुए सम्मानित किया गया। वहीं डॉ तुलसी जायसवाल ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि मेहनत एवं लगन से हर राह आसान हो जाती है,प्रतिभा पत्थर फाड़ कर निकलती है, उसे कोई रोक नहीं सकता है।

सही मार्गदर्शन में मेहनत करने वाले विफल नहीं होते हैं। वहीं मैनेजर उत्कर्षा सिंह ने कहा कि मैट्रिक व इंटर में सफल विद्यार्थियों को आगे की चुनौतियों के लिये तैयार रहना होगा, तभी वे जीवन में सफल हो पायेंगे। कोई भी परीक्षा कठिन नहीं है। अगर आप अपना शत-प्रतिशत किसी चीज में देते हैं, तो उसका फल आपको अवश्य मिलता है,इस दौरान मेधावी बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर रिलायंस ट्रेंड्स मॉल के समस्त कर्मचारी और बच्चों सहित उनके माता पिता मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- उडवलिया
## वि.खं. बांसी जनपद- सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत उडवलिया विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 12.06.2024 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत उडवलिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत उडवलिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत उडवलिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत उडवलिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- अमरावती**
**ग्रा.पं. उडवलिया**
**वि.खं. बांसी**

**सचिव- हीरा सिंह**
**ग्रा.पं. उडवलिया**
**वि.खं. बांसी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- देवरिया
## वि.खं. मिठवल, जनपद- सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत देवरिया विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत देवरिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत देवरिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत देवरिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत देवरिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- फकरूद्दीन**
**ग्रा.पं. देवरिया**
**वि.खं. मिठवल**

**सचिव- विकेन्द्र नाथ यादव**
**ग्रा.पं. देवरिया**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- तेनुहार
## वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तेनुहार विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 11.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत तेनुहार के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत तेनुहार के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत तेनुहार कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत तेनुहार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान-महेन्द्र कुमार चौधरी**
**ग्रा.पं. तेनुहार**
**वि.खं. डुमरियागंज**

**सचिव- शिव अजोर**
**ग्रा.पं. तेनुहार**
**वि.खं. डुमरियागंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- जखौली
## वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जखौली विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 23.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत जखौली के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत जखौली के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत जखौली कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत जखौली के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान-साबिरा खातून**
**ग्रा.पं. जखौली**
**वि.खं. डुमरियागंज**

**सचिव- अंकित त्रिपाठी**
**ग्रा.पं. जखौली**
**वि.खं. डुमरियागंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- अल्लापुर
## वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत अल्लापुर विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत अल्लापुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत अल्लापुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत अल्लापुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत अल्लापुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- सुंदरी**
**ग्रा.पं. अल्लापुर**
**वि.खं. डुमरियागंज**

**सचिव- राहुल सिंह**
**ग्रा.पं. अल्लापुर**
**वि.खं. डुमरियागंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- मनिकौरा नानकार
## वि.खं. मिठवल, जनपद- सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मनिकौरा नानकार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मनिकौरा नानकार के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मनिकौरा नानकार के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मनिकौरा नानकार कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मनिकौरा नानकार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- इन्द्रमोहन चौधरी**
**ग्रा.पं. मनिकौरा नानकार**
**वि.खं. मिठवल**

**सचिव- सुरेन्द्र यादव**
**ग्रा.पं. मनिकौरा नानकार**
**वि.खं. मिठवल**

# मजबूती का रिकॉर्ड बनाने के बाद टूटा शेयर बाजार, सेंसेक्स पहली बार 77 हजार के पार

**बाजार में गिरावट के बावजूद निवेशकों ने कमाए 1.42 लाख करोड़ रुपये**



**नई दिल्ली (हि.स.)।** पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी तीन दिन जोरदार मजबूती दिखाने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि आज के कारोबार की शुरुआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार खरीदारी के सपोर्ट से अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर भी पहुंचने में सफल रहा। सेंसेक्स पहली बार 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। इसके बाद मुनाफावसूली का दबाव बन जाने के कारण घरेलू शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा जबकि बीएसई के अन्य सेक्टर्स खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में बंद हुए। रियल्टी और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में आज जोरदार खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में कमजोरी आने के बावजूद छोटे और मझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 424.91 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 423.49 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.42 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,129 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,630 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,362 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 137 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,356 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,549 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 807 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी सस्ते हुए

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुएं सस्ती हुई हैं। बाजार में आई इस गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 71,810 रुपये से लेकर 71,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 65,840 रुपये से लेकर 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 72 हजार रुपये और 22 कैरेट सोना 66 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर बना हुआ है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी गिरावट आई है। आज की गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत



72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 71,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 71,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,710 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 71,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एशिया में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में निराशा का माहौल बना रहा, जिसके कारण यहां के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,346.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.23 प्रतिशत टूट कर 17,133.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, बिटकॉइन में तेजी, एथेरियम में गिरावट

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 4 मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, 4 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा 2 क्रिप्टो करेंसी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 69,360.82 डॉलर यानी 57.92 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके विपरीत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,674.32 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 5.44 प्रतिशत, डॉगकॉइन 0.66 प्रतिशत और टॉनकॉइन 0.88 प्रतिशत



की कमजोरी के साथ रेड जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर सोलाना 0.34 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.42 प्रतिशत और कार्डानो 1.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। इनके अलावा टेथर और यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.53 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 211.8260 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 5,500 करोड़ डॉलर यानी 4.59 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 8.56 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें, तो कीमत में मामूली तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.17 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 54.06 प्रतिशत हो गई है।

# सत्ता संभालने से पहले चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा




**नई दिल्ली।** पिछले पांच साल से सत्ता से दूर रहे चंद्रबाबू नायडू की किस्मत ने पलटी मारी है। आंध्र प्रदेश में ना केवल उनकी सत्ता में वापसी हुई है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र सरकार में उनकी भूमिका बढ़ने के साथ परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

राज्य की सत्ता संभालने से पहले एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई है। कंपनी के शेयरों में इस उछाल से उनके परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

हेरिटेज फूड्स के शेयर सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 727.9 रुपये के नए 52 हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 10 फीसदी का ऊपरी सर्किट लगा है। आंध्र प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 35.71 फीसदी यानी कंपनी के 3,31,36,005 शेयर हैं।

# उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग 2024 की मेगा नीलामी, लखनऊ लॉयन ने अर्जुन देसवाल को 3.10 लाख में खरीदा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) 2024 के लिए बहुप्रतीक्षित मेगा नीलामी आज नोएडा स्थित सरोवर पोर्टिको में संपन्न हुई। इस दौरान अलग-अलग टीमों ने 120 खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। जिनमें सबसे ज्यादा बोली लगाते हुए लखनऊ लॉयन ने अर्जुन देसवाल को 3.10 लाख में और यमुना योद्धा ने विनय को 3.10 लाख में खरीदा। इनके अलावा संगम चैलेंजर्स ने अभिजीत मलिक को 2.60 लाख में, नोएडा निंजा ने अमित नागर को 1.45 हजार में और अवध रामदूत ने आशु सिंह को 1.5 लाख में खरीदा। सभी टीमों ने 15-15 खिलाड़ी खरीदे और हर टीम ने खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपये इन्वेस्ट किए। नीलामी में हिस्सा लेनी वाली टीमों में बृज स्टार, गंगा किंग्स ऑफ मिर्जापुर, काशी किंग्स, जेडी नोएडा निन्जा, यमुना योद्धा, लखनऊ लायंस,




अवध रामदूत और संगम चैलेंजर्स शामिल रहीं। नीलामी में उपस्थित 394 खिलाड़ियों को चार अलग-अलग श्रेणियों - ए, बी, सी, डी में विभाजित किया गया था। इस आयोजन में भारतीय कबड्डी की दुनिया के कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध खिलाड़ी मौजूद रहे। इन शीर्ष एथलीट्स की विशेषज्ञता और स्टार पावर के कारण यह नीलामी उत्साह और उम्मीदों का केंद्र बिंदु बन गई। यूपीकेएल के स्पोर्ट्स एंबेसडर राहुल चौधरी ने कहा कि मेगा नीलामी न केवल टीमों और खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण क्षण रहा, बल्कि उत्तर प्रदेश में कबड्डी के विकास और लोकप्रियता के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह एक रोमांचक आयोजन की शुरुआत है, जिसमें टीमों के प्रबंधन की रणनीतिक क्षमता का प्रदर्शन देखने को मिलेगा, क्योंकि यहां उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के लिए बोली लगाई गई है। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफार्म युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे भविष्य में देश को कई स्टार खिलाड़ी मिलेंगे। यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन ने कहा कि देश के कल्चर से जुड़े खेलों को महत्व मिलना चाहिए, इसी भावना के साथ इस लीग की परिकल्पना की गई है।

# कैस्ट्रॉल ने भारत में एज उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की

**मुंबई।** कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने आज कैस्ट्रॉल एज लाइन के तहत उत्पादों की एक नई रेंज लॉन्च की है। ऑन-डिमांड परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किए गए इस प्रीमियम और एडवांस इंजन ऑयल में अब पैसेंजर कार सेगमेंट के लिए तीन नए वैरिएंट मिलेंगे। ये नए वैरिएंट ऑटोमोटिव उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करेंगे।इस लॉन्च का प्रचार एक प्रभावशाली टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन द्वारा किया जा रहा है, जिसका शीर्षक स्टे अहेड है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान शामिल हैं। इस टीवी विज्ञापन का भव्य प्रीमियर 9 जून 2024 को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान टी20 मैच के दौरान हुआ, जिसमें शाहरुख खान को एक नए और रोमांचक अवतार में दिखाया गया है। इसमें कैस्ट्रॉल एज का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया है।कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और मार्केटिंग हेड श्री रोहित तलवार ने कहा, हम शाहरुख खान के इस आकर्षक मल्टीमीडिया कैंपेन के साथ हाई




परफॉर्मेंस कार लुब्रिकेंट्स की अपनी रेंज कैस्ट्रॉल एज को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। यह कैंपेन शाहरुख को खुद के रूप में पेश करता है, उनके जीवन के एक हिस्से को प्रदर्शित करता है, जहां ब्रांड वास्तव में उन्हें फायदा दे सकता है। कैस्ट्रॉल एज की शुरुआत के साथ, इनोवेशन पर हमारा फोकस भारत की कारों से बेहतर परफॉर्मेंस की बढ़ती मांग को पूरा करता है। नई कैस्ट्रॉल एज रेंज में हाइब्रिड से लेकर यूरोपीय कारों और एसयूवी तक के वाहनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए प्रोडक्ट शामिल हैं। ये प्रोडक्ट अत्याधुनिक तकनीक और सबसे बेहतर इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स से भी बेहतर हैं। यह लॉन्च लुब्रिकेंट सेक्टर में हमारी लीडरशिप को मजबूत करता है और हमें विश्वास है कि कैस्ट्रॉल एज इंजन परफॉर्मेंस में एक नया मानदंड स्थापित करेगा और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देगा।

इस टीवी विज्ञापन के निर्माण पर चर्चा करते हुए, ओगिल्वी इंडिया के सीसीओ सुकेश नायक ने कहा, हमें कैस्ट्रॉल के लिए कुछ खास करना था। शाहरुख के साथ मिलकर हम उनकी रचनात्मक क्षमता को सबसे बेहतर रूप में दिखाना चाहते थे। फिर हमने खुद से सवाल किया, एसआरके को ऑन डिमांड परफॉर्मेंस की जरूरत क्यों है? और यहीं से स्टे अहेड का विचार आया। यह सिर्फ़ एक टेलीविजन विज्ञापन नहीं है, बल्कि एक पूर्ण विकसित कैंपेन है, जिसमें मज़ेदार टीज़र, शाहरुख की पहली इमेज गैलरी, रोमांचक चेज़ और हास्य शामिल है। यह विज्ञापन निश्चित रूप से उपभोक्ताओं से जुड़ाव बनाने में मदद करेगा।

अमीन लखानी, चीफ एक्जीतक्यूवटिव ऑफीसर, माइंडशेयर साउथ एशिया ने कहा, ''कैस्ट्रॉ ल एवं एसआरके दो ऐसे आइकॉनिक ब्रांड्स हैं जिनका आकर्षण आज भी बरकरार है और इनका अलग-अलग दर्शक वर्गों एवं क्षेत्रों में अपना आकर्षण है। हमें इस ब्लॉ कबस्टहर कैंपेन में योगदान करके बेहद गर्व हो रहा है।''

# रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स पहली बार 77 हजार के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज मुनाफावसूली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार ने खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स पहली बार 77 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, सिप्ला और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 3.65 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, एलटी माइंडट्री और विप्रो के शेयर 2.21 प्रतिशत से लेकर 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,236 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,651 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 585 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 242.05 अंक की मजबूती के साथ 76,935.41 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से ये सूचकांक करीब 400 अंक की मजबूती के साथ पहली बार 77 हजार अंक के स्तर को पार करते हुए 77,079.04 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में लाल निशान में गोता लगा दिया। बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 600 अंक से अधिक टूट कर




76,442.51 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में वापसी कर ली। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 15.58 अंक की बढ़त के साथ 76,706.94 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 29 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 23,319.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इस सूचकांक ने भी 120 अंक से अधिक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,411.90 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से करीब 180 अंक टूट कर लाल निशान में 23,233.05 अंक तक गिर गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद एक बार फिर खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने हरे निशान में वापसी कर ली।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एशिया में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में निराशा का माहौल बना रहा, जिसके कारण यहां के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,346.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.23 प्रतिशत टूट कर 17,133.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,767.87 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद बंद हुए।

एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत फिसल कर 8,245.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,001.80 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,557.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई दिल्ली में अपनी पहली कंपनी के स्वामित्व वाली टोयोटा यूज्ड कार आउटलेट (टीयूसीओ) सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** ग्राहक सबसे पहले के अपने दर्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए, टोयोटा. किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नई दिल्ली में अपनी पहली, कंपनी के स्वामित्व वाली टोयोटा यूज्ड कार आउटलेट (टीयूसीओ) का उद्घाटन किया। यह भारत में दूसरा है, जिसका ब्रांड नाम टोयोटा यू-ट्रस्ट है। ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुरक्षित यूज्ड (प्रयुक्त) कारें प्रदान करने के उद्देश्य से टोयोटा, यू-ट्रस्ट टोयोटा कारों की खरीद और बिक्री की प्रक्रिया के दौरान सुविधा, पारदर्शिता और मन की शांति प्रदान करता है।

इस नई सुविधा का विस्तार 15,000 वर्ग फीट में है, जिसमें 20 से अधिक टोयोटा प्रमाणित वाहनों को प्रदर्शित करने की जगह है। टोयोटा वाहनों की खरीद और बिक्री दोनों के लिए एक रिटेल टचपॉइंट के रूप में, टीयूसीओ में सभी कारें टोयोटा वैश्विक मानकों के आधार पर 203-बिंदु वाले व्यापक निरीक्षण से गुजरती हैं ताकि गुणवत्ता का स्तर निर्धारित किया जा सके। इसके लिए सेवा इतिहास की जांच सहित दस्तावेजों को भी परखा जाता है और उचित जांच के

बाद निरीक्षणों में कठोर सुरक्षा, संरचनात्मक कठोरता और प्रदर्शन जांच भी शामिल है। टोयोटा के लिए विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाली बारीक सफाई को दिखाने वाले सिग्नेचर 'मारू या एमएआरयू ' के साथ, टीयूसीओ व्यवसाय देश भर में टोयोटा ग्राहकों के लिए एक पारदर्शी और विश्वसनीय प्रयुक्त कार बाजार को बढ़ावा देने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इसके अलावा, टोयोटा यू-ट्रस्ट आउटलेट नए वाहन खरीदने जैसा माहौल और ग्राहक अनुभव को दोहराने का प्रयास करता है।

खरीदार उच्च गुणवत्ता वाले टोयोटा मॉडल की एक विस्तृत विविधता में से चुन सकते हैं, जहां पूर्ण पारदर्शिता, परेशानी मुक्त दस्तावेज़ीकरण और उचित प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण का आश्वासन रहता है। डिजिटल रूप से एकीकृत शोरूम समग्र वाहन इतिहास और मूल्यांकन प्रदान करके ग्राहक अनुभव को बढ़ाता है। इसके अलावा, ग्राहक अपनी कार का मूल्यांकन करें% विकल्प का चयन करके टोयोटा यू-ट्रस्ट वेबसाइट के माध्यम से अपने वाहनों का ऑनलाइन मूल्यांकन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बिक्री के बाद सेवा के प्रति सच्चे टोयोटा ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाते हुए, टीयूसीओ प्रमाणित प्रयुक्त कारों को देश भर में किसी भी टोयोटा सर्विस केंद्र पर 30,000 किमी या दो साल तक की वारंटी और तीन निःशुल्क सेवाओं के साथ समर्थित किया जाता है।

विक्रेताओं के लिए, टीयूसीओ बाजार में सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करता है तथा शांतिपूर्ण और परेशानी मुक्त बिक्री प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट श्री ताकाशी ताकामिया ने प्रयुक्त कार कारोबार पर कंपनी के बढ़ते फोकस के बारे में जानकारी देते हुए कहा, भारत में टोयोटा के समग्र व्यवसाय और विकास रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ प्रयुक्त कार व्यवसाय है, जो सभी के लिए गतिशीलता के हमारे दृष्टिकोण से भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इसलिए, नई दिल्ली में हमारे पहले प्रयुक्त कार आउटलेट के उद्घाटन के साथ टीयूसीओ का विस्तार गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण का उदाहरण है। सबसे बढ़कर, यह नया आउटलेट टोयोटा उत्पादों और हमारे बेंचमार्क सेवा अनुभव के समान मानकों को बनाए रखता है।

भारतीय प्रयुक्त कार बाजार में 8त्न की सीएजीआर से वृद्धि होने का अनुमान है और वर्तमान में यह नई कार के बाजार के आकार का 1.3 गुना है। ऐसे में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास क्षमता है। दिल्ली में टोयोटा कंपनी के स्वामित्व वाले आउटलेट का हमारा हाल ही में विस्तार हुआ है तथा प्रमुख स्थानों पर और अधिक आउटलेट खोलने की योजना है।

शहरों में की गई बिक्री टीकेएम की रणनीति को रेखांकित करती है, जिसके तहत हम अपने ग्राहकों के लिए निर्बाध, पारदर्शी और विश्वसनीय प्रयुक्त कार बाजार का निर्माण करते हैं, तथा गुणवत्ता और सुरक्षा-केंद्रित नवीनीकरण पर जोर देते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रोजेक्ट वाइस प्रेसिडेंट श्री अतुल सूद ने कहा, नई दिल्ली में टीयूसीओ सुविधा का उद्घाटन टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम प्रयुक्त कार बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। इसके जरिये, ग्राहकों को अपनी टोयोटा कारों को खरीदने और बेचने के लिए एक भरोसेमंद और पारदर्शी अनुभव प्रदान करते हैं, सभी मूल्यवर्धित सेवाओं के लिए एक छत समाधान के साथ। हर प्री-ओन्ड वाहन को हमारे अपने तकनीशियनों द्वारा हमारे विशेष केंद्रों पर टोयोटा के असली पुर्जों का उपयोग करके नवीनीकृत किया जाता है। वैश्विक टोयोटा मानकों के अनुसार एक व्यापक 203-बिंदु निरीक्षण किया जाता है, जो बेहतर गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है । यह प्रतिबद्धता टोयोटा की परेशानी मुक्त बिक्री के बाद सेवा समर्थन की गारंटी से और भी मजबूत होती है।

# प्रेम प्रसंग में युवक के घर में घुसकर गोली मारकर हत्या

अवधनामा ब्यूरो



घटना स्थल पर पहुंचे एसपी धवल जायसवाल



मृतक इसराफील की फाइल फोटो

युवक के मौत पर विलाप करते परिजन

- काफी दिनों से नाराज चल रहा था प्रेमिका का भाई
- कप्तानगंज कस्बे के वार्ड नंबर 13 का मामला

**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में प्रेमप्रसंग के चलते एक युवक की जान चली गई। कप्तानगंज वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर उत्तरीय रेलवे क्रासिंग के युवक के उसके घर घुसकर गोली मर दी गई। घटना रविवार की रात में करीब 12 बजे अंजाम दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में प्रेमप्रसंग बताया है। कप्तानगंज कस्बे के वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के उत्तरी छोर पर जमीर अंसारी का परिवार टिनसेट के घर में रहता है। जिसमें कुछ अज्ञात अपराधियों के द्वारा घर में घुसकर इसराफिल उर्फ जुगनू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों के मुताबिक रविवार को रात करीब 12 कस्बे के ही सन्नी शर्मा नाम का एक युवक अपने चार अन्य साथियों के साथ आया और घर का टाट (फुस की दीवार) तोड़ते हुए घर में घुसा और नींद में सो रहे इसराफिल को जगा कर उसका मोबाइल जबरदस्ती छीन लिया। उसके मोबाइल में कुछ छानबीन करने लगा और इसी दौरान मृतक के मां और बहन से कुछ कहा सुनी भी हो गई। आवेश में आकर सनी शर्मा ने अपने साथ लाई बंदूक से इसराफिल उर्फ जुगनू पर फायरिंग कर दिया। परिजनों और बंदूक की आवाज का शोर सुनकर जब तक लोग पहुंचे तब तक सभी आरोपी वहां से भाग गए थे। एंबुलेंस की मदद से इराफिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया गया पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया था। फायरिंग में हुई हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने भी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने कप्तानगंज थाना अध्यक्ष राजकुमार बरवार के नेतृत्व में अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम गठित करने व मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि मृतक इसराफिल प्राइवेट बिजली मैकेनिक का काम करता उसका परिवार में पिता और भाई बाहर रोजगार के लिए रहते है। इसराफिल रविवार की शाम में ही अपनी मां का गोरखपुर से इलाज करा कर लौटा था। वही हत्या आरोपी की बहन और मृतक इसराफिल उर्फ जुगनू के बीच प्रेम प्रसंग था। जिसको लेकर आरोपी काफी नाराज रहता। आरोपी ने मृतक को पहले समझाया भी था लेकिन लड़के की तरफ से बात नही बनी जबकि उसकी बहन से सारे रिश्ते तोड़ लिए। अभी तीन-चार दिन पहले भी मृतक और आरोपी दोनों के बीच कहासुनी व हाथापाई भी हुई थी। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना कप्तानगंज के कस्बा कप्तानगंज में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई है। थाना स्थानीय पर मामला सुसंगत धाराओं में दर्ज करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच से प्रकरण प्रथम दृष्ट्या प्रेम प्रसंग का पाया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी समेत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परतोष पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन



**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर रायबरेली राजमार्ग पर स्थित परतोष तिराहे के पास नवनिर्मित पुलिस चौकी परतोष का सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि मुंशीगंज थाने के लिए परतोष पुलिस चौकी जन आकांक्षाओं के लिए सुविधाजनक व फायदेमंद साबित होगी। इससे स्थानीय आमजन को सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में एसपी ने पौधरोपण भी किया। कार्यशैली और प्रतिबद्धता के लिए परतोष चौकी प्रभारी संजय सिंह की एसपी ने सराहना की। एएसपी हरेंद्र कुमार ने कहा यह पुलिस चौकी आमजन के सहयोग से बनी है। अब आसानी से शिकायतकर्ता यहां पहुंच कर अपनी समस्या का निदान करा सकेंगे। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी ने कहा कि थाने से गांवों की दूरी देखकर पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि परतोष के आसपास रहने वाले गांव के व्यक्तियों के लिए यह पुलिस चौकी सुविधाजनक साबित होगी। इस दौरान सीओ जगदीश कुमार मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह परतोष चौकी प्रभारी संजय सिंह निरीक्षक विवेक सिंह इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह इंस्पेक्टर अमर सिंह उपनिरीक्षक ओंकार सिंह महेंद्र सरोज हेड कांस्टेबल भोला मौर्य अब्दुल अजीज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अब राशन कार्ड के लाभार्थियों को कराना होगा ई-केवाईसी

अवधनामा ब्यूरो

- लाभार्थी अपने निकटतम उचित दर दुकानों से निःशुल्क करा सकते हैं ई केवाईसी

**कुशीनगर।** जिलापूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया की भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्र के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी राशनकार्ड लाभार्थियों के डाटाबेस में सीडेड आधार नम्बर का समुचित वैलिडेशन नहीं हो पाने के कारण पात्र/अपात्र लाभार्थियों की पहचान तथा आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न वितरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण ई-केवाईसी द्वारा किया जाना है।

आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुपालन में प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान माह जून, 2024 से चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए राशनकार्ड के समस्त सदस्यों का सहयोग नितान्त आवश्यक है। ई-केवाईसी अभियान के महत्वपूर्ण बिन्दु में राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते है। ई-के वाईसी हेतु लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाएगा। ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोडे जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाइल नम्बर फीड/संशोधित किया जा सकेगा। इस मोबाइल नम्बर पर कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन का विवरण एसएमएस द्वारा प्राप्त होगा। उक्त के अतिरिक्त यदि किसी राशनकार्ड में मुखिया से परिवारजन का सम्बन्ध गलत प्रदर्शित है, तो उसे भी सुधारा जा सकेगा। इस संशोधन का अधिकार भी केवल राशनकार्ड के मुखिया को होगा। अन्य सभी राशनकार्ड सदस्यो को मात्र ई-केवाईसी ही करना होगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी राशनकार्ड परिवार से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उचित दर दुकानों में पहुंचकर अपना ई-केवाईसी तत्काल पूर्ण करा लें। ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु उचित दर विक्रेताओं को कार्य की तकनीकी जानकारी तथा प्रशिक्षण क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से दिया जायेगा। उन्होंने जनपद के समस्त पूर्ति निरीक्षकों/क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए प्रतिदिन उचित दर दुकानवार ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए नियत समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी निगम कर्मियों का धरना जारी रहेगा : चंद्रशेखर



**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति जनपद इकाई कुशीनगर कर्मचारी पेंशन योजना 95 व अन्य मांगो को लेकर लगातार संघर्षरत है। सोमवार को निगम के सेवा निवृत कर्मीयों ने अपनी मांगो को लेकर रोडवेज बस स्टेशन कसया के प्रतीक्षा हॉल में राधा कृष्ण मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आहूत की और सरकार से अपनी मांगो को मनवाने के लिए आगे की नई रणनीति पर विचार विमर्श किए। इस दौरान मंडल समन्वयक चंद्रशेखर पाठक ने कहा कि जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होती राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सेवा निवृत निगम कर्मियों का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार का विरोध करते हुए कहा कि केंद्र में पुनः नई सरकार बनी है हम भी नई रणनीति के साथ सरकार का घेराव करेंगे और अपनी मांगो को मनवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। बैठक को मंडल सचिव बीपी मिश्रा, जिलाध्यक्ष कुशीनगर गोपाल प्रसाद, जिलाध्यक्ष देवरिया नसरुल्लाह अंसारी आदि ने भी अपने - अपने विचार रखें। बताते चले कि निगम के सेवा निवृत कर्मचारी 7500 व डीए, मेडिकल सुविधा और 95 के पहले सेवा निवृत कर्मचारियों के लिए पांच हजार रूपये प्रति माह करने की लगातार वर्षो से मांग कर रहें हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष कसया शफीक अहमद, मंत्री जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव, छेदी प्रसाद (जय गुरुदेव), रामवेलास यादव आदि सहित कॉफी संख्या में सेवानिवृत निगम कर्मी उपस्थित रहें।

## धम्मदेशना कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गौरीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के बबुरी टोला में बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ के समापन के बाद रविवार को धम्मदेशना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। भंते धम्मदीप और भंते प्रज्ञा मित्र ने धम्मोदेश दिए।त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम और भगवान बुद्ध की पूजा वंदना के बाद धम्मदेशना शुरू हुई। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के सचिव राम फल फौजी ने कहा कि बौद्ध धर्म तर्क और तथ्य के सिद्धांत पर आधारित है। अन्धविश्वास और अवैज्ञानिक मान्यताओं को यहां कोई स्थान नहीं। सामाजिक चिंतक संजीव भारती ने कहा कि भारतीय संविधान बहुजन समाज और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अमूल्य निधि है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की रक्षा और 22 प्रतिज्ञाओं के साथ भगवान बुद्ध की शरण में जाने के संदेश दिए थे। बौद्धाचार्य दयाराम ने कहा कि भारत में बौद्ध धर्म के पुनरूत्थान में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का महान योगदान है। राम चंद्र ने कहा कि बौद्ध धम्म वैज्ञानिक धम्म है।यह दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। धम्मदेशना कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया। आयोजक रामदुलारे बौद्ध ने भिक्षु संघ और बौद्धाचार्य समूह को चीवर और धम्म दान किया।इस मौके पर बौद्धाचार्य राम टहल राम प्रताप बौद्ध मिश्रीलाल गुरु प्रसाद राम अभिलाष हीरालाल राम चंद्र सरस श्याम कुमार डा नन्हे लाल किसुन पाल ललित कुमार हरिश्चंद्र कोरी त्रिभुवन दत्त राम प्रसाद सियाराम शीतला प्रसाद मास्टर श्याम लाल सूरज कुमार विनय कुमार शकुंतला बौद्ध राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## अवैध वसूली को लेकर ई-रिक्शा चालकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** ई-रिक्शा चालकों ने सोमवार को नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत के अधिकृत ठेकेदार पर अवैध वसूली का आरोप लगाकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन डीएम को ज्ञापन सौंपा हमसफर ई रिक्शा समिति के जिला अध्यक्ष दुर्गेश्वर विश्वकर्मा के अगुवाई में सोमवार को ई-रिक्शा से जुड़े वाहन चालक कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे जहां अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को सौंपा। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन में हमसफर ई-रिक्शा समिति के तरफ से जुडे वाहन चालको ने कहा कि पालिका के नाम पर कुछ लोग 20 रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। न देने पर मारपीट व ई-रिक्शा पर डंडा चलाने लगते हैं। इससे उनकी रोजी रोटी प्रभावित हो रही है। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, पप्पू प्रसाद, प्रमोद मौर्या, मुकेश चौरसिया, सत्येंद्र पासवान, रामजीत यादव, गोविंद कुमार, रामेश्वर शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व महासागर दिवस पर महासागर वीथिका का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** विश्व महासागर दिवस के अवसर पर इन्टैक उरई अध्याय तथा संस्कार भारती जालौन की प्राच्य विधा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय चूडी वाली गली स्थित श्रीमती सन्ध्या पुरवार के निवास पर एक महासागर वीथिका लगाई गई। इस वीथिका का शुभारम्भ डी0 वी0 डिग्री कालेज के पूर्व प्राचार्य तथा जीव विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा0 अनिल कुमार श्रीवास्तव ने श्री गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर डा0 श्रीवास्तव जी ने बतलाया कि सागर तो रत्नों की खान है। हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार भगवान श्री विष्णु के प्रथम तथा द्वितीय दोनों अवतारों को सागर का ही आश्रय प्राप्त हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि ऐरावत हस्तिनापुर, उच्छर्स्वा अश्व, कल्प वृक्ष, हलाहल विष तथा अमरत्व प्रदान करने वाला अमृत भी सागर की ही देन है। इसके साथ-साथ धन धान्य की देवी मॉ महालक्ष्मी का प्राकट्य भी सागर मन्थन से हुआ था। डा0 हरी मोहन पुरवार ने कहा कि सागर की उपादेयता का बोध कराने के लिये ही महासागर दिवस मनाया जाता है। इस वीथिका में समुद्री पाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के शंख, शैवाल, सीप, कौडियों के साथ समुद्री स्टार फिश, समुद्री घोडा, समुद्री वृक्ष, आदि का प्रदर्शन किया गया। इन सबके साथ विभिन्न प्रकार की मछलियों के चित्र से अंकित तमाम देशी विदेशी सिक्के और सागर यर लहराते हुये पानी के जहाजों के चित्र से युक्त अहमास, अल्बानिया, अरुबा, बहमास, कनाडा, केपवर्दी, कैलीडोनियां, कैलीफोर्निया, साइप्रस, कुक आईलैण्ड, पलाऊ, इजराइल, कुवैत, दुबई, कोरिया, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड अफ्रीका आदि देशों द्वारा जारी किये गये सिक्के भी प्रदर्शित किये गये।

वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्रीमती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के व्यक्तिगत संग्रह से प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि डा0 अनिल कुमार श्रीवास्तव जी को अंग वस्त्र पहनाकर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। महासागर वीथिका में इन्टैक सदस्या श्रीमती रश्मि पाटकर जालौन, संस्कार भारती जालौन की लोक विधा प्रमुख श्रीमती ऊषा सिंह निरंजन, श्रीमती प्रियन्का अग्रवाल, श्रीमती गीता चंदैय्या, श्रीमती शान्ती गुप्ता, नगल भाजपा अध्यक्ष आकाश गहरी, भारत विकास परिषद के श्री लखन लाल चंदैय्या, होम्योपैथी विशेषज्ञ डा0 राकेश गुप्ता, तथा संस्कार भारती के समर्पित सदस्य प्रदीप पाटकर आदि की विशेष उपस्थिति रही। अन्त में डा0 पुरवार ने सभी आगन्तुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस मौत के कारणों का पता लगाना शुरु कर दिया है।

सोमवार को पड़ौली निवासी रामनरेश यादव की पुत्रवधू सोनी यादव उम्र 25 वर्ष पत्नी अनुपम यादव उर्फ बबलू की लाश कमरे में मिली।

सूचना पर पहुंची पुलिस के अनुसार सोनी ने फांसी लगाकर जान दी है। जबकि परिवार के अन्य लोगों के अनुसार दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लड़की के पिता रमेश यादव निवासी बाल्मिकी नगर वार्ड नं 10 कसया, थाना कसया के मुताबिक सोनी की शादी पिछले साल दो मई 2023 को बबलू के साथ धूमधाम से हुई थी। अनुपम लखनऊ में नौकरी करता है। दो मई 2024 को शादी की पहली सालगिरह थी, लेकिन अनुपम लखनऊ में था और सोनी कसया में थी। जिसके चलते दोनों ने अपनी सालगिरह दो जून को पड़ौली में मनाई। परिवारीजन के अनुसार घर के लोग सुबह में काम-धंधे के लिए घर से बाहर गए थे। बबलू भी रविवार को ही लखनऊ चला गया था।सोनी घर में अकेली थी। दोपहर में जब घर के लोग लौटे तो सोनी को मृत पाया। अभी सोनी के दाह-संस्कार की तैयारी हो रही थी कि सोनी के पिता रमेश यादव भी आ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने लाश को पीएम के लिए भिजवाया और सोनी के पिता रमेश यादव के तहरीर पर मौत के कारणों का पता लगाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार बरवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा।

## राहुल और प्रियंका के धन्यवाद समारोह का स्थान हुआ परिवर्तित

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के अमेठी में 11 जून को होने वाले धन्यवाद समारोह के स्थान में बदलाव किया गया है। अब यह कार्यक्रम अमेठी के तिलोई विधान सभा क्षेत्र के हिमाचल का पुरवा की जगह रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में होगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमेठी प्रदीप सिंघल ने बताया कि मंगलवार 11 जून को अमेठी में फुरसतगंज के नजदीक हिमाचल का पुरवा में अपराह्न तीन बजे धन्यवाद समारोह आयोजित होना था मगर भीषण गर्मी को देखते हुए इसके स्थान में बदलाव किया गया है। अब यह समारोह रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित होगा। बताया कि इस कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

## शहीद सिपाही को नम आंखों से पुलिस लाइन परिसर में दी गई शोक श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** नम आंखों के साथ पुलिस लाइन शहीद स्मारक पर शहीद सिपाही को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद सिपाही के पार्थिव शरीर पर जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित किए। साथी पुलिस कर्मियों, कर्मचारियों व परिवार के लोगों ने सिपाही के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। थाना नवाबगंज क्षेत्र के चंदन नगला में खनन माफिया से लोहा लेते हुए सिपाही रोहित कुमार शहीद हो गया था। फतेहगढ़ पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर शाम को सिपाही रोहित कुमार का पार्थिव शरीर लाया गया। डीएम एसपी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। डीएम व एसपी ने शहीद सिपाही के पार्थिव शरीर को कंधा देकर विदाई दी। फतेहगढ़ पुलिस लाइन से गार्ड के साथ बिजनौर के लिए सिपाही का पार्थिव शरीर रवाना किया गया।

## भाकियू ने प्रशासन पर लगाये गम्भीर आरोप

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) नें कमलुद्दीनपुर में महापंचायत बुलाकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाये। भाकियू नें जिला प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए 11 सूत्रीय मांगो को लेकर उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। भाकियू टिकैत गुट के मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा व जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य के नेतृत्व में महापंचायत का आयोजन कमालुद्दीनपुर गाँव में किया गया। मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा नें बताया कि कमालुद्दीनपुर में कुड़ा दान रामनारायण पाण्डेय के घर के पास बनाया गया। जिसमे लेखपाल पर निलंबन की कार्यवाही के लिए एसडीएम से कहा लेकिन अभी तक आरोपी लेखपाल को निलंबित नही किया गया। बाद में भाकियू नें 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम रविन्द्र कुमार व थानाध्यक्ष रणविजय सिंह को सौंपा। अजय कटियार, हरिबक्श सिंह, संजय कुमार, गुड्डू यादव, संजीब सिंह, कमलेश शाक्य, अभय यादव, सुधीर कटियार काफी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सपा ने बकाया गन्ना मूल्य और बंद चीनी मिल को लेकर भरी हुंकार

### पूर्व मंत्री राधेश्याम की अगुवाई में सीएम से संबंधित डीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव में मिले नतीजों से उत्साहित सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बकाया गन्ना मूल्य व बंद पड़ी कप्तानगंज चीनी मिल को चलवाने को लेकर कलेक्ट्रेट पर हुंकार भरी।

सपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम उमेश मिश्र को सीएम योगी से संबोधित मांग पत्र सौंपा। पूर्व राज्यमंत्री व किसानों के लिए सदैव संघर्षशील रहने वाले जुझारू नेता राधेश्याम सिंह की अगुवाई में पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं ने जिले के गन्ना किसानों का बकाया 44 करोड़ गन्ना मूल्य व बंद पड़ी कप्तानगंज चीनी मिल को चलवाने को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही सीएम को संबोधित मांग पत्र डीएम कुशीनगर को सौंपा। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि किसान मजदूर बर्बादी के कगार पर है। ऐसी स्थिति में चीनी मिल का चलना अति आवश्यक है। बंद कप्तानगंज चीनी मिल पर मजदूरों का भी लगभग 9 करोड़ रूपया बकाया है। अगर यह दोनों राशि किसान व मजदूरों को मिल जाए तो निश्चित ही किसान, मजदूर को राहत मिलेगी।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि जब तक किसान मजदूर को उनको बकाया मूल्य व बंद चीनी मिल नही चलेगी उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# नए शासनादेश के खिलाफ प्रधानों में आक्रोश, प्रधान पहुंचे तहसील

**अनिश्चितकालीन धरने की दी चेतावनी**

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय, सुलतानपुर।** पंचायती राज विभाग के एक शासनादेश ने प्रधानों की मुश्किल बढ़ा दी है। शासनादेश में पंचायत सहायक को भुगतान की जिम्मेदारी सौंप दी गई हैं। जिससे प्रधानों में आक्रोश है। सोमवार को दर्जनों की संख्या में प्रधान तहसील बल्दीराय पहुंच गए। यहां पर सीएम को संबोधित एक ज्ञापन प्रधानों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उप जिलाधिकारी को सौंपा है।

शासनादेश में बदलाव न किए जाने की स्थिति में भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है।प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि बल्दीराय ब्लाक सभागार में बैठक कर पंचायती राज विभाग के शासनादेश का विरोध किया। इसके बाद बाद सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देने बल्दीराय तहसील पहुंच गए। एसडीएम ने प्रधानों का ज्ञापन लिया। प्रधानों का आरोप है।जिन पंचायत सहायकों को भुगतान के लिए अधिकृत किया जा रहा है वह संविदा पर नियुक्त है। जिनका कार्यकाल एक साल से तीन साल तक का ही है। ऐसे में भुगतान के लिए उन्हें अधिकृत किया जाना न्याय संगत नहीं है। जबकि, पहले भुगतान प्रधान व ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा किया जाता था।ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत से निर्वाचित तो सचिव सरकारी कर्मचारी होता है। दोनों महत्वपूर्ण व्यक्तियों के होते हुए ग्राम पंचायत के भुगतान में पंचायत सहायक जो कि संविदा पर एक नियत अवधि के लिए होता है, उसको शामिल करना प्रधानों के सम्मान को ठेस पहुंचाना है। साथ ही पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रधानों का हनन करना है। प्रधानों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि जारी शासनादेश बदला जाए, अन्यथा हम प्रधान सभी भुगतान पर रोक लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरने के लिए बाध्य होंगे, इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी, प्रधान मोहम्मद सम्मू, ऊधव प्रताप यादव, शाकिर अब्बास, देवेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह, मंजू, राम मनोरथ वर्मा, गोकरन शुक्ला, नीलम सिंह, मायादेवी, राजेश कुमार, हरिराम, रमेश कुमार, अमेरिका, अकबर अली, गुड़िया, निर्मला, अमीर अली, हुस्ना बानो, अकील अहमद, गुड़िया सिंह, रामरूप, सराफत अली, बजरंग सिंह, शिव सिंह, रिजवान अहमद, बिजेंद्र तिवारी उर्फ बहादुर, अमन सोनी, अर्जुन यादव, सुरेश प्रजापति आदि ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिले में स्त्री रोग विशेषज्ञों की अंतराष्ट्रीय संस्था फॉग्सी का गठन

**डॉ रेखा सिंह का अध्यक्ष एवं डॉ स्वाती सिंह का सचिव पद पर हुआ चयन**

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की देश की सबसे बड़ी संस्था फेडरेशन ऑफ़ गायनेकोलोजिस्ट सोसाइटीज ऑफ़ इंडिया फ़ॉग्सी के सुल्तानपुर चैप्टर का शुभारम्भ बीती रात को शहर के होटल गार्डन व्यू में प्रयागराज की विख्यात गायनेकोलॉजिस्ट डॉ वंदना बंसल द्वारा संपन्न हुआ। इस संस्था के गठन के फलस्वरूप अब अपने शहर वासियों को भी स्त्री एवं प्रसूति रोग की दिशा में अतिआधुनिकतम चिकित्सा एवं पुरे विश्व में चल रही रिसर्च का सीधे होगा लाभ। संस्था में उपाध्यक्ष के पद पर डॉ अलोक सिंह तथा डॉ तरन्नुम अख्तर, सहसचिव के पद पर डॉ आस्था त्रिपाठी तथा डॉ मिनाक्षी तिवारी, क्लीनिकल सेक्रेटरी के पद पर डॉ आनंद सिंह तथा जॉइंट क्लीनिकल सेक्रेटरी के पद पर डॉ संगीता श्रीवास्तव व डॉ आरती सेठ, ट्रेजरर व लाइब्रेरियन के पद पर डॉ शैलेन्द्र जायसवाल व डॉ श्वेता सिंह, केंद्र एवं राज्य कार्यकारी सदस्य के पद पर डॉ पुष्पलता राजपूत व डॉ अर्चना थेपरम्बिल तथा कार्यकारी सदस्य के पद पर डॉ प्रीती माथुर, डॉ सस्वी सिंह आदि बनाए गए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 11-06-2024 से 19-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 20-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**लालमनी सिंह**
**ग्राम प्रधान- जगदीशपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**ममता प्रजापति**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- जगदीशपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय त्रिलोकी, वि.ख. वक्शा, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 11-06-2024 से 15-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**बुनेला देवी**
**ग्राम प्रधान- सराय त्रिलोकी**
**वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

**महेश तिवारी**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- सराय त्रिलोकी**
**वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 11-06-2024 से 18-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**श्री रामधनी कनौजिया**
**ग्राम प्रधान- रसूलपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**आरती मौर्य**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- रसूलपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 11-06-2024 से 18-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सरिता यादव**
**ग्राम प्रधान- फरीदपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**ममता प्रजापति**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- फरीदपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# चुनाव खत्म होते ही गरजने लगा बुलडोजर

## अकबरपुर में तोड़े जा रहे मकान, हटाया जा रहा कब्जा, कागज दिखाकर गुहार लगाते रहे लोग

- लोग जगह जगह भीड़ में खड़े नाराज दिखे

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कुकरैल रिवर फ्रंट के दायरे में आए मकानों को सोमवार सुबह 7 बजे से तोड़े जाने का सिलसिला शुरू हो गया। इस कार्रवाई के दौरान परिवार बसंतकुंज में मिले नए घर के लिए अकबरनगर से पलायन करने भी लगे है। इस दौरान अकबरनगर का माहौल बहुत ही तनाव पूर्ण है। लोग जगह जगह भीड़ में खड़े नाराज दिख रहे। कागज दिखाकर लोग गुहार लगाते रहे जिसके कारण कुछ देर के लिए तोड़फोड़ रोक दी गई। इस अभियान की कमान लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी ने संभाल रखी। निर्माण तोड़ने के लिए रविवार रात को ही 10 जेसीबी व छह पोकलैंड अकबरनगर पहुंच गई हैं। एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पुलिस अफसरों के साथ गली-गली मार्च कर आवंटियों से बसंतकुंज में नए घरों का कब्जा लेने और अकबरनगर के पुराने घर खाली करने की अपील भी की है। उधर, एलडीए ने जिन परिवारों एक-एक और जिनको दो-दो मकान आवंटित किए हैं, उसका पूरा विवरण होर्डिंग्स के जरिये प्रदर्शित किया है। इसमें आवंटी के नाम सहित पूरा विवरण है। रविवार को अकबरनगर में पूरे दिन लाउडस्पीकर से परिवारों को मकान खाली करने के लिए अनाउंसमेंट किया गया। सोमवार से दो शिफ्ट में मकानों-दुकानों को तोड़ने का अभियान शुरू होगा। पहली शिफ्ट सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 से रात 8 बजे तक चलेगी। पहली शिफ्ट में संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह के साथ विशेष कार्याधिकारी शशिभूषण पाठक, अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता, उप सचिव माधवेश कुमार और दूसरी में अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता राजकुमार व विशेष कार्याधिकारी रोहित सिंह कार्रवाई करेंगे। इस दौरान सभी प्रवर्तन जोन के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे।

# पीएम मातृ वंदना योजना आईसीडीएस के हवाले, दिशा-निर्देश जारी

अवधनामा ब्यूरो

- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इससे पहले हो रही थी संचालित
- योजना महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और अस्पताल जाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे माँ और बच्चे की स्वास्थ्य में सुधार हो सके

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के महिला कल्याण व बाल विकास एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग के पास हस्तांतरित होने के बाद विभाग की निदेशक ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले पीएमएमवीवाई का संचालन चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा था। यूपी के अलावा अन्य प्रदेशों में इस योजना का संचालन आईसीडीएस विभाग की कर रहा है।

प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को जारी पत्र में निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने कहा है कि इस योजना का लाभ पात्र महिला को पहले दो जीवित बच्चों के लिए प्रदान किया जाएगा। बशर्ते दूसरी संतान बालिका हो। केंद्र सरकार/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन कार्यरत नियमित रोजगार पाने वाली गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा वह महिलाएं जो किसी भी कानून के अंतर्गत समान प्रकार का लाभ प्राप्त कर रही हैं, इस योजना के लिए पात्रता की श्रेणी में नहीं आएंगी।

यह योजना महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और अस्पताल जाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे माँ और बच्चे की स्वस्थता में सुधार हो सके। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के बाद की सहायता और उनकी बच्चे की देखभाल के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ती है और गरीबी के कारण होने वाली मृत्यु दर में कमी आ सकती है। इस योजना के माध्यम से हर गर्भवती महिला और उनके शिशु को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों, जिससे मातृत्व स्वास्थ्य में सुधार हो, नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम हो और गरीब श्रमिकों को आर्थिक सहायता मिले।

निदेशक ने बताया कि योजना के अंतर्गत पहले बच्चे के जन्म पर पांच हजार रुपए और दूसरे बच्चे के जन्म पर छह हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। गर्भपात/ मृत जन्म की दशा में लाभार्थी को भविष्य में गर्भावस्था की स्थिति में नए लाभार्थी के रूप में माना जाएगा।

# हिन्दुस्तान में पैग़ामे मोहब्बत लेकर आया हूँ: अल्लामा शहंशाह हुसैन नक़वी

- मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अशफ़ाक की मजलिसे देसा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष रहे मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर व मौलाना मिर्जा मोहम्मद की बरसी की मजलिस का आयोजन हुसैनाबाद स्थित बड़ा इमामबाड़े में किया गया। मजलिस को पाकिस्तान से आये आलमी शोहरतयाफता आलिम व खतीब हुज्जतुल इस्लाम अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी ने खिताब किया। मजलिस का आगाज तिलावते कलामे पाक से कारी नदीम नजफी ने किया। इसके बाद शायर ए अहलेबैत एजाज जैदी, प्रोफ़ेसर अजीज हैदर बनारस, मीर नजीर बाकरी ने बारगाहे इमामत में नजरानए अक़ीदत पेश किया। आयतुल्लाह उलउजमा शेख बशीर हुसैन नजफी के आये पैगाम को मौलाना जामिन जाफरी ने पढ़ा। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना शहंशाह हुसैन नकवी ने कहा कि मैं हिन्दुस्तान में अमन, प्यार और भाईचारे का पैगाम लेकर आया हूँ। उन्होंने कहा कि न कोई सुन्नी दहशतगर्द है न शिया दहशतगर्द है और न ही कोई हिन्दू दहशतगर्द है। दहशतगर्द इंसानियत का दुश्मन होता है उसका मजहब नहीं होता। मौलाना ने कहा मैं उस तरफ से इस तरफ मोहब्बत का सफीर बनकर आया हूं। मौलाना ने कहा कि नौजवानों को ज़्यादा से ज्यादा तालीम हासिल करना चाहिये। यही उनके मुस्तकबिल को बेहतर बनायेगी। इससे पहके मौलाना एजाज अतहर ने खानवादए खतीबे अकबर की ओर से मजलिस में शिरकत करने वालों, उलमा, खुतबा, शोअरा, मातमी अंजुमनों व क़ौमी इदारों का शुक्रिया अदा किया। मजलिस का संचालन करते हुए मौलाना यासूब अब्बास ने हुकूमत हिन्दुस्तान, हुकूमत उत्तर प्रदेश, कमिश्नर पुलिस, ज़िला इंतिज़ामिया, लखनऊ, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, नगर निगम, हुसैनाबाद ट्रस्ट का शुक्रिया अदा किया।

## 35.27 लाख रुपए प्रशमन शुल्क प्राप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में माह मई 2024 में कुल 119540 बार जांच की गई एवं 35.27 लाख रुपए प्रशमन शुल्क वसूला गया। 4632 प्रकरणों में प्रकरणों में 5471 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए एवं 140800 बिना बुकभार पकड़ा गया। यह जानकारी प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर गठित जांच दलों द्वारा उक्त जांच की गई। उन्होंने कहा कि राजस्व प्राप्ति एवं अनाधिकृत संचालन के खिलाफ करवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन दल द्वारा समय-समय पर जांच की जाती है। अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर गठित जांच दल द्वारा 27674 बार बसों की जांच की गई एवं 2254 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए एवं 60700 बिना बुकभार पकड़ा गया। इसी प्रकार क्षेत्रीय दल द्वारा गठित जांच दल द्वारा 91866 बार बसों की जांच में 3217 यात्री बिना टिकट एवं 80100 बिना बुकभार पकड़ा गया। अशोक कुमार ने बताया कि 13520 चालकों/परिचालकों का मार्ग पर चेकिंग के समय अल्कोहल टेस्ट भी किया गया।

# ईदुल अज़हा को लेकर सौंपा ज्ञापन

- डीजी लॉ एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश से की मुलाकात

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ईदुल अजहा के त्योहार से पहले इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीजी लॉ एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश से मुलाकात की। पुलिस मुख्यालय में एडीजी एलओ से हुई मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ईदुल अजहा को लेकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें विभिन्न मांगें की गयी हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने एडीजी को बताया कि ईदुल अजहा बकरीद का त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में लखनऊ स्थित ऐशबाग ईदगाह सहित प्रदेश की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में ईदुल अजहा की नमाज के वक्त उचित सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की। इसी के साथ कहा कि कुर्बानी मुसलमानों का धार्मिक कर्तव्य है। इसमें लोग नमाज अदा करने के बाद अपने घरों या बड़े मैदानों में कुर्बानी करते और कराते हैं। इस मौके पर किसी तरह की बाधा उत्पन्न न होने दी जाए। जिन जगहों पर किसान जानवर बेचने के लिए जमा होते हैं वहां भी उचित सुरक्षा व्यवस्था कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आम तौर पर किसान गांव में साल भर जानवर पालते हैं और ईदुल अजहा के मौके पर शहरों में लाकर उन्हें बेचते हैं। इसी से उनका साल भर का खर्च चलता है। इनमें वह जानवर होते हैं जिन पर कानूनी तौर पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। ऐसे में जानवरों की आवाजाही में किसी तरह की परेशानी का सामना न हो और कोई अप्रिय घटना न हो इसके भी उचित प्रबंध किये जाएं। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उम्मीद है कि हमारी इन मांगों को पूरा किया जाएगा। एडीजी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर अमल कराया जाएगा। कानून पर अमल हमारी प्राथमिकता है, किसी को भी कानून के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी, मौलाना मोहम्मद मुश्ताक, मौलाना मोहम्मद सुफियान और मोहम्मद कलीम खां शामिल थे।

### ईदुल अजहा पर हेल्पलाइन जारी

**लखनऊ।** कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से करें। इसमें पहला हिस्सा गरीबों, दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और तीसरा हिस्सा अपने लिए रखना चाहिए। यह बात दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल की ओर से संचालित ईदुल अजहा हेल्पलाइन पर एक कॉलर के सवाल के जवाब में उलमा के पैनल ने कही। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 पर पूछे जा सकते हैं। एक कॉलर ने पूछा कि क्या कुर्बानी अपने घर पर करना जरूरी है तो उलमा ने बताया कि बेहतर है कि कुर्बानी अपने घर पर करें अगर दूसरी जगह भी कर दें तो कोई हर्ज नहीं है। एक कॉलर ने पूछा कि क्या कुर्बानी करने वाले कुर्बानी का गोश्त खाना जरूरी है जिस पर उलमा ने बताया कि जरूरी नहीं है लेकिन बेहतर है कि खाए। एक अन्य कॉलर ने पूछा कि कुर्बानी किस वक्त तक की जा सकती है, जिस पर उलमा ने बताया कि 10 जिलहिज्ज से लेकर 12 जिलहिज्ज को सूरज डूबने से पहले तक कुर्बानी की जा सकती है। एक कॉलर ने पूछा कि अगर कुर्बानी के जानवर की चर्बी से साबुन बनाया जाए तो कैसा है। इस पर उलमा ने बताया कि कुर्बानी के जानवर की चर्बी से बना साबुन जायज है।

# जेईई में सैय्यद मोहम्मद अली ने शानदार सफलता हासिल की

- पुत्र की इस उपलब्धि से पूरा परिवार उत्साहित: पिता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई में सैय्यद मोहम्मद अली ने शानदार सफलता हासिल की है। सैय्यद मोहम्मद अली ने जेईई एडवांस में आल इंडिया रैंक 496 हासिल की तो उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। सैय्यद मोहम्मद अली अम्बेडकर नगर के जलालपुर तहसील के मछलीगांव के निवासी हैं। उनके पिता इज्तिबा हुसैन उर्फ जैगम यूएई के एक बैंक में वरिष्ठ अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। इज्तिबा हुसैन ने कहा कि पुत्र की इस उपलब्धि से पूरा परिवार बहुत उत्साहित है। मेहनत के साथ पढ़ाई का नजीता आज सबके सामने है। सैय्यद मोहम्मद अली राजधानी लखनऊ में एक कोचिंग संस्थान से तैयारी कर रहे थे। इज्तिबा हुसैन का परिवार राजधानी के हरदोई रोड स्थित सरफराजगंज में रहता है। सैय्यद मोहम्मद अली के जेईई एडवांस में 496 रैंक हासिल करने की जानकारी होते ही रिश्तेदारों और जानने वालों ने उनके घर पहुंच कर मुबारकबाद दी। रिश्तेदारों और जानने वालों ने सैय्यद अली का मुंह मीठा कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# जेनरेटिव एआई पर हैकाथॉन का शुभारंभ किया

## शीर्ष तीन विजेताओं को सम्मिलित रूप से 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GenAI) पर राष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन हैकाथॉन के शुभारंभ की घोषणा की है। बैंक द्वारा निर्धारित विशिष्ट व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए समाधान तैयार करने के संबंध में प्रतिभागियों को GenAI टेक्नोलॉजी के उपयोग द्वारा इनोवेटिव सॉल्यूशंस विकसित करने हेतु प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान अर्जित करने वाली तीन टीमों को 5 लाख रुपये, 3 लाख रुपये और 2 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही बैंक हैकाथॉन के दौरान सामने आने वाले सबसे सर्वोत्तम अवधारणा को अमल में लाने पर विचार करेगा। दो महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में व्यक्ति अकेले और टीम के साथ भाग ले सकते हैं, जिसमें डेवलपर्स, छात्र, प्रोफेशनल लोग, स्टार्ट-अप और फिनटेक शामिल हैं और इसमें नए विचारों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ प्रोटोटाइप विकसित करने पर ध्यान दिया जाएगा। बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 6 क्षेत्रों÷यानी ग्राहक सेवा, वित्तीय सलाह, लेखा-परीक्षण एवं अनुपालन, जोखिम प्रबंधन, परिचालन दक्षता और वैयक्तिकृत कंटेंट्स के निर्माण में नवोन्मेषी समाधानों को तलाशना है। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री संजय मुदालियर ने कहा ÷बैंक ऑफ़ बड़ौदा नवोन्मेषिता के क्षेत्र में अग्रणी बने रहने के अपने संकल्प पर कायम है। बैंकिंग उद्योग का बड़ी तेजी से विकास हो रहा है, ऐसे में जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आगमन ने इसके दायरे को और बढ़ा दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खास तौर पर जेनरेटिव एआई की बात की जाए, तो इसमें बैंकिंग के प्रति हमारे दृष्टिकोण को बदलने की असीमित संभावनाएं हैं, जो बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने, परिचालन प्रक्रिया को व्यवस्थित करने और कार्य-क्षमता बढ़ाने के नए तरीके पेश करता है। हमें विश्वास है कि हम अपनी तरह की आधुनिक सोच रखने वाले इनोवेटर्स के साथ मिलकर बदलाव लाने वाले ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिससे बैंकिंग के मायने बदल जाएंगे और यह पहले से अधिक बेहतर हो जाएगा। हमें इस पहल में माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी करके भी खुशी हो रही है। प्रतिभागी https://bobhac kathon.com पर जाकर हैकाथॉन में सहभागिता कर सकते हैं। प्रतिभागी अधिकतम चार लोगों की टीम बनाकर इसमें भाग ले सकते हैं। व्यक्ति अकेले और टीम के साथ हैकाथॉन के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और अपने विचार 10 जून, 2024 से 30 जून, 2024 (दोनों तारीख शामिल है) तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इनमें से चुनी गई टीमों को एक प्रोटोटाइप विकसित करने हेतु अनुरोध किया जाएगा और इसी के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा। चुनी गई टीमों को एज़्योर क्रेडिट और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही माइक्रोसॉफ्ट तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के विषय-विशेषज्ञों की ओर से उनके लिए परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# अब कश्मीर के साथ जम्मू क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं: अजय राय

- आतंकी हमलों को रोकने में पूरी तरफ विफल साबित हुई केन्द्र सरकार
- हमले में घायल श्रद्धालुओं के जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकी घटना में मारे गये श्रद्धालुओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आतंकियों की इस कायरतापूर्ण घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जम्मू संभाग में हुई आतंकी घटना से एक बात तो स्पष्ट है कि अब कश्मीर के साथ जम्मू क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं रह गया है। केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने और आतंकी हमलों को रोकने में पूरी तरफ विफल साबित हुई है। श्री राय सोमवार को शहीद स्मारक पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। श्री राय सहित अन्य कांग्रेसियों ने शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जला कर आतंकी हमले में मारे गये श्रद्धालुओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही हमले में घायल श्रद्धालुओं के जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना ईश्वर से की। श्री राय ने कहा कि मोदी सरकार खुद ही अपनी पीठ थपथपा कर खुद को खुश करती है। यही काम इन्होंने जम्मू-कश्मीर में भी किया। मोदी जी लगातार कहते रहे कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का सफाया हो चुका है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पिछले 10 सालों में आतंकी घटनाएं घटने के बजाए बढ़ गयी हैं।

# अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से सुसज्जित होगी गंगा एक्सप्रेसवे

अवधनामा ब्यूरो



- यूपीडा ने ईटीएच-स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से सुसज्जित कर यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) एवं विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक ETH- स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ज्यूरिख तथा आरटीडीटी लेबोरेटरीज एजी (ETH की स्पिन-ऑफ कंपनी) के मध्य 8 जून 2024 को दो MoU (सहमति पत्र) हस्ताक्षरित किये गए। इस अवसर पर श्री मनोज कुमार सिंह कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, चेयरमैन /मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा एवं अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश ने कहा कि, मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण बेहतर कार्य कर रहा है । उत्तर प्रदेश सरकार एवं श्र्ज्ञा ज्यूरिख के मध्य हुआ यह MoU समझौता उसी प्रयास का एक हिस्सा है । ETH ज्यूरिख और आरटीडीटी लेबोरेटरीज एजी के साथ हुए इन समझौतों के तहत किया जाने वाला काम आगामी गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता तथा मार्गो को बेहतर बनाने व अन्य सुविधाओं के आकलन में गेम चेंजर साबित होगा। विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक ETH ज्यूरिख (आरटीडीटी लेबोरेटरीज एजी) एक्सप्रेसवेज की गुणवत्ता की पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई करने में यूपीडा का सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि, इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के उपरांत हम इस तकनीक को उत्तर प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवेज पर लागू करने की योजना बना रहे हैं, जिससे इन एक्सप्रेसवेज का उपयोग करने वाले लाखों उपभोक्ताओं को लाभ होगा। ETH ज्यूरिख के स्ट्रक्चरल मैकेनिक्स की अध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. एलेनी चैट्ज़ी ने कहा कि, ÷हमें उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के साथ सहभागिता करके खुशी हो रही है। हम हमेशा नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण वितरण पर जोर देते हैं और हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि उत्तर प्रदेश अपने एक्सप्रेसवे में इस तकनीक को लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। हम यह आशा करते हैं कि इस सहयोग से समग्र उद्देश्यों को संतोषजनक ढंग से पूरा किया जा सकेगा। जनवरी 2024 में दावोस, स्वीट्जरलैंड में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सफीरे हुसैन का मातम आज से, 15 को करायी जाएगी ताबूत की जियारत

**लखनऊ।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के सफीर (दूत) हजरत मुस्लिम बिन अकील अलैहिस्सलाम की शहादत के सिलसिले में दरगाह हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम रूस्तम नगर में सफीर-ए-हुसैन का मातम शीर्षक से 5 मजलिसों का आयोजन 11 से 15 जून तक होगा। जिसकी तैयारियां मुकम्मल हो गयी हैं। पहली व दूसरी मजलिस को मौलाना वसी हसन खां, तीसरी मौलाना अजादार हुसैन, चौथी मौलाना गुलजार जाफरी और अंतिम मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद हजरत मुस्लिम अलैहिस्सलाम का ताबूत उठाया जायेगा। इस दौरान शहर की तमाम अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करती हुई ताबूत को शबीह-ए-नजफ ले जायेंगी।

# आज से 15 जून तक सभी विधानसभा में धन्यवाद यात्रा निकालेगा इंडिया गठबंधन

- 2027 के विधानसभा चुनाव में जनसमर्थन की अपील करेंगे कांग्रेसी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले अपार जनसमर्थन के बाद केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 11 से 15 जून तक प्रदेश की सभी विधानसभा में धन्यवाद यात्रा आयोजित की जाएगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने बताया कि लखनऊ की विधानसभा क्षेत्रों कैण्ट में 13 जून, उत्तर में 14 जून और मध्य विधानसभा में 15 जून को धन्यवाद यात्रा आयोजित की जाएगी। धन्यवाद यात्रा कार्यक्रमों में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता भी शामिल होंगे। वहीं शहर अध्यक्ष दक्षिणी क्षेत्र डॉ. शहजाद आलम ने बताया कि लखनऊ पूर्वी में 13 जून, लखनऊ पश्चिम में 14 और सरोजनी नगर विधानसभा में 15 जून को धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय ने बताया कि पूरे प्रदेश में धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। धन्यवाद यात्रा में कांग्रेसी जनता के बीच जाकर लोकसभा चुनाव में मिले अपार जनसमर्थन का धन्यवाद देंगे और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जनसमर्थन की अपील करेंगे। इस मौके पर मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, पंडित नितिन शर्मा, आर.बी. सिंह एडवोकेट, संजय श्रीवास्तव, अय्यूब सिद्दीकी, रईस अहमद, अमन यादव, अजय वर्मा, मोहम्मद इरशाद, लुकमान सिद्दीकी, नईम अहमद सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

रायबरेली में धन्यवाद सभा आज, शामिल होंगे राहुल-प्रियंका प्रदेश कांग्रेस की ओर से हर विधानसभा में शुरू हो रही धन्यवाद यात्रा में मंगलवार को रायबरेली में होने वाली धन्यवाद यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल होंगी। रायबरेली के भुएमऊ में शाम 5 बजे होने वाली धन्यवाद यात्रा को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सम्बोधित कर रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार व्यक्त करेंगे। कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय भी धन्यवाद सभा में शामिल होंगे।